CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAFL1 User: cci Time: 01-31-2026 23:56 Color:

WATCH GO
NBT
संडे नवभ

बंगाल आग हादसे पर शाह ने TMC को घेरा

▸p10

महाराष्ट्र की डिप्टी सीएम बनीं सुनेत्रा पवार

सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वित्त विभाग अपने ही पास रखा है

■ **NBT रिपोर्ट, मुंबई:** अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार शनिवार को महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बन गईं। प्लेन क्रैश में अजित पवार के निधन के बाद पद संभाला। सुनेत्रा पवार को राज्य उत्पादन शुल्क, खेल-युवा कल्याण और अल्पसंख्यक विकास-औकाफ विभाग दिए गए हैं। वहीं सीएम देवेंद्र फडणवीस ने वित्त विभाग अपने ही पास रखा है। उपमुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से पहले सुनेत्रा पवार ने अपनी राज्यसभा सदस्यता से त्यागपत्र दे दिया है। ▸▸पेज 10

Sanjay Hadkar

राज्यपाल ने दिलाई शपथ | पेंटिंग, संगीत और खेती में दिलचस्पी रखती हैं सुनेत्रा | कॉमर्स में बैचलर्स सुनेत्रा पवार राजनीति, सामाजिक उद्यमी हैं

मुझसे कोई राय नहीं ली गई: शरद पवार

सुनेत्रा पवार के डिप्टी सीएम बनाए जाने के बारे में शरद पवार ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी समाचार पत्रों से मिली है। उनकी और सुनेत्रा पवार की पार्टियां अलग हैं। यह उनकी पार्टी का आंतरिक फैसला होगा। उन्होंने साफ कहा कि इस बारे में उनसे कोई राय नहीं ली गई।

संडे स्पेशल

जस्ट जिंदगी
■ आज फिटनेस पर ध्यान से कल सेविंग — पेज 12

सेहतनामा
■ जल्दी खाने वाले हेल्दी ब्रेकफास्ट — पेज 14
स्पेशल स्टोरी — पेज 14

■ हजबेंडे हैवैस दिखने में क्या दिक्कत?

दिल्ली में सफर आसान बनाने की कवायद

मेट्रो लाइफ होगी फास्ट ट्रैक पर

ट्रिपल इंटरचेंज हब बन जाएगा दिल्ली एयरोसिटी मेट्रो स्टेशन

दिल्ली में सफर तेज, सुरक्षित और सुविधाजनक होने जा रहा है। एयरोसिटी मेट्रो स्टेशन को ट्रिपल इंटरचेंज ट्रांजिट हब के रूप में डिवेलप किया जा रहा है। दूसरी तरफ 8 नए FOB बनाने को मंजूरी मिली। आनंद विहार बस अड्डे से अतिक्रमण हटाया गया है। बारापूला फ्लाईओवर में देरी पर FIR दर्ज की गई है।

आठ नए FOB बनाने की मंजूरी

दिल्ली सरकार ने दुर्घटना संभावित इलाकों में 8 फुट ओवरब्रिज (FOB) बनाने का फैसला किया है। इन FOB में मधुबन चौक विकास मार्ग-पटपड़गंज रोड, वेलकम कट जैदी रोड, शाहबाद डेयरी बादली-बवाना रोड, जनकपुरी ब्लॉक A-2 और जीवन पार्क बस स्टैंड के पास शामिल है।

एयरोसिटी स्टेशन होगा सुपर जंक्शन

एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन का एयरोसिटी स्टेशन एक बड़ा ट्रांजिट हब बन जाएगा। डीएमआरसी ने शनिवार को बताया कि यह लाइन तुगलकाबाद से एयरोसिटी तक करीब 23.62 किमी. लंबी होगी, 13 स्टेशन होंगे। एयरोसिटी स्टेशन एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर है, मेलन लाइन से जुड़ेगा, बाद में नमो भारत से भी।

आनंद विहार बस अड्डा किया साफ

दिल्ली हाई कोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद एमसीडी ने शनिवार की सुबह आनंद विहार बस अड्डे और रेलवे स्टेशन के आस-पास से बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाया। करीब 300 रेहड़ी-पटरियां हटाई गईं। कार्रवाई करने से पहले 29 और 30 जनवरी को सभी होकर्स को नोटिस दे दिए गए थे कि वे अपनी दुकानें हटा लें।

फ्लाईओवर में देरी होने पर FIR दर्ज

बारापूला फ्लाईओवर के फेज-3 प्रोजेक्ट के कंस्ट्रक्शन में काफी ज्यादा देरी और लागत की रकम में भारी बढ़ोतरी होने पर एंटी करप्शन ब्यूरो (ACB) ने FIR दर्ज की। ये कॉरिडोर सराय काले खां में मौजूदा बारापूला फ्लाईओवर से जोड़ा जाना है।

बैड डॉक्टर/गुड डॉक्टर

Q जब कोई शख्स थिकन पॉक्स के लक्षणो के साथ किसी डॉक्टर के पास जाता है तो...

बैड डॉक्टर: आपको थिकन पॉक्स हुआ है। यह बहुत खतरनाक है। अगर देर हो गई तो स्किन पर निशान रह जाएंगे। एक पावरफुल एंटिबायोटिक दवा मैं लिख रहा हूं, इसे हर दिन लें। नहाना तो हरगिज नहीं है।

गुड डॉक्टर: यह एक तरह का इन्फेक्शन है। अब बुखार, खुजली और दूसरे इन्फेक्शन से बचना है। कुछ सामान्य दवाएं लेनी होंगी। हर दिन नहाएं। खुद को घर में अलग रखने की कोशिश करें। मुमकिन हो तो अलग बाथरूम यूज करें।

-डॉ. अंशुल वार्ष्णेय, सीनियर कंसल्टेंट, फिजिशन

ईशान का 'शतकीय धमाका'

■ **ईशान किशन** ने शनिवार को अपने T20 इंटरनैशनल करियर का पहला शतक जड़ा। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के पांचवें T20 में 42 गेंदों पर सैकड़ा पूरा किया। पारी में 10 छक्के और 6 चौके लगाए। भारत ने न्यूजीलैंड को 46 रन से हराकर सीरीज 4-1 से जीत ली। ▸▸पेज 15

ईशान किशन

पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता

AFP

एलेना रिबाकिना

कजाकिस्तान की एलेना रिबाकिना ने पहला ऑस्ट्रेलियन ओपन जीता।

टेनिस खिलाड़ी का यह दूसरा बड़ा खिताब है। उन्होंने 2022 में विंबलडन जीता था।

एलेना ने अरिना सबालेंका को हराकर यह खिताब अपने नाम किया।

रिपोर्ट की खारिज

एपस्टीन फाइल्स में PM का जिक्र बकवास: MEA

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली:** भारत सरकार ने उन रिपोर्टों को खारिज किया है, जिनमें अमेरिकी न्याय विभाग की ओर से जारी की गई एपस्टीन फाइल्स में **पीएम मोदी** के जिक्र का दावा किया गया है।

विदेश मंत्रालय (MEA) के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि हमने तथाकथित एपस्टीन फाइल्स में पीएम मोदी और उनकी इस्राइल यात्रा से जुड़ा उल्लेख देखा है। जुलाई 2017 में पीएम की इस्राइल की आधिकारिक यात्रा के अलावा, ईमेल में बाकी बातें एक मात्र पाए गए अपराधी के घटिया विचारों की जुगाली से अधिक कुछ नहीं, जिन्हें सख्ती से खारिज किया जाना चाहिए। ▸▸पेज 16

विस्फोटक बरामद बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी से जुड़े विद्रोहियों ने 11 लोगों की हत्या की

पाकिस्तान में 12 जगहों पर हमला, 10 सैनिकों की मौत, 70 विद्रोही ढेर

■ **पीटीआई, कराची**

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने बड़े पैमाने पर चलाए गए ऑपरेशनों में करीब 70 विद्रोहियों को मार गिराया है, जबकि 10 सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। हमले 12 जगहों पर हुए, जहां विद्रोहियों ने पुलिस, फ्रंटियर कॉर्प्स और आम नागरिकों को निशाना बनाया। बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (BLA) से जुड़े लड़ाकों द्वारा एक ही परिवार के पांच लोग समेत 11 लोगों की हत्या की गई। अधिकारियों के अनुसार कई जगहों पर विस्फोटक भी लगाए गए थे, जिन्हें बम निरोधक दस्तों ने निष्क्रिय किया। मारे गए विद्रोहियों की पहचान की प्रक्रिया जारी है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि ऑपरेशन जारी है।

AFP

'रेलवे ट्रैक पर भी लगे थे विस्फोटक'

पाकिस्तान के गृह मंत्री ने कहा कि सुरक्षा बलों ने सभी विद्रोहियों के हमले नाकाम किए। नसीराबाद में रेलवे ट्रैक पर लगाए विस्फोटक निष्क्रिय किए गए। हाल के वर्षों में बलूचिस्तान में ऐसे हिंसा में तेज बढ़ोतरी दर्ज की गई है। सुरक्षा विश्लेषणों के अनुसार, मौतों का आंकड़ा पिछले वर्ष की तुलना में करीब 22% बढ़ा है। ▸▸पेज 16

हैपी मॉर्निंग

टीचर ने सवाल पूछा फैलेज किसे कहते हैं?
स्टूडेंट ने पूरा पेपर खाली छोड़ दिया और आखिरी पेज पर लिखा- अगर हिम्मत है तो पास करके दिखाओ।

NBT का नया अभियान

NBT जवाब हम लेंगे

सड़क पर गड्ढे हैं, नाले खुले हैं तो फोटो भेजें, अधिकारियों से जवाब हम मांगेंगे...

देखें पेज 9

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH08 User: devid.sharma@timesofindia.com Time: 01-31-2026 23:18 Color:

'पब्लिक की भागीदारी से सुरक्षित होगा नरेला'

NBT सुरक्षा कवच सभा में उठा जाम, स्नैचिंग और अतिक्रमण का मुद्दा, DCP ने दिया तुरंत ऐक्शन का भरोसा

Photos : Surender Kumar

सीधे पुलिस अफसरों से सवाल: नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना परिसर में शुक्रवार को NBT सुरक्षा कवच समारोह का आयोजन हुआ। इसमें बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। लोगों ने डीसीपी और अन्य पुलिस अफसरों के साथ संवाद में इलाके से जुड़ी कई समस्याएं रखीं। आउटर नॉर्थ जिले के डीसीपी हरेश्वर वी. स्वामी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि क्राइम कंट्रोल करने के लिए लगातार आपराधियों की धरपकड़ जारी है

■ कृष्णा कुशाल सिंह, नई दिल्ली

नरेला इंडस्ट्रियल एरिया के लोग क्राइम के खिलाफ पुलिस की ओर से लगातार चल रहे एक्शन से काफी संतुष्ट हैं। हालांकि, कभी कभार स्नैचिंग और शराब तस्करी बड़ी समस्या बन जाती है। यहां के लोगों के लिए सबसे बड़ी समस्या जाम है। शुक्रवार को नरेला इंडस्ट्रियल एरिया थाना परिसर में हुए NBT सुरक्षा कवच समारोह के दौरान लोगों ने डीसीपी व अन्य पुलिस अफसरों के साथ संवाद में कई समस्याएं रखीं। इस दौरान आउटर नॉर्थ जिले के डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी ने लोगों को भरोसा दिलाया कि आपराधियों की लगातार धरपकड़ की जा रही है। ट्रैफिक जाम के समाधान के लिए लगातार RWA और अन्य एनोसियेशंस के साथ मिलकर काम किया जा रहा है। उन्होंने पब्लिक से भी सहयोग की अपील की।

उन्होंने कहा कि पुलिस के साथ पब्लिक की साझेदारी बढ़ेगी तो किसी भी समस्या को खत्म किया जा सकता है। डीसीपी ने खुद ही संवाद के जरिए लोगों की समस्याओं पर संज्ञान लेकर तुरंत एक्शन का भरोसा दिया। NBT सुरक्षा कवच सभा में डीसीपी हरेश्वर वी स्वामी के अलावा अडिशनल डीसीपी चंद्र प्रकाश मीणा, अडिशनल डीसीपी नीरव पटेल, एसीपी राकेश कुमार, एसएचओ मनोज कुमार, साइबर एसएचओ गोविंद सिंह, IPS ट्रेनी गौरव सिंह और IPS ट्रेनी करमा आर भूटिया मौजूद रहे।

सुरक्षा सभा के दौरान एक पीड़ित ने अपनी कार चोरी होने की शिकायत से अधिकारियों को अवगत कराया और कहा कि उनकी कार पुलिस ने बरामद कर ली है, लेकिन कार के चेसिस नंबर और इंजन नंबर बदले जाने की वजह से वह अभी तक उन्हें नहीं मिली है। दिसंबर से ही उनकी कार बुध विहार थाने में खड़ी है। डीसीपी ने अपने अधिकारियों को आदेश दिया कि तुरंत कार्रवाई की जाए। डीसीपी ने पब्लिक से अपील करते हुए कहा कि इलाके में कोई भी असामाजिक तत्व मिलता है, उसकी सूचना दें। पुलिस सूचना देने वाले की पहचान उजागर नहीं होने देगी।

वहीं, इस सभा में कई लोगों ने नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में क्राइम पर लगाम लगाने के लिए पुलिस के प्रयासों की जमकर तारीफ की। लोगों ने कहा कि पुलिस के प्रयास के कारण लूटपाट और स्नैचिंग के मामले पहले की तुलना में काफी कम हुए हैं।

मिलकर बनाएं दिल्ली को जाम तक

'लोगों संग बेहतर तालमेल जरूरी'

लोगों में पुलिस को लेकर एक अलग छवि है, लेकिन यह हकीकत नहीं है। पुलिस हमेशा मिलजुल कर अच्छा काम करती है, लोगों को बेहतर सुरक्षा देती है। हम पब्लिक की मदद से इलाके को क्राइम फ्री बनाएंगे। इसके लिए पुलिस और पब्लिक के बीच बेहतर कम्युनिकेशन का होना बहुत जरूरी है। नरेला बहुत बड़ा इलाका है। यहां की जनसंख्या भी काफी ज्यादा है। इसलिए लोगों को पुलिस की मदद के लिए आगे आना चाहिए। हाल ही में सुन्देड़ गांव में कुछ समय पहले काफी चोरी होती थी। वहां स्थानीय लोगों की टीम बनाई गई, जो पुलिस की मदद करती है। इनसे बदमाशों की जैसे ही सूचना मिलती है, पुलिस कार्रवाई करती है। कई अपराधियों को जेल भेजा जा चुका है। RWA समेत आम लोग अगर पुलिस की मदद करेंगे तो अपराध पर अंकुश लगाने में सफलता मिलेगी।

- हरेश्वर वी स्वामी, DCP आउटर नॉर्थ

'अतिक्रमण पर भी होगी कार्रवाई'

NIA इलाके में चाहे ट्रैफिक की समस्या हो या अतिक्रमण की। उनके खिलाफ लगातार काम किया जा रहा है। जल्द लोगों को इसका रिजल्ट दिखेगा। हालांकि, जाम और अतिक्रमण के लिए हम सब जिम्मेदार हैं। इलाके की सड़क की चौड़ाई आज भी वही है, जो पहले थी। लेकिन लोगों ने अपने मकान और दुकान के दायरे को बढ़ा लिया है। लोग घर व दुकान के आगे खुद ही रेहड़ी लगवाते हैं। हमें सबसे पहले खुद को सुधारने की जरूरत है। लोग अपनी गाड़ियां सही से पार्क नहीं करते, इससे भी जाम लगता है। लोग खुद ट्रैफिक नियम का पालन नहीं करते हैं, पुलिस अगर कार्रवाई करती है तो लोग झगड़ा करने लगते हैं। ऐसे में लोगों को खुद भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

- राकेश कुमार, ACP

क्राइम पर जीरो टॉलरेंस पॉलिसी

नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में अपराध को कम करने और अपराधियों पर अंकुश लगाने का लगातार काम किया जा रहा है। शिकायत पर तुरंत एक्शन लिया जा रहा है। यही कारण है कि लगातार अपराधी जेल जा रहे हैं। क्राइम को लेकर जीरो टॉलरेंस की पॉलिसी है। क्राइम पर अंकुश लगाने के लिए लगातार पट्रोलिंग की जाती है। नाइट पट्रोलिंग के कारण अपराध कम हुआ है। एरिया में डार्क स्पॉट्स का विशेष ख्याल रखा है। सीसीटीवी कैमरों से पूरे इलाके पर नजर रखी जाती है। *- मनोज कुमार, SHO*

'ठगी हो तो फौरन दें सूचना'

आज के समय में सबसे बड़ी समस्या साइबर क्राइम की है। ऐसे में लोगों को जागरूक होने की बहुत जरूरत है। साइबर क्राइम की मुख्य वजह हर और लालच है। लोग को लगता है कि वह आसानी से तुरंत पैसा कमा लेंगे। लेकिन यह सच नहीं है। अपनी निजी जानकारी और फोटो सोशल मीडिया पर डालने से बचें। डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता है, लेकिन ठग इसके नाम पर लोगों को डराकर रुपये ऐंठ लेते हैं। अगर ठगी का शिकार हो भी जाएं तो फौरन 1930 नंबर पर शिकायत दें। फिर पुलिस को सूचना दें। आप जितनी जल्दी शिकायत देंगे। आपके पैसे बचने की उम्मीद उतनी अधिक होगी। *-गोविंद सिंह, SHO साइबर*

केस सुलझाने में भी आगे: डीसीपी ने बताया कि इस इलाके में एक महीने में झपटमारी के 40 और लूटपाट के 20 मामले दर्ज हुए। इसमें झपटमारी के 31 मामले सुलझा लिए गए। कुछ मामलों में पीड़ित की तरफ से पुलिस को सहयोग नहीं मिला। इस कारण उन्हें सुलझाने में समस्या आई।

खुलकर रखी बात

नरोड़ी इस एरिया में लोगों से लूटपाट करते हैं। अगर विरोध करो तो उल्टा धमकी देते हैं। इस कारण लोग डर के मारे पीछे हट जाते हैं। ऐसे में अपराधियों पर अंकुश लगाने की जरूरत है। *- गणेश कुमार शाह*

इलाके में रेहड़ी-पटरी वालों ने अतिक्रमण कर रखा है। जगह-जगह जाम लगता है। लोगों को पैदल चलने में भी परेशानी होती है। अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जरूरत है। *- पवन हलदर*

नरेला में हर जगह ई रिक्शा वालों ने कब्जा कर रखा है। गंदे गेट के पास स्कूल है, यहां असामाजिक तत्व लड़कियों पर कमेंट करते हैं। साथ ही यहां आवारा पशुओं की समस्या भी बढ़ी है। *-मलकीत सिंह*

नवंबर 2025 में मेरी कार चोरी हुई थी। दिसंबर में यह पुलिस को मिली, लेकिन तब से ही यह कार बुध विहार थाने में खड़ी है। मुझे मेरी ही कार अब तक नहीं मिल पा रही है। *- संजय कुमार*

नरेला में लूटपाट काफी होती है। यहां प्रवासी मजदूरों की संख्या ज्यादा है। अगर इनसे लूट लेती है तो इनके लिए घर चलाना मुश्किल हो जाता है। बदमाशों पर कार्रवाई की जरूरत है। *-आत्म राम ठाकुर*

नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में अपराध और अपराधियों के खिलाफ पुलिस बेहतर काम कर रही है। यहां असामाजिक तत्वों में डर का माहौल है। पुलिस की बेहतर सेवा के कारण स्थानीय लोग और यहां पर उद्योग करने वाले लोग खुद को सुरक्षित समझते हैं। *-आशीष शर्मा*

बातों में उलझाकर महिला के साथ ठगी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: विवेक विहार इलाके में एक महिला से मंदिर का पता पूछने के बहाने तीन लड़के सम्मोहित कर उनकी सोने की जूलरी लेकर फरार हो गए। महिला की शिकायत पर विवेक विहार पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालकर आरोपियों का पता लगा रही है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि विमला चंदर(35) विवेक विहार में रहती है।

विवेक विहार इलाके की घटना, मामला दर्ज

ऑटो लिफ्टर अरेस्ट, बाइक, स्कूटी बरामद

■ NBT न्यूज, तिलक विहार: स्कूटी और बाइक चुराने वाले एक ऑटो लिफ्टर को तिलक विहार चौकी की टीम ने गिरफ्तार किया है। डीसीपी शरद भास्कर ने बताया आरोपी पर पहले से 23 आपराधिक मामले दर्ज हैं। इसके पास से बरामद स्कूटी और बाइक तिलक नगर इलाके से जनवरी महीने में चुराई गई थी। SHO विनीत कुमार पांडे, चौकी इंचार्ज दीपक शर्मा की टीम ने इसे मनोहर नगर की तरफ से आने के दौरान बाइक के साथ पकड़ा।

आरोपी पर पहले से 23 आपराधिक मामले दर्ज

वॉन्टेड बदमाश को सोनीपत से दबोचा

■ NBT न्यूज, मुंडका: वेस्ट डिस्ट्रिक्ट की पुलिस टीम ने मुंडका थाना में दर्ज एक मामले में वॉन्टेड चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीसीपी वेस्ट शरद भास्कर ने बताया कि आरोपी पहले से 4 आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। मुंडका थाना पुलिस को काफी टाइम से इसकी तलाश थी। एसीपी ऑपरेशन विजय सिंह की देखरेख में इंस्पेक्टर मुकेश मीणा की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया।

आरोपी को कोर्ट ने भगोड़ा घोषित किया हुआ था

दवाएं, फोन चोरी करने वाला अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : वसंत कुंज साउथ थाना पुलिस ने लाखों की दवाओं और फोन चोरी के मामले में एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने चोरी का मोबाइल और दो लाख रुपये कीमत की दवाएं बरामद की हैं। डीसीपी अमित गोयल ने बताया कि 27 जनवरी को वसंत कुंज साउथ इलाके में चोरी की एक शिकायत मिली थी।

आरोपी से दो लाख रुपये कीमत की दवाएं बरामद

उधार नहीं देने पर जानलेवा हमला

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: करावल नगर इलाके में उधार नहीं देने पर तीन लड़के दुकानदार से गाली-गलौज और झगड़ा करने लगे। दुकानदार की बहन मुबीन और ममेरे भाई दीपक ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो बदमाशों ने बाइक के शीशर से ममेरे भाई-बहन पर जान लेवा हमला कर दिया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल ममेरे भाई-बहन को अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस जांच कर रही है।

हेरिटेज प्रॉपर्टीज के आसपास सर्वे का HC ने दिया निर्देश

PrachiYadav@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली हाई कोर्ट ने एमसीडी समेत संबंधित निकायों को निर्देश दिया है कि वे राष्ट्रीय राजधानी की ऐतिहासिक विरासत माने जाने वाली संपत्तियों यानी हेरिटेज प्रॉपर्टीज के आसपास तीन मी सर्वे कराएं और यह पता लगाएं कि ऐसी संपत्तियों के आसपास खड़ी इमारतों में किए गए निर्माण नियमों और सेक्शन बिल्डिंग प्लान के मुताबिक हैं या नहीं।

कोर्ट ने यह निर्देश उन तीन जनहित याचिकाओं पर विचार करते हुए दिया, जिनमें ऐसी तमाम अलग-अलग संपत्तियों के स्वरूप को बनाए रखने के बारे में चिंता जताई गई है जिन्हें हेरिटेज प्रॉपर्टी घोषित किया गया है। इनमें से दो याचिकाएं कुसुम सहगल की हैं और एक

'आमिरो युवा ब्रिगेड' नामक एक संगठन ने दायर की है। इन याचिकाओं पर 28 जनवरी को सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस की बेंच ने आदेश दिया कि नगर निकाय जो सर्वे टीम बनाए, उसमें हेरिटेज संरक्षण समिति का एक अधिकारी भी शामिल होना चाहिए। कोर्ट ने इन याचिकाओं में बताई गई हरेक हेरिटेज प्रॉपर्टी से जुड़ी सर्वे रिपोर्ट अपने सामने पेश करने के लिए कहा है। रिपोर्ट की कॉपी याचिकाकर्ताओं के वकीलों को भी दी जाएगी, ताकि वे अगली सुनवाई की तारीख 15 मई तक सर्वे रिपोर्ट पर अपना जवाब दाखिल कर सकें।

इन याचिकाओं में मुख्य शिकायत यह है कि हेरिटेज प्रॉपर्टीज के आसपास जो निर्माण हो रहे हैं या हो चुके हैं, वे इन ऐतिहासिक विरासतों के स्वरूप को बदल देते हैं और प्लान में ऐसे निर्माण कभी-कभी हेरिटेज बिल्डिंग्स को खराब कर देते हैं। याचिकाओं में दावा किया गया है कि ऐसे कई मामलों में बिल्डिंग प्लान को मंजूरी देते समय दिल्ली नगर निगम संबंधित बिल्डिंग बायलॉज और हेरिटेज कंजर्वेशन कमिटी की ओर से दी गई सलाह को भी नजरअंदाज कर देता है।

क्या होती हैं हेरिटेज प्रॉपर्टी

हेरिटेज प्रॉपर्टी का मतलब है कोई ऐसी बिल्डिंग, स्ट्रक्चर या जगह जिसे ऑफिशियली उसके हिस्टोरिकल, आर्किटेक्चरल, कल्चरल, एस्थेटिक या इकोलॉजिकल महत्व के लिए पहचाना जाता है, जिसके लिए खास वाजदेशन और प्रोटेक्शन की जरूरत होती है। इन जगहों, जिनमें हवेलियां, कॉलोनियल बंगले और मॉन्यूमेंट शामिल हैं, जिन्हें अक्सर ऐसे कानूनों से सुरक्षा मिलती है जो उनकी खास पहचान को बनाए रखने के लिए बदलाव की सीमा तय करते हैं।

12 साल के सौतेले बेटे की हत्या करने वाला पिता अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

झारी पार्क इलाके में 12 साल के सौतेले बेटे अलमश की हत्या कर फरार हुए आरोपी पिता 36 वर्षीय वाजिद खान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसका अपनी दूसरी पत्नी के साथ रिश्ते सही नहीं थे। इससे नाराज होकर उसने झाड़ियों में ले जाकर अलमश की नुकीले हथियार से हत्या कर दी। फिलहाल उससे पूछताछ कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

नॉर्थ ईस्ट जिला के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 9:50 बजे झारी पार्क पुलिस को एक लड़के की हत्या की सूचना मिली थी। सूचना के बाद तुरंत पुलिस वाले झारी पार्क चौक लूप के पास घटनास्थल पर पहुंचे जहां लगभग 12 साल का एक लड़का बेहोश पड़ा मिला। उसे तुरंत जैपीमी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। झारी पार्क पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। SHO मनजीत तोमर के नेतृत्व में टीम बनाई गई। परिवार वालों से पूछताछ की गई तो पता चला कि अलमश के पहले पिता की 2019 में मौत हो गई थी। मौत के कुछ महीने बाद ही मुमताज ने वाजिद खान से शादी कर ली थी।

TIMES TRIBUTE
PAYING HOMAGE TO THE DEPARTED SOUL
To book your ad Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free) Scan QR Code

शोक सन्देश

पुण्यतिथि

43rd Loving Memory of
Our Pita Ji
SARDAR JAI SINGH
(06.05.1999)
Our Maa Ji
SMT. MANJIT KAUR
(01.02.1983)
Your teaching of inlerance and patience are constant, guiding force. We always deeply feel your warmth of love and affection. You live in our hearts.
Hancharan Singh Josh
(Adv. Supreme Court & High Court)
ex. Member National Commission for Minorities Govt. of India
ex. Director Punjab & Sind Bank Govt. of India
Ranjit & P.S. Sahni (Ex. M.L.A)
Inder Preet Singh Josh
(District & Sessions Judge U.P)
Kamal & Sandeep,
Sahibi Sahni (M.L.A),
Puner Deep Sahni (M.L.A)
Ekam, Prabnor Josh, Kawaan & Preet
(M) 9212142437, 9868142434

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088

प्रार्थना सभा

UTHAVNI
SMT. KAUSHAL JAIN
Wife of late Shri M.K. JAIN
Left for her heavenly abode on 30th Jan 2026
UTHAVNI & PRAYER MEET will be at Shree Jagannath Temple, Sector 15A, Faridabad on 1st Feb 2026 at 10:30 am.
Fondly Remembered by
Sanjeev and Rekha Jain (146, Sector 15A, Faridabad)
Anand and Varsha Jain
Grandchildren & Great Grandchildren

WITH PROFOUND GRIEF WE INFORM THE SAD DEMISE OF
Smt. Kamla Devi
Wife of late Sh. Suresh Chand Gupta
UTHAONI WILL BE HELD ON MONDAY, 2ND FEBRUARY 2026 FROM 11 AM TO 12PM AT SANATAN DHARM MANDIR, 5 BLOCK GREATER KAILASH-2, NEW DELHI-48
MAY HER KIND SOUL BE BLESSED WITH ETERNAL PEACE
IN GRIEF:
ASHIMA BANSAL
ANSHUL & MAMTA GUPTA
ALOK & SONIA GUPTA
ALL GRAND CHILDREN & FAMILY

REMEMBRANCE
SHARING MEMORIES
15th Death Anniversary (1.2.2011)
Sh Janeshwar Prasad
We remember you with love & reverence. Your values & kindness continue to guide us everyday. You are always in our prayers, & we know your blessings are with us every day.
With love, your loving family

TIMES TRIBUTES
RATE CARD

Publications	Rates per sq. cms
TOID Capital + NBT (Delhi+NCR)	1295
TOID Full Run ## + NBT (Delhi+NCR)	1360
THE TIMES OF INDIA (Delhi+NCR)	780
THE TIMES OF INDIA (Delhi) Full Run##	900
NAVBHARAT TIMES (Delhi+NCR)	595
THE ECONOMIC TIMES (Delhi+NCR)	715
SANDHYA TIMES (Delhi)	100

Rates effective 5th June 2019
▶ *Placement on specified obit pages only. ▶ This rate benefit is extended up till the size of 320 sq. cm only. ▶ ## Full run includes Delhi City + NCR (Including Gurgaon + Noida) + Chandigarh + Western U.P. + Uttarakhand ▶ TOI Capital (Delhi & NCR) Includes TOI Gurgaon & TOI Noida.
To place an Obituary announcement or Remembrance message please call
Vinod: 9958992088
Pankaj : 8130604727

TO BOOK AN OBITUARY AD PLEASE CONTACT
VINOD : 99589 92088 &
PANKAJ : 81306 04727

भारतीय रेल
पटियाला लोकोमोटिव वर्क्स
पटियाला-147003
फोन: 2396000, 2396001 फैक्स: 91-0175-2306413
इलेक्ट्रोनिक निविदा आमंत्रण सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला द्वारा निम्नलिखित इलेक्ट्रोनिक निविदाएं आमंत्रण की जाती है:
ई-निविदा सूचना संख्या: 42 ईटी/2025-26

निविदा सं.	निविरण एवं विशिष्टी सं.	मात्रा	निविदा बंद होने की तिथि
02261002	दो प्रकार के शिनियन फॉर एसी मोटर	1370 नंबर्स	23.02.2026*
02251357A	सेट ऑफ फाइव टाइम्स ऑफ फोरमेड कपटीन कवर्ड कॉपर कंडक्टर	10 सेट्स	18.02.2026
11255427	इलेक्ट्रिक ओवरहेड ट्रैक्शिन क्रेन कैपेसिटी 10/3 टन	01 नंबर्स	27.02.2026
21261001	सप्लाई, इंस्टालेशन, टेस्टिंग एंड कमीशनिंग ऑफ ऑन – बोर्ड कवच इक्विपमेंट	379 सेट्स	23.02.2026

निविदाओं का समापन समय 15:00 बजे है।
• लगी हुई मदें बी. एल. डब्लू. फर्मों से खरीदने के लिए है।
उपरोक्त निविदाकारों को सलाह दी जाती है कि मदों का विस्तृत विवरण तथा निविदा दस्तावेज और निविदा शर्तें http://www.ireps.gov.in या पटियाला रेल इंजन कारखाना, पटियाला की वेबसाइट indianrailways.gov.in से देखी जा सकती है। कृपया नोट करें कि निविदाकार अपनी कोटेशन केवल http:// www.ireps.gov.in से ही भेज सकते है।
शुद्धि-पत्र निविदा सूचना संख्या 38 ET/2025-26
(1) निविदा संख्या 12251489 की बंद होने की तिथि को 06.02.2026 पढ़ी जाए।
(2) निविदा संख्या 21255006A की बंद होने की तिथि को 16.02.2026 पढ़ी जाए।
शुद्धि-पत्र निविदा सूचना संख्या 39 ET/2025-26
निविदा संख्या 21251300 की बंद होने की तिथि को 09.02.2026 पढ़ी जाए।
खरीदने के लिए है।
357/2026
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय
एंड्रयूज गंज, सुजान फार्मास्यूटिकल के पास, नई दिल्ली - 110024
दूरभाष - 079-25626493
फर्मों का पंजीकरण / Registration of firms
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय एंड्रयूज गंज नई दिल्ली सत्र 2026-27 में विद्यालय के सुचारु संचालन के लिए आवश्यक स्कूलों / फर्मों / कंपनी की आपूर्ति के लिए प्रतिष्ठित फर्मों से पंजीकरण के लिए आवेदन आमंत्रित करता है। इच्छुक फर्म अपनी आवश्यक दस्तावेजों के साथ पंजीकरण फॉर्म भरकर सबमिट कर सकती हैं। पंजीकरण फॉर्म और सभी ब्यौरे के दस्तावेज विस्तृत विवरण की वेबसाइट (http://andrewsganj.kvs.ac.in) से डाउनलोड हैं या विद्यालय कार्यालय से (12:00 अपराह्न से 01:00 अपराह्न तक) प्राप्त किया जा सकता है।
PM SHRI KV Andrews Ganj invites applications for registration of reputed firms for the supply of the goods / works / services required for the smooth functioning of the vidyalaya in session 2026-27. Interested firms may register themselves with the vidyalaya by submitting duly filled Registration form along w th all requisite documents upto 15.02.2026. Details of registration and scope of work is available with the vidyalaya website (http://andrewsganj.kvs.ac.in) or may obtained from the vidyalaya office (12:00 PM to 01:00 PM).
PRINCIPAL / प्राचार्य

'जीवन में स्थिरता की चाबी है आध्यात्मिकता'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: ब्रह्माकुमारीज के ज्यूस्टिस प्रभाग ने शनिवार को करोल बाग स्थित दिल्ली क्षेत्रीय मुख्यालय में न्यायविद्, अधिवक्ता और चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के लिए एक कार्यक्रम आयोजित किया। 4 अक्टूबर 2025 को शुरू हुए राष्ट्रीय अभियान 'मूल्यनिष्ठ न्याय-कानून की आत्मा' के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें आध्यात्मिकता के जरिए कानूनी जीवन में आंतरिक स्थायित्व विषय पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि दिल्ली हाई कोर्ट के पूर्व जस्टिस सुधीर कुमार जैन ने कहा कि तनाव, चिंता, असंतोष से मानव जीवन ग्रस्त है। आध्यात्मिकता कानूनी जीवन में आंतरिक स्थिरता की कुंजी है, जिससे हम दबाव के साथ न्याय कर सकते हैं। ज्यूस्टिस विंग की राष्ट्रीय अध्यक्ष राजयोगिनी बी.के. पुष्पा दीदी ने कहा कि निर्णय, बहस और तनाव में आध्यात्मिकता द्वारा अद्भुत स्थायित्व बना रहता है।

बवाना विधानसभा क्षेत्र में कई कामों की शुरुआत:

बवाना विधानसभा क्षेत्र में विकास के कई कामों की शुरुआत हुई। सम्मान कल्याण मंत्री रविंद्र इन्द्राज और पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश साहिब सिंह वर्मा ने विकास कामों का शुभारंभ करते हुए जनता से संवाद कर उनकी समस्याएं भी जानीं (NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली)

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH09 User: cci Time: 02-01-2026 00:06 Color:

पब्लिक की आवाज़
NBT करेगा बुलंद

नालों-गड्ढों में गिरना हमारी नियति नहीं है

ऐसी कई घटनाएं सामने आई हैं, जहां लोग खुले नालों में गिर गए, बाइक सवार गड्ढों में फिसल गए। युवराज की तरह कुछ मामलों में जान चली गई, कभी लोग बाल बाल बचे। हर बार कुछ दिनों की खबरें बनती हैं, जांच के आदेश होते हैं और फिर सब कुछ वैसा ही रह जाता है।

NBT जवाब हम लेंगे

अब नवभारत टाइम्स पूछेगा

सीधे जिम्मेदार अफसरों से कि कब तक वे इन गड्ढों और नालों को भरेंगे। या यहां पर्याप्त सुरक्षा के इंतजाम करेंगे। नवभारत टाइम्स शुरू कर रहा है एक अभियान, ताकि इन खामोश जानलेवा जगहों पर रोशनी डाली जा सके।

इस अभियान में आप हमारी सबसे बड़ी ताकत हैं। अगर आपके इलाके में:

खुला नाला है | पानी से भरा गड्ढा | रोड टूटी या गड्ढे हैं | हादसे का खतरा है

उसकी फोटो खींचिए, जगह का नाम/लोकेशन लिखिए, हमें भेजिए।

ऐसे भेजें...

हमें ईमेल कर सकते हैं
nbtreader@timesofindia.com

वट्सऐप कर सकते हैं।
9220747220

सब्जेक्ट में लिखें GADDHA

हम क्या करेंगे?

- आपकी भेजी तस्वीरें हम अखबार और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित करेंगे
- संबंधित विभाग और जिम्मेदार अधिकारियों से सीधे सवाल पूछेंगे।
- उनसे पूछेंगे: यह कब ठीक होगा?
- उनके नाम के साथ जवाब प्रकाशित करेंगे

NBT आया साथ तो बनने लगी बात

रीडर्स हमें पूरी दिल्ली से समस्याएं भेज रहे हैं। इसके बाद NBT टीम रोज उन जगहों पर जाकर रिएलिटी चेक कर रही है, जहां समस्याएं ज्यादा गंभीर हैं। आज बात बंगाली कॉलोनी की।

मोड़ पर खुला पड़ा है नाला, हो सकता है बड़ा हादसा

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

NBT ऑन स्पॉट

NBT रीडर सुभाष गौड़ ने महावीर एनक्लेव की बंगाली कॉलोनी के पास से पालम ड्रेन की लबरीर भेजी है। उन्होंने बताया कि इस ड्रेन के साथ ही बंगाली कॉलोनी की मेन सड़क है। अप्रैल 2025 से पहले सिंचाई और फ्लड कंट्रोल डिपार्टमेंट ने इस नाले की साइड वॉल तोड़ दी थी। नाले की सफाई तो कर दी गई, लेकिन अब तक दीवार नहीं बनाई गई है। इससे यहां कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सुभाष गौड़ के मुताबिक, डिपार्टमेंट के जेई का कहना है कि पहले साइड वॉल का टेंडर होगा, उसके बाद ही दीवार बनाई जाएगी।

शिकायत मिलने के बाद NBT रिपोर्टर पूनम गौड़ ने मौके पर जाकर हालात देखे। पालम ड्रेन काफी गहरी है। साइड वॉल टूटने से इतना बड़ा खुला हिस्सा बन गया है कि नोएडा सेक्टर-150 जैसा हादसा यहां भी हो सकता है। हालात इसलिए और खतरनाक हैं क्योंकि यह टूटी हुई साइड वॉल सड़क के मोड़ पर है। सड़क के एक तरफ आबादी और घर है, जबकि रोड पर लगातार ट्रैफिक रहता है। रात में रोशनी भी पर्याप्त नहीं रहती है।

लोगों ने बताया कि कोहरे में कई बार यहां गाड़ी ड्राइवरों का कंट्रोल बिगड़ जाता है। कई बार लोग बाल-बाल बचे हैं। करीब एक किलोमीटर के दायरे में पालम ड्रेन के किनारे दो ऐसी जगहें हैं, जो बेहद खतरनाक हैं। दूसरी जगह भी सड़क के पास ही है, हालांकि वह मेन सड़क नहीं है, इसलिए वहां ट्रैफिक कुछ कम रहता है। इसके बावजूद वहां भी हादसे की आशंका रहती है। नाले के किनारे लोग गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। साइड वॉल न होने से बड़ा खतरा मंडरा रहा है।

पब्लिक का सवाल

वह कॉलोनी साउथ गणेश नगर पटपड़गंज रोड दिल्ली 92 क्षेत्र में आती है। तीन तरफ से वह कॉलोनी पीडब्ल्यूडी नाले से और एक तरफ से रेलवे लाइन से घिरी है। पीडब्ल्यूडी नाले में 4 फुट तक सिल्ट, मलबा और सीवर पानी भरा हुआ है। पानी की निकासी बंद है। बारिश में कॉलोनी डूब जाती है। नाली के ऊपर स्लैब पर व्यापारियों ने कब्जा कर लिया है। स्थानीय विधायक इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।
– एनबीटी रीडर

अफसर का जवाब

पीडब्ल्यूडी के एग्जिक्यूटिव इंजिनियर विजय दुबे का कहना है कि नाले के सफाई के लिए टेंडर प्रक्रिया चल रही है। इन नालों की मई के अंत तक डिसिल्टिंग होनी है।

पब्लिक का सवाल

मोतिया खान पटपड़गंज एरिया में डीडीए के एलआईजी फ्लैट्स 120A और 121A के बीच BSES ट्रांसफॉर्मर रूम और ऑफिस के पास पिछले चार महीनों से सीवेज का पानी लगातार बह रहा है। इस संबंध में दिल्ली जल बोर्ड (DJB) के संबंधित विभाग में कई बार शिकायत दर्ज कराई गई है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। लगातार पानी बहने के कारण इस क्रॉसिंग पर एक बड़ा गड्ढा बन गया है। इस वजह से बुजुर्गों और बच्चों को आने-जाने में काफी असुविधा हो रही है।
– एनबीटी रीडर

NBT इम्पैक्ट

अफसर का जवाब

जल बोर्ड के एग्जिक्यूटिव इंजिनियर के.एन. ओझा के अनुसार, शनिवार को मौके पर जाकर समस्या का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पाया गया कि समस्या जल बोर्ड के सीवर मैनहोल या किसी लाइन के चलते नहीं है, बल्कि किसी व्यक्ति के अपने घर की सीवर लाइन में लीकेज के चलते है। उन्हें समस्या को ठीक कराने के लिए कहा गया है, ताकि आस-पास के लोगों को परेशानी न हो।

'गड्ढे में सरिया बता मुनेंद्र को जाने से रोका गया'

■ NBT न्यूज, ग्रेटर नोएडा

युवराज मेहता के पिता और दिलिवरी बॉय मुनेंद्र का एक विडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें युवराज के पिता पुलिस और रेसक्यू टीम पर गंभीर आरोप लगाते हुए नजर आ रहे हैं। उनका कहना है कि घटना के दौरान जब युवराज गड्ढे में गिरा, उस समय मुनेंद्र उसे बचाने के लिए अंदर कूदना चाहता था, लेकिन पुलिस और रेसक्यू टीम ने उसे रोक दिया। विडियो में आरोप लगाया गया है कि पुलिस ने गड्ढे में नुकीले सरिया और अंदर मौजूद खतरों का हवाला देकर मुनेंद्र को कूदने से रोका। बचाव टीम की ओर से भी यही कहा जा रहा था कि हालात खतरनाक हैं और अंदर जाना जोखिम भरा हो सकता है। युवराज के पिता विडियो में रोकने पर कैसे हुए किसी अन्य शख्स को संबोधित करते नजर आते हैं और साथ ही मुनेंद्र की ओर इशारा करते हुए पुलिस व बचाव टीम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हैं।

कब मिलेगा न्याय

- युवराज के पिता ने लगाए लापरवाही के आरोप, विडियो हुआ वायरल
- युवराज के पिता विडियो में रोकने पर बैठे किसी को संबोधित करते दिख रहे हैं

Raymond upto 60% off

Extra fine Wool, Silk, Linen & Cotton Fabrics
FESTIVAL & WEDDING COLLECTION
SHIRTS • TROUSERS • BLAZERS
SUITS & ETHNIC WEAR
BY ECONOMY SALES | M:9212758425
LONG COATS ALSO AVAILABLE
Raymond | PARK AVENUE | Color Plus | parx | ARROW
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pilazio)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

Space required for Premium Brand Automobile Dealership :

Space required for Premium Brand Automobile Dealership operations on long term lease basis at **Central Delhi.**

IDEAL LOCATION :
Strategically located in Central Delhi, Showroom at Karol Bagh, Janpath and Connaught Place surrounding area and for Workshop at Wazirpur, Lawrence Road, Kirti Nagar, Moti Nagar and Nariana offering high visibility and accessibility.

BRAND COMPATIBILITY :
Tailored for one of the leading brand car Showroom and Workshop, meeting the brands exacting standards.

SPACIOUS FACILITY :
Ensure optimal functionality with ample space for Showroom frontage minimum 60 feet, total area required minimum 3000 sqft to 5000 sqft with clear height 12 feet with additional parking space. For workshop minimum frontage 100 feet to 120 feet and area 36000 sqft to 45000 sqft with clear height 14 feet with additional parking space.

INFRASTRUCTURE READY :
Should be able to get equipped with essential facilities to support the specialized needs of leading brand Sales & Service.

Interested parties may contact immediately :
RSVP : +91 70870 36128
Email ID : delhipropertyauto@gmail.com

नए नियम से होगी रिश्वतखोरी : AAP

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली सरकार की ओर से राशन कार्ड बनवाने के लिए नियमों में किए गए बदलाव पर आम आदमी पार्टी (AAP) ने एक बार फिर हमला बोला है। 'आप' दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने कहा कि बीजेपी सरकार ने ऐसा कर गरीबों से रिश्वत वसूलने के हालात बना दिए हैं। करीब 11 लाख लोग राशन कार्ड बनवाने की लाइन में लगे हैं। कुल 8.27 लाख नए राशन कार्ड बनने हैं। अगर हर आवेदक से 10 हजार रुपये की भी रिश्वत ली गई तो ये 800 करोड़ रुपये का घोटाला हो जाएगा।

'गरीब को देंगे कार्ड'

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने राशन कार्ड को लेकर AAP के आरोपों को खारिज कर दिया है। सचदेवा ने कहा कि बीजेपी सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर गरीब जरूरतमंद को राशन कार्ड जारी हो। जो न्यूनतम वेतन की पात्रता को पूरा करेगा, उसे राशन कार्ड मिलेगा। इसलिए बेहतर होगा 'आप' नेता दिल्ली के गरीबों को गुमराह करना बंद करें।

ब्रिटिश काउंसिल का क्रिएटिव कन्वर्जेंसः भारत-यूके सहयोग को मिली एक नई मजबूती

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

ब्रिटिश काउंसिल ने 29 और 30 जनवरी 2026 को नई दिल्ली स्थित अपने परिसर में 'क्रिएटिव कन्वर्जेंसः ग्रेथ रोड्मैनिन्ट' के दिल्ली संस्करण का आयोजन किया। इससे पहले यह प्रोग्राम नवंबर 2025 में बेंगलुरु में हुआ था। दो दिन चले इस प्रोग्राम में भारत और यूके के पॉलिसी मेकर्स, रिसर्चर्स, क्रिएटिव प्रफेशनल्स और सांस्कृतिक क्षेत्र के लीडर्स एक मंच पर जुटे और क्रिएटिव इकॉनमी के भविष्य, इनोवेशन और सहयोग पर चर्चा की।

यह पहल भारत-यूके सांस्कृतिक सहयोग कार्यक्रम 2025-2030 के मकसद को आगे बढ़ाती है। दिल्ली में पॉलिसी डायलॉग, रिसर्च और क्रिएटिव एंटरप्राइज पर खास फोकस रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्लेनरी और कीनोट सेशन से हुई। इसमें ब्रिटिश हाई कमिश्नर टू इंडिया लिंडी कैमरून, मिनिस्ट्री ऑफ कल्चर के सेक्रेट्री विवेक अग्रवाल, यूनेस्को में साउथ एशिया के डायरेक्टर टिम कर्टिस और ब्रिटिश काउंसिल से रूथ मैकेंजी शामिल रहीं।

लिंडी कैमरन ने कहा कि क्रिएटिव इकॉनमी भारत और यूके के रिश्तों में अहम भूमिका निभा रही है। विवेक अग्रवाल ने इसे भारत की विकास नीति का जरूरी हिस्सा बताया। टिम कर्टिस ने कहा कि संस्कृति और क्रिएटिविटी अब विकास की चर्चा के फोकस में हैं। रूथ मैकेंजी ने कहा कि क्रिएटिविटी समृद्धि और भविष्य के रास्ते बनाती है।

कम टाइम में हेल्दी और टेस्टी स्नैक्स बनाना सीखें

NBT रंगमंच Club

एनबीटी रंगमंच क्लब आपके लिए लेकर आया है ट्रेडिशनल किचन रेसिपीज वर्कशॉप जिसमें फूड बिजनेस चलाने वाली शेफ शिवानी बहुगुणा आपको सिखाएंगी कि कैसे आप घर पर कम समय में हेल्दी इंडियन स्नैक्स और टेस्टी फूड तैयार कर सकते हैं। इसके साथ ही वह आपको चॉकलेट बनाने और केक मेकिंग के टिप्स भी देंगी। इसमें हिस्सा लेने के लिए आपको करवाना है बस रजिस्ट्रेशन।

शिवानी बहुगुणा (शेफ)

तारीख: 3 फरवरी 2026
दिन: मंगलवार
समय: 3 से 4 बजे तक
फीस: निशुल्क

रजिस्ट्रेशन के लिए 7003890071 पर कॉल या वट्सऐप करें।

अल्मोड़ा में खाई में गिरी कार, दिल्ली के दंपती की हुई मौत

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

उत्तराखंड के अल्मोड़ा के बैसियाछाना ब्लॉक क्षेत्र में शनिवार शाम बाड़ेछीना-शेराघाट मोटर मार्ग पर दिल्ली के महरौली से आई एक स्कॉर्पियो कार करीब 30 मीटर खाई में गिर गई। इससे कार सवार दंपती की मौत हो गई, जबकि दंपती का बेटा गंभीर रूप से घायल है। जानकारी के अनुसार, स्कॉर्पियो का नंबर DL 3CC Z 8690 है। इसमें दिल्ली के महरौली में रहने वाले एक ही परिवार के तीन लोग उत्तराखंड घूमने आए थे। इसमें माता-पिता और बेटे सवार थे। शनिवार को कैंची धाम मंदिर में दर्शन करने के बाद वे लोग धारचूला-मुनस्यारी की ओर रवाना हुए थे। हादसे की सूचना मिलते ही थाना चौखुटिया पुलिस टीम मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू अभियान शुरू किया। गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण घायलों को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। दो लोगों की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। कार चला रहे सिद्धार्थ राय गंभीर रूप से घायल है।

महरौली से कर लेकर गया था दंपती, साथ में बेटा भी था

पुलिस के रोल पर NGT ने जताई चिंता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली : ईस्ट दिल्ली के गमी गांव में अवैध रूप से संचालित रेड कैटेगरी के उद्योगों के मामले में NGT ने दिल्ली पुलिस की भूमिका पर चिंता व्यक्त की है। साथ ही दिल्ली पुलिस से जवाब तलब भी किया है। NGT की प्रिंसिपल बैंच के अध्यक्ष जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव और एक्सपर्ट मेंबर डॉ ए सेंथिल वेल ने इस मामले की सुनवाई की। मामले में आवेदक की 31 अगस्त 2025 की सबमिट रिपोर्ट में पाया गया कि MCD, DPCC, BSES और दिल्ली पुलिस ने यहां संयुक्त निरीक्षण किया। स्टॉटन्य अवैध औद्योगिक इकाइयों के मालिकों ने बार-बार परिसर बंद कर निरीक्षण से इनकार किया।

बेस हॉस्पिटल दिल्ली छावनी में रेजिमेंटल दुकानों का आवंटन

बेस हॉस्पिटल दिल्ली छावनी में 05 खाली रेजिमेंटल दुकानों के लिए आवेदन आमंत्रित किये जाते है। 05 खाली रेजिमेंटल दुकानों में (कैफेटेरिया-01, चाय स्नैक्स -01, ए टी एम-01, बेकरी दुकान – 01, और अमूल कांटर -01) के लिए युद्ध विधवाओं / कार्य के दौरान दिवगंत रक्षा कर्मियों की विधवाएँ / विकलांग सैनिक / भूतपूर्व सैनिक और पत्नी / पूर्वसैनिक की विधवाएँ आवेदन कर सकते हैं। आवंटन महानिदेशालय L.W.&E/ भूमि (पोलिसी एवं एलनवी) के दिशा-निर्देशों के अनुसार किया जाएगा। आवेदन पत्र बेस अस्पताल दिल्ली कैंट में 02 फरवरी 2026 से 07 फरवरी 2026 के बीच (रविवार और छुट्टी को छोड़कर) 1000 बजे से 1430 बजे तक प्रति आवेदन पत्र 2,000/- (दो हजार रुपये मात्र) के आवेदन शुल्क DD in favour of "Regimental Fund Account, BHDC" के भुगतान पर उपलब्ध होंगे। पूर्ण आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 22 फरवरी 2026 है।

भारतीय पैकेजिंग संस्थान
Indian Institute of Packaging

INDIAN INSTITUTE OF PACKAGING
E-2, MIDC Area, Andheri East, Mumbai-400 093
Tel: 91-22-69192200; E-mail: adesttmum.iip@gov.in

WITHDRAWAL OF RECRUITMENT NOTICE FOR THE POST OF DIRECTOR

THIS IS WITH REFERENCE TO THE RECRUITMENT NOTICE NO. IIP-01/2024 PUBLISHED ON 04th MARCH 2024 IN NATIONAL NEWSPAPERS AND IN EMPLOYMENT NEWS ON 16th MARCH 2024, INVITING APPLICATIONS FOR FILLING UP THE POST OF DIRECTOR IN THE PAY LEVEL-14 UNDER DIRECT RECRUITMENT. THE ABOVE ADVERTISEMENT STANDS WITHDRAWN.

Sd/-
Deputy Director (Administration)

स्नैक चुने एक चैम्पियन की तरह!

जसप्रीत बुमराह का पसंदीदा स्नैक खाकर सेहत बनाएँ। अमरीकी पिस्ते न केवल स्वादिष्ट हैं बल्कि आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर हैं जो आपको ऊर्जावान और सेहतमंद बनाए रखते हैं। भारत के सभी प्रमुख ड्राई फ्रूट और नट ब्रांडों द्वारा पैक किए जाने वाले अमरीकी पिस्ते देशभर में सभी ड्राई फ्रूट खुदरा विक्रेताओं तथा ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों पर उपलब्ध हैं। अमरीकी या कैलिफोर्निया पिस्ते के बारे में अधिक जानने के लिए पूछें या सर्च करें।

AMERICAN QUALITY PISTACHIOS California Grown
AmericanPistachios.in

BUY NOW

सभी प्रमुख ई-कॉमर्स प्लेटफार्म और पूरे भारत में प्रमुख खुदरा विक्रेताओं के पास उपलब्ध है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH10 User: atul.kumar1@timesofindia.com Time: 01-31-2026 23:02 Color:

सुनेत्रा पवार ने डिप्टी CM पद की शपथ ली, शरद पवार नहीं पहुंचे

■ NBT रिपोर्ट, मुंबई

दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार (62) ने शनिवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इस दौरान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ-साथ फडणवीस मंत्रिमंडल के लगभग सभी सदस्य, एनसीपी के कार्यकारी अध्यक्ष प्रफुल्ल पटेल, प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे और सुनेत्रा पवार के छोटे बेटे जय पवार भी मौजूद रहे। NCP(SP) के अध्यक्ष शरद पवार शपथ ग्रहण समारोह में नहीं पहुंचे।

सुनेत्रा को राज्य उत्पादन शुल्क, खेल-युवा कल्याण, अल्पसंख्यक विकास विभाग मिले

शपथ के बाद सुनेत्रा ने कहा, अजित दादा ने पूरी जिंदगी किसानों, मजदूरों, महिलाओं, युवाओं के लिए जीने का मंत्र दिया। उनके विचारों की विरासत को आगे बढ़ाते हुए और 'शिव-शाहू-फुले-आंबेडकर' के विचारों को मानते हुए, मैं कर्तव्य की भावना के साथ डिप्टी CM के पद की जिम्मेदारी स्वीकार कर रही हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें डिप्टी सीएम बनने की बधाई दी। इससे पहले शनिवार को विधानभवन के उसी कक्ष में बैठक बुलाई गई थी, जहां अजित पवार बैठते थे। कक्ष में दिवंगत नेता की एक तस्वीर भी लगाई गई थी, जिस पर पुष्पांजलि करते हुए कई विधायक भावुक हो गए। उसके बाद विधायक दल की बैठक हुई जिसमें उनकी पार्टी के विधानसभा और विधान परिषद के सदस्य शामिल हुए। बैठक में एनसीपी (एपी) के वरिष्ठ नेता दिलीप वलसे पाटील ने विधायक दल के नेता के रूप में सुनेत्रा पवार के नाम का प्रस्ताव रखा और पार्टी के दूसरे वरिष्ठ नेता छगन भुजबल ने उनके नाम का समर्थन किया। बैठक में सुनेत्रा को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष पद की निम्मेदारी भी दी गई।

PHOTOS: PTI

राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने शनिवार को सुनेत्रा पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलवाई।

- सुनेत्रा ने 2024 के लोकसभा चुनाव में अपने चुनावी करियर की शुरुआत की थी।
- हालांकि सुप्रिया सुले से हार पर राज्यसभा के लिए चुनी गईं।
- भाई पद्मसिंह पाटील पूर्व राज्यमंत्री और लोकसभा सांसद रह चुके हैं।
- विश्व उद्यमिता मंच (फ्रांस) की थिंक-टैंक सदस्य भी है।

शरद पवार बोले- मुझसे कोई राय नहीं ली गई

सुनेत्रा पवार के उपमुख्यमंत्री बनाए जाने के बारे में शरद पवार ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी समाचार पत्रों से मिली है। शनिवार को बारामती में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उनकी और सुनेत्रा पवार की पार्टियां अलग हैं। यह उनकी पार्टी का आंतरिक फैसला होगा इसलिए उन्हें कोई जानकारी नहीं दी गई। उन्होंने साफ कहा कि इस बारे में उनसे कोई राय नहीं ली गई।

शरद पवार की ओर से उठी पार्टी विलय : सुनेत्रा पवार के सामने अब दोनों NCP के विलय के बारे में फैसला लेने की सबसे बड़ी चुनौती सामने है। वैसे, जब अजित पवार थे तब दोनों NCP विलय की खबर शरद पवार की पार्टी के नेता कुछ भी बोलने से बचते थे। शनिवार की सुबह जैसे ही शरद पवार ने स्वीकार किया कि दोनों पार्टियों के विलय पर करीब 4 महीने से बातचीत चल रही थी। उन्होंने कहा कि अजित पवार चाहते थे कि दोनों पार्टियों का विलय हो जाए और वह भी (शरद पवार) इससे सहमत थे। इससे संबंधित एक विडियो भी सुबह-सुबह सामने आ गया। इसके बाद शरद पवार की पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटील और मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष शशिकांत शिंदे, राजेश टोपे सहित तमाम नेता विलय पर बयान देने लगे।

पवार ने शनिवार को प्रेस से बात की।

आज मोदी का पंजाब दौरा, गुरु रविदास जयंती पर दलित वोट साधने की कोशिश!

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संत गुरु रविदास की जयंती पर रविवार को पंजाब का दौरा करेंगे। पीएम जालंधर स्थित गुरु रविदास पंथ के डेरा सच खंड बल्लां में होंगे। वे संत निरंजन दास से भी मिलेंगे, जिन्हें हाल ही में पद्म श्री से सम्मानित किया गया है। विपक्ष के लोग नहीं पीएम के दौरे को दलित वोट बैंक से जोड़कर देख रहे हैं तो बीजेपी के पंजाब अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी का यह दौरा 'बनट डे' पर होने के बावजूद खास महत्व रखता है।

पंजाब में दलित आबादी करीब 32 प्रतिशत है

क्या है प्रधानमंत्री का कार्यक्रम : मोदी आदमपुर हवाई अड्डे का दौरा करेंगे और हवाई अड्डे का नाम बदलकर 'श्री गुरु रविदास जी हवाई अड्डा, आदमपुर' रखने की घोषणा करेंगे। पीएम लुधियाना में हलवारा हवाई अड्डे के टर्मिनल भवन का भी उद्घाटन करेंगे।

दलित वोटर्स रखते हैं मायने: पंजाब में अगले विधानसभा चुनाव में अब करीब एक साल बचा है। बीजेपी को पिछले कई उपचुनाव में करारी हार मिल रही है। अब बीजेपी इस बार सोशल इंजीनियरिंग से जनाधार बढ़ाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए पार्टी एससी वर्ग को साथ लेकर नए सियासी समीकरण की जमीन लग रही है।

आम आदमी पार्टी ने भी की है बड़ी घोषणा : आम आदमी पार्टी गुरु रविदास का 650वां प्रकाश पर्व बड़े स्तर पर मनाने की तैयारी कर रही है। पूरे साल भर उत्सव चलेगा। जालंधर के पास 11 एकड़ में 'श्री गुरु रविदास जी ब्रह्मी अध्ययन केंद्र' बनाने की घोषणा की है।

FILE

दौरे से पहले डेरे और स्कूलों को बम धमकी

भाषा, चंडीगढ़: प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जालंधर स्थित डेरा सचखंड बल्ल के मुख्यालय का दौरा करने से एक दिन पहले शनिवार को सात्रदाय और पांच स्कूलों को बम डिस्पोजे की धमकियां मिली। अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों में व्यापक सुरक्षा जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं पाया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की यात्रा के कारण डेरा परिसर पहले से ही कड़ी सुरक्षा में है।

अधिकारियों ने बताया कि स्कूलों को ईमेल भेजे गये थे, जिनमें इन्हें और डेरा बल्ल को उड़ाने की धमकी दी गई थी।

बंगाल आग हादसे पर शाह बोले, आरोपी TMC के करीबी इसलिए अरेस्ट नहीं हुए

■ भाषा, कोलकाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (TMC) पर निशाना साधा। आरोप लगाया में मोमो फैक्टरी में हाल ही में लगी आग की घटना का जिक्र करते हुए कहा, ये ममता सरकार के भ्रष्टाचार का नतीजा था। पूछा, क्या बंगाल में प्रशासन पूरी तरह से खत्म हो गया है? उन्होंने कहा फैक्ट्री मालिक अब तक अरेस्ट नहीं हुए हैं क्योंकि वे TMC के करीबी हैं।

उन्होंने कहा, TMC घुसपैठियों को बचा रही है। उन्होंने चुनावी फायदे के लिए जानबूझकर सीमा सुरक्षा को कमजोर करने का आरोप लगाया। कहा, बीजेपी की सरकार बनने के 45 दिन में सीमा पर बाड़ लगाने का काम पूरा करेंगे। ममता बनर्जी SIR का जितना विरोध करना चाहें करें, लेकिन घुसपैठियों के नाम मतदाता सूची से हटाने की प्रक्रिया जारी रहेगी। जिन घुसपैठियों के नाम बचेंगे उन्हें बीजेपी का CM निकाल देगा। उन्होंने मछुआ समुदाय के लोगों को भरोसा दिया कि उन्हें डरने की जरूरत नहीं है।

PTI

शाह बोले- बंगाल में SIR से घुसपैठिए बाहर होंगे, जो बचेंगे उन्हें बीजेपी का CM निकालेगा

उत्तर 24 परगना में अमित शाह ने शनिवार को जनसभा को संबोधित किया।

SIR पर ममता का चुनाव आयुक्त को पत्र

■ **पीटीआई, कोलकाता:** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने शनिवार को फिर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखा। उन्होंने SIR की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाया। कहा, बंगाल में 8100 माइक्रो ऑब्जर्वर नियुक्त किए गए हैं। चुनाव आयुक्त के पास लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950, मतदाता पंजीकरण नियम 1960 के तहत इस तरह का कोई अधिकार नहीं है।

सरकार बिना सलाह फैसले लेती है: सिब्बल

■ **पीटीआई, रायपुर:** चुनौसी इक्विटी रेगुलेशंस को लेकर चल रहे विवाद के बीच राज्यसभा सांसद कपिल सिब्बल ने मोदी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि सरकार की आदत बन गई है कि वह किसी से सलाह किए बिना फैसले लेती है और यही बात उसके हर फैसले में दिखती है। हालांकि, सिब्बल ने यह भी कहा कि चूंकि यह मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, इसलिए इस पर राय देना उनके लिए उचित नहीं होगा।

कांग्रेस का आरोप, नीति बनाने में तालमेल की कमी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: कांग्रेस ने कहा कि 27 फरवरी को नई जीडीपी सीरीज जारी होने वाली है। पूछा कि क्या बजट डेटा में जल्द संशोधन होगा, क्योंकि बजट में दिखाए जाने वाले कई आंकड़े जीडीपी के प्रतिशत के तौर पर दिखाए जाएंगे।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने एक सोशल मीडिया पोस्ट पर रविवार को आने वाले बजट से जुड़े फैसलों पर सवाल खड़े किए। लिखा, 27 फरवरी को 2022-23 को आधार मानकर नई जीडीपी सीरीज जारी होने वाली है।

उन्होंने सरकार से पूछा कि क्या एक फरवरी 2026 को बजट के आंकड़े पेश किए जाने के तुरंत बाद उनमें संशोधन किए जाएंगे। रमेश ने आगे कहा कि दूसरी चिंता ये भी है कि साल 2024 को आधार मान कर नई सीपीआई सीरीज यानि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक सीरीज जारी किए जाने की संभावना है।

नई सीरीज में खाद्य कीमतों की हिस्सेदारी में तेज गिरावट दिखाई दे सकती है। थोक मूल्य सूचकांक में भी संशोधन किया जा रहा है और संभव है कि इसे आने वाले कुछ महीनों में सार्वजनिक किया जाएगा। किसी भी स्थिति में ये नीति निर्माण में तालमेल की कमी को ही जाहिर करता है।

घी विवाद: मंत्री बोले, YRCP सरकार ने टेंडर में बदलाव किए

■ **भाषा, हैदराबाद:** आंध्र प्रदेश के वित्त मंत्री पी. केशव ने शनिवार को कहा कि तिरुमला तिरुपति देवस्थानम् (TTD) की ओर से राष्ट्रीय डेरी विकास बोर्ड (NDDB) को भेजे गए घी के सैंपल्स की रिपोर्ट में पशु चर्बी की आशंका साफ तौर पर जताई गई थी लेकिन YRCP सरकार ने रिपोर्ट दबा ली थी। आरोप लगाया कि पहले की सरकार ने निविदा शर्तों में भी की खामियां छोड़ी थीं। मंत्री पी. केशव ने कहा, पहले की सरकार ने पशु चर्बी की रिपोर्ट दबी ली

TIMES interact
Connecting People, Connecting Needs
To book your ad
Logon to: ads.timesofindia.com or Call: 18001205474 (Toll Free)
Scan QR Code

टेंडर और नोटिस

सार्वजनिक सूचना (नोटिस)

PUBLIC NOTICE
To be known to all that my client Mr. Saurabh Gaur S/o Sh. Harchand Raj Gambhir, R/o 823, Jungpura B, Delhi-110014 is in process to Purchase Entire Third Floor with Exclusive Terrace rights of Property No. 121, Block A, Defence Colony, New Delhi, alongwith servant quarter in left area, parking space for two cars in stilt area and 25% undivided, indivisible and impartible ownership rights in the land underneath (hereinafter called the said property) from Mr. Rohan Popli, S/o Late Sh. Arun Kumar Popli, R/o A-121, Third Floor, Defence Colony, New Delhi-110024, by virtue of Agreement to Sell dated 03.12.2025, who has represented to be owner of the said Property and the said property is free from any encumbrances and he is absolute owner. If anybody, person, body corporate has any right, lien or claim whatsoever in the said property, then he/she/it may contact the undersigned with documentary proof of claim with in 7 days of publication of this notice, otherwise it shall be deemed that either there are no claims or the same have been waived off. No claim shall be entertained thereafter and my client shall proceed to purchase the said property.
Vivek Nilesh Goyal, Advocate
Enrollment No.D/1467/2015
6, Prem Nagar Market, Tyag Raj Nagar, New Delhi-110003

पंजाब नैशनल बैंक
...सेवा का प्रतीक!
हिसार तल, अंचल कार्यालय: दिल्ली बीकानेरी काम्पलेक्स, नई दिल्ली
सूचना
पीएनबी के सम्मानित ग्राहक कृपया ध्यान दें!!!
आरबीआई के दिशानिर्देशों के अनुसार, सभी शाखाओं के लिए केवाईसी अद्यतन करना अनिवार्य है। यदि आपका खाता 31.12.2025 तक केवाईसी अद्यतन के लिए देय है, तो आपसे अनुरोध है कि आप अपना केवाईसी 05.02.2026 तक पीएनबी वन/ आईबीसी/ पंजीकृत ई-मेल / डाक / बाद एनएमएस के माध्यम से या किसी भी शाखा में व्यक्तिगत रूप से जाकर अद्यतन करवा लें। अद्यतन न करने से आपके खाते में परिचालन पर रोक लग सकती है।

BOOK YOUR TENDER/NOTICE ADS
FOR BOOKING PLEASE CONTACT
Aman Pasricha
9312633518
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Adstimesofindia.com
SCAN TO BOOK
EXCLUSIVE OFFERS AND ASSISTANCE

Readers are recommended to make appropriate enquiries and seek appropriate advice before sending money, incurring any expenses, acting on medical recommendations or entering into any commitment in relation to any advertisement published in this publication. All creatives marked as Advertorial, Spotlight and Promotional Features are to be treated as Advertisements. The Times of India Group doesn't vouch for any claims made by the Advertisers of the products and services. The Printer, Publisher, Editor, and the owners of The Times of India Group publications shall not be held liable for any consequences, in the event such claims are not honoured by the Advertisers.

निविदाएं (टेंडर्स)

ROYAL PLAZA
Ashoka Group
TENDER NOTICE
Sealed Tenders are invited for the year 2026-2027 of the following items: Imported & Indian fruits & Vegetables, Imported & Indian Grocery, Bakery Products, Tin Food, Juices, soft drink & Aerated water, Dry Fruits & Nuts, Pluses, Flours, Sugar & Oils, Syrups, Spices & Masalas, Sauces & Jams, Tea & Coffee, Guest Room Amenities, & General Supplies, office Stationary, SPA products, Dairy & Milk products & Ice cream, Cold cuts & frozen items, fresh meat products Mutton, chicken, Fish, Sea food & Egg, Tender Fee Rs.1500/- each categories (Non-refundable). Collet the tender from Hotel The Royal Plaza 19 Ashoka Road New-Delhi-110001 from Monday 09.02.2026 to 21.02.2026 between 11.am to 5pm Last date of submission is 25.02.2026 For any enquiry contact Purchase Dept.at Ph.no.011-4355031-32

TENDER NOTICE
CWGVAOA invites sealed Bids (Technical & Financial Bids in separate sealed covers) from reputed and eligible Paint manufacturers for Commonwealth Games Village, Delhi. Issue of tender upto 5 February 2026.
Interested parties may contact Admin Manager # 7042732427 or email ID contact@cwgaoa.org to understand the scope of work/ site visit & submit their sealed bids latest by 18.02.2026 at 3 PM. No bid shall be entertained thereafter.

न्यायालय सूचना

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI (TESTAMENT INTESTATE, JURISDICTION)
CITATION U/s 283,
INDIAN SUCCESSION ACT, 1925
In the matter of TEST.
CAS. No. 108/2025.
MR. CHIRANJIV SINGH ....PETITIONER
Versus
STATE & ORS ....RESPONDENTS
To,
All Concerned
In the matter of estate of Late Sh. Nirmal Singh S/o. Late Sh. S. Amar Singh, R/o. C-150, Defence Colony, New Delhi-110024.
Petition filed by Chiranjiv Singh S/o. Late Sh. Manmeet Singh, R/o. C-150, Ground Floor, Defence Colony, New Delhi-110024 has filed a Petition under Sections 276 & 278 of Indian Succession Act, 1925 for grant of Letters of Administration of the Will dated 05.07.2016 in respect of estate of Late Sh. Nirmal Singh, Deceased.
And whereas the aforesaid case is fixed for hearing on 19.03.2026 at 10.30 a.m. before the Hon'ble Court. This Citation is issued in terms of Section 283 of the said Act to all persons claiming to have any interest in the property/properties of the said deceased to come to this Court, the objections, if any, and take part in the proceedings on the date specified above for the grant of Letters of Administration.
Given under my hand and the seal of this Court, in terms of the orders dated 01.12.2025.
Assistant Registrar (II)
For REGISTRAR GENERAL SPS

IN THE COURT OF SH. ANIL CHANDHEL, SJ-II, ROOM NO. 131, WEST TIS HAZARI COURTS, DELHI.
COURT DOOR: 01.02.2026 SPECIFIC/UM: 03.02.2026 | AUCTION: 16.02.2026 @12:00 Noon | REPORT AUCTION: 21.02.2026
WARRANT OF SALE IN EXECUTION OF A DECREE FOR MONEY
(Under Order XXI Rule 66 of the CPC)
Ex. No. 346/2025 | Report: 21.02.2026
SMT. CHARU SALUJA W/O SHRI SANDEEP SALUJA,
R/O 129-A, GROUND FLOOR, LIG FLATS, RAJOURI GARDEN, DELHI 110027 MOBILE NO. 8383088751, 7701075427 ....DH
VERSUS
SMT. KIRAN @ KIRAN SINGH (SINCE DECEASED)
THROUGH LRS SH. SURINDER KUMAR R/O - B-100, SECOND FLOOR, HARI NAGAR, NEW DELHI - 110064 ALSO AT : R/O 2208-B, SECOND FLOOR, TILAK NAGAR, NEW DELHI 110018 ....JD
TO,
SH. KANHAIYA LAL CHOUDHARY (Advocate) The Court Auctioneer
Enrollment No. D-3891/99, Rm 1173, First Floor, Cell Chamber No. 6, Tis Hazari Rani Bagh Bazar, Delhi 110006, Mobile No. 9868370303
This is to direct you to sell by auction, after giving fifteen days previous notice, by affixing the same in this court door and after making the proclamation, the immoveable property bearing no. 2208, Tilak Nagar, New Delhi 110018 and measuring 100 sq. yards in the second floor with roof rights, attached under a warrant from this Court in execution of decree passed by the Court on 30.07.2024.
As per report of SCM, valuation of the suit property is Rs.
You are further directed to return the warrant on or before 21st day of Feb. 2026, with an endorsement certifying the manner, in which, it has been executed, or otherwise, the reason why it could not be executed.
Given under my hand and seal of the Court on this 28th day of Jan., 2026.
Schedule : Auction of immoveable property no. 2208, Tilak Nagar, New Delhi 110018 admeasuring 100 Sq. yds. in the 2nd floor with roof rights.
Notes : Be posted on the premises of property no. 2208, Tilak Nagar, New Delhi-110018 and viewing in the second floor with roof rights and on the Notice Board as well, by the bailiff. Proclamation of public auction be also done by beat of drums and Publication in Newspaper Navbharat Times on 01.02.2026 for 19.02.2026 at 12.00 Noon. Copy of order dated 19.01.2026 and Condition of Sales are attached herewith.
Conditions of Sale :
1. The particulars specified in the schedule below have been stated to the best of the information of the Court, but the Court will not be answerable for any error, mis-statement or omission in this proclamation.
2. The amount by which the biddings are to be increased shall be determined by the officer conducting the sale. In the event of any dispute arising as to the amount bid, or as to the bidder, the lot shall at once be again put up to auction.
3. The highest bidder shall be declared to be the purchaser of any lot, provided always that he is legally qualified to bid, and provided that it shall be in the discretion of the Court or officer holding the sale to decline acceptance of the highest bid when the price offered appears so clearly inadequate as to make it advisable to do so.
4. For reasons recorded, it shall be in the discretion of the officer conducting the sale to adjourn it subject always to the provisions of rule 69 of Order XXI.
5. In the case of immoveable property, the price of each lot shall be paid at the time of sale or as soon after as the officer holding the sale directs, and in default of payment the property shall forthwith be again put up and resold.
6. In the case of immoveable property, the person declared to be the purchaser shall pay immediately after such declaration a deposit of 25% of the amount of his purchase money to the officer conducting the sale, and in default of such deposit the property shall forthwith be put up and resold.
7. The full amount of the purchase money shall be paid by the purchaser before the Court closes on the fifteenth day after the sale of the property, exclusive of such day, or if the fifteenth day be a Sunday or other holiday, then on the first office day after the fifteenth day.
8. In default of payment of the balance of purchase money within the period allowed, the property shall be resold after issue of fresh proclamation at the risk of the purchaser, and the Court shall, after the fraud in connection with the sale, and meeting such results, shall forfeit all the money paid to or to any part of the sum for which it may be subsequently sold.
Given under my hand and seal of the court on this 28th day of January 2026.
DISTRICT JUDGE-04
WEST DISTRICT, TIS HAZARI COURTS, DELHI

व्यक्तिगत

लापता

गुमशुदा

काजल देवी
उम्र 25, रंग गोरा, कद 5', पत्नी पवन कुमार, पता: जी 1/1022 -सी, ब्लाक जी, फेज-6, आया नगर दक्षिण दिल्ली-110047 दिनांक 13.01.2026, को रेड लाइट व मेट्रो स्टेशन अर्जनगढ़ के पास करीब 7.30बजे की जी.बी.पंत हॉस्पिटल के लिए निकली थी, उन्होंने काले रंग का सूट व काला जैकेट व काले रंग का हैंड बैग, मोबाइल पास है व अवतक लापता है, अगर किसी सज्जन व्यक्ति को किसी भी प्रकार की सूचना हो तो, कृपया संपर्क करे
9650587319
सही सूचना देनेवाले को उचित इनाम दिया जाएगा

PROPERTY FOCUS
TIMES interact

PROPERTY FOR SALE
An, Industrial Plot at Kalyani near Kolkata, Land Covers 19491 sq.mtr. / 4.8 Acre with boundary wall & partly covered sheds with administrative building
Contact Us:
M/s. TRACTEL TIRFOR INDIA PVT. LTD, Dudhola Road, Vill: Prithia, Distt: Palwal, Haryana-121102.
+91 9810000294
tractel.management@gmail.com

BOOK YOUR PROPERTY ADS
PLEASE CONTACT SUNIL : 9999499496
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Adstimesofindia.com

नाम परिवर्तन

I, Jai Prakash s/o Daya Ram, resident of House No. 759, Block P-1, Sultan Puri, New Delhi - 110086, have changed my name from 'Jai Prakash' to 'Jai Prakash Panchal' for all future purposes.
मैं मनी गुप्ता पुत्री अनिल गुप्ता और नीता गुप्ता निवासी 94, मदन पुर खादर, नई दिल्ली- 110076 ने अपना नाम बदलकर मनीषा गुप्ता रख लिया है।

सामान्य

I, Gunjan Kandpal, C701, Stellar Jeevan, Plot Gh03, Sector 01, Greater Noida Extn (West), Gautam Budh Nagar, U.P. 201318, India, have changed my husband's name from Vijay Kandpal to Vijay Kumar Kandpal for all future purposes.

BOOK YOUR PERSONAL ADS
FOR BOOKING PLEASE CALL AMIT : 9811790649
TO BOOK ONLINE LOG ON TO
Adstimesofindia.com

पूर्वोत्तर रेलवे
ई–निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये प्रमुख मुख्य विद्युत अभियंता / पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है। कार्य का नाम:– विद्युत कर्षण विद्युत आपूर्ति प्रतिष्ठानों के क्षमता उन्नयन कार्य के लिए पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ डिवीजन के मनकापुर–गोरखपुर कैंट खंड में 2 x 25 केवी एटी फीडिंग सिस्टम के लिए संबद्ध स्विचिंग पोस्ट के साथ कर्षण उप–स्टेशनों का विस्तार, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंट्रक्शन (ईपीसी) मोड पर। ई–निविदा सूचना सं०:– EPC-PSI-MUR-GKD-NER, अनुमानित लागत (रु):– 154171267.06, बिड सिक्योरिटी (अमानत राशि) (रु):– 7706600.00, निविदा बन्द होने की तिथि:– 02.04.2026, स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन /अवधि की तिथि:– 730 दिन, • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। • यदि निविदा सूचना में हिन्दी एवं अंग्रेजी में अंतर होता है तो निविदा सूचना में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा।
मुख्य विद्युत अभियंता/प्रोजेक्ट, मुजाफ्फरपुर–270
लखनऊ
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें
DP/1356/RLY/2026

पहचान की अपील

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक मृतक व्यक्ति जिसका नाम: नामालूम, पुत्र: नामालूम, पता: नामालूम, उम्र: लगभग 40 कद : 5 फुट 8 इंच, रंग : गेहुंआ, चेहरा: लम्बा, शरीर : पतला, पहचान चिन्ह: बायें हाथ में मो. नहीम लिखा है। पहनावा: काले रंग का टी–शर्ट और ब्राउन कलर का चादर ओढ रखी है। जो बेहोशी की हालत में प्लैट फार्म नं 12 / 13 निकट क्लीकस सीघालय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से मिला जिसे एलएचएमसी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसे एमएलसी नं 387 / 26 दिनांक 29.01.2026 के तहत मृत घोषित कर दिया। इस संदर्भ में डी.डी. नं 66ए दिनांक 29.01.2026 धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 के तहत थाना नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली में दर्ज है। शव को पहचान के लिए एलएचएमसी अस्पताल की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया।
पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस मृतक व्यक्ति के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक व्यक्ति के बारे कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।
थानाध्यक्ष
थाना : नई दिल्ली रेलवे स्टेशन, दिल्ली
फोन: 011-23744073, 8750871305
DP/1356/RLY/2026

पहचान की अपील

रमाकान्त
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक आदमी (फोटो में दर्शाया गया) जिसका नाम रमाकान्त, पुत्र रघुवीर निवासी 1366/68, कश्मीरी गेट, दिल्ली, जो दिनांक 27.01.2026 को PWD लेबर रूम, फूटओवर ब्रिज के पीछे MCD फ्लैट गेट, आजाद पुर, दिल्ली में मृत अवस्था में पाया गया। इस संदर्भ में एक डीडी नं. 24ए दिनांक 27.01.2026 थाना आदर्श नगर, दिल्ली में दर्ज है। मृत शरीर को पहचान के लिए बीजेआरएम अस्पताल के मुर्दाघर, दिल्ली में 72 घंटे के लिए संरक्षित रखा गया है।
जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–
लिंग: पुरुष, आयु: करीब 45 वर्ष, कद: 5' 11" फीट, रंग: सांवला, शरीर: सामान्य, चेहरा: लम्बा, पहनावा: नीले रंग का अपर और लोअर और काले रंग जुते पहने हुए था।
मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग रखने वाला कोई भी व्यक्ति निम्नलिखित पते या टेलीफोन नंबर पर सूचित करें:–
थाना प्रभारी
थाना: आदर्श नगर, दिल्ली
फोन: 011-27672452, 27674452
मोबाइल: 8750870229
DP/1225/NW/2026 (UIDB)

गुमशुदा/अपहृत की तलाश

जीतेन्द्र
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका नाम जीतेन्द्र, पुत्र, गंगा सिंह, पता मकान नं. एन–214, तृतीय तल मंगोलपुरी दिल्ली, जो 15.20 दिन पहले सुबह 08.00 बजे थाना क्षेत्र, मंगोलपुरी, दिल्ली से लापता/अपहरण हुआ है। इस संदर्भ में एक डीडी सं. 89ए दिनांक 27.01.2026 के तहत थाना मंगोलपुरी, दिल्ली में दर्ज है। गुमशुदा/अपहृत व्यक्ति का ब्यौरा इस प्रकार है:
नाम : जीतेन्द्र, पिता का नाम : गंगा सिंह, उम्र : 35 साल, कद : 5 फुट, रंग : गोरा, चेहरा: गोल, शरीर: पतला,
अगर किसी व्यक्ति को इस बारे में कोई जानकारी/सूचना मिले तो कृपया निम्नलिखित फोन नम्बरों पर सूचित करें।
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
ई–मेल : cic@cbi.gov.in
फैक्स : 011-24368639
फोन : 011-24368638, 24368641
थानाध्यक्ष
थाना : मंगोलपुरी, दिल्ली
फोन : 011-27921168 27922186
DP/1324/OD/2026

गुमशुदा लड़की की तलाश

अंजलि
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दिखाई गई) जिसका नाम अंजलि पुत्री बिजेंद्र निवासी डब्ल्यूपी 393, वजीरपुर गांव, अशोक विहार, दिल्ली उम्र करीब 14 साल जो कि 14.01.2026 को करीब सुबह 10 बजे अपने घर से लापता है। इस बाबत FIR No. 19/2026 दिनांक 18.01.2026, धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता, थाना अशोक विहार, दिल्ली में दर्ज है। इसका शारीरिक ब्यौरा इस प्रकार है:–
रंग: सांवला, कद: 5'7", चेहरा: अण्डाकार, शरीर: पतला, जिसने मुलाबी रंग का स्वेटर, सफेद रंग का लोअर और मुलाबी रंग की चप्पल पहनी है।
यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोलिखित को सूचित करने की कृपा करें:–
थानाध्यक्ष: अशोक विहार, दिल्ली
फोन: 011-27242917, 27151317
8750870221
ई-मेल: cic@cbi.gov.in
वेबसाईट: http://cbi.nic.in
फैक्स: 24368639
दूरभाष: 24368638/24368641
DP/984/NW/2026

गुमशुदा की तलाश

ओमवती
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका नाम ओमवती, पत्नी: लाल सिंह, पता: म.नं. 205, हरिजन चौपाल, नेब सराय, नई दिल्ली जोकि दिनांक 27.01.2026 को दोपहर करीब 12:00 बजे अपने घर से गुमशुदा है। इस सन्दर्भ में DD No. 68 A, दिनांक 28.01.2026 पुलिस थाना नेब सराय, नई दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। नीचे गुमशुदा महिला की पहचान दी गई है:
नाम: ओमवती, उम्र: 36 वर्ष, कद: 5'2", रंग: गोरा, चेहरा: लंबा, शरीर: मध्यम, पहनावा: पीले रंग का सूट व सलवार और पैरों में जूती।
अगर किसी को इस गुमशुदा महिला के बारे में कोई जानकारी मिले कृपया पुलिस थाना नेब सराय, नई दिल्ली को सूचित करने की कृपा करें।
वेबसाइट: http://cbi.nic.in, ई–मेल: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638 / 24368641, फैक्स: 011–24368639
थाना प्रभारी
पुलिस थाना नेब सराय, नई दिल्ली
फोन: 7065569305, 9968731613
DP/1288/SD/2026

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH11 User: cci Time: 01-31-2026 23:19 Color:

बेंगलुरु के रियल एस्टेट टाइकून सी. जे. रॉय ने IT छापे के दौरान मार ली थी गोली

बिल्डर खुदकुशी की जांच SIT को

■ पीटीआई, बेंगलुरु/तिरुवनंतपुरम

बेंगलुरु के रियल एस्टेट टाइकून सी. जे. रॉय के कथित स्यूसाइड मामले की जांच एसआईटी करेगी। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने शनिवार को पुलिस को जांच के निर्देश दिए थे। इसके कुछ घंटे बाद बेंगलुरु पुलिस ने SIT के गठन का ऐलान कर दिया। परिवार ने आरोप लगाया है कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट जांच के दौरान उन पर दबाव डाल रहा था। उधर, इस हाईप्रोफाइल मामले की आंच पड़ोसी राज्य केरल में भी दिख रही है। सत्तारूढ़ और विपक्षी ने रॉय की मौत की पूरी जांच की मांग की है।

बेंगलुरु पुलिस के मुताबिक, मामले की गहन जांच के लिए पुलिस कमिश्नर सीमंत कुमार सिंह ने SIT के गठन का आदेश दिया है। साथ ही निर्देश दिया है कि जांच टीम को सौंपे दी जाए। SIT का नेतृत्व वेस्ट जोन के जॉइंट कमिश्नर ऑफ पुलिस सी. वामशी कृष्णा करेंगे। कर्नाटक के गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने कहा, 'हम देखेंगे कि मुद्दा क्या है। जब तक हमें यह पता नहीं चल जाता कि किन कारणों से वह इस स्थिति में पहुंचे, तब तक मैं कुछ नहीं कह सकता।' वहीं, जे. शुक्रवार को शहर में रियमंट सर्कल के पास अपने ऑफिस में अपने लाइसेंसी हथियार से गोली लगने से घायल हो गए थे। स्टाफ के सदस्य उन्हें तुरंत एक अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मूल रूप से केरल के रहने वाले रॉय स्लोवाक गणराज्य के मानद कांसुल भी थे।

वहीं, केरल में सत्तारूढ़ CPI (M) और कांग्रेस के नेतृत्व वाले विपक्षी गठबंधन UDF ने रॉय की मौत की पूरी जांच की मांग करते हुए कहा कि इस टीम तीन दिनों से बेंगलुरु में तलाशी ले रही थी। उन्होंने आरोप लगाया, 'मेरे भाई की मौत के लिए IT अधिकारी पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।'

IT डिपार्टमेंट की जांच के लिए दुबई से लौटे थे 57 साल के रॉय

भाई बोले- IT अधिकारी ज़िम्मेदार, देना होगा जवाब

Niranjan.Kaggere
@timesofindia.com

■ **बेंगलुरु :** कॉन्फिडेंट ग्रुप के मालिक CJ रॉय ने किन परिस्थितियों में स्यूसाइड किया, इसकी जांच चल रही है। इस बीच उनके परिवार ने केरल के इनकम टैक्स (IT) डिपार्टमेंट के अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराया है। उनके भाई CJ बाबू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि IT अधिकारियों की एक टीम तीन दिनों से बेंगलुरु में तलाशी ले रही थी। उन्होंने आरोप लगाया, 'मेरे भाई की मौत के लिए IT अधिकारी पूरी तरह से जिम्मेदार हैं।'

■ कॉन्फिडेंट ग्रुप के मालिक CJ रॉय के भाई ने कहा कि रॉय को नहीं था बिजनेस स्ट्रेस, बताया लोन या मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या

'बातचीत में थे सामान्य'

CJ बाबू के अनुसार, रॉय का परिवार दुबई में रहता था, लेकिन IT अधिकारियों के कहने पर वे बेंगलुरु लौट आए थे। 57 साल के रॉय केरल में कई बड़े रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स को बढ़ावा दे रहे थे। इसी बीच बिल्डरों पर कार्रवाई के बीच वह भी IT के निशाने पर आ गए थे। बाबू ने आरोप लगाया कि तिरुवनंतपुरम में तैनात इनकम टैक्स के अडिशनल कमिश्नर कृष्णा प्रसाद ने नियमों का पूरी तरह से पालन करने के दावों के बावजूद उन्हें बार-बार जांच के दायरे में रखा। IT अधिकारियों के दबाव और उत्पीड़न के कारण यह हुआ। क्योंकि, रॉय को कोई बिजनेस स्ट्रेस, बकाया लोन या मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्या नहीं थी। वह पूरी तरह से सामान्य थे और अच्छे मूड में थे।

'नहीं सह पा रहे थे दबाव'

CJ बाबू ने कहा, 'हमने 8 जनवरी को मेरे बड़े भाई पर बात की थी, उन्होंने इनकम टैक्स अधिकारियों के दबाव का जिक्र किया था। वह नियमित संपर्क में रहते थे और शुक्रवार सुबह 11 बजे के करीब उन्हें फोन भी किया था, सामान्य लग रहे थे और अगली शाम मिलने का प्रस्ताव दिया था। मेरे भाई ने पूरा सहयोग किया और सभी दस्तावेज जमा किए। फिर भी अधिकारी बार-बार आते रहे। उन्होंने मुझे कई बार बताया था कि IT की परेशानी असहनीय थी। कृष्णा प्रसाद और केरल की उनकी टीम को जवाब देना होगा कि ऐसा क्यों हुआ?' क्या परिवार पुलिस में शिकायत दर्ज कराए? इस पर बाबू ने कहा कि परिवार से इस पर चर्चा होगी। छापे के दौरान मौजूद अधिकारियों के खिलाफ शिकायत का इरादा रखते हैं।

लग्जरी कारें, इंस्टा पर 1.3 मिलियन फॉलोअर्स

रॉय ने 1994 में पहली कार मारुति 800 खरीदी। बाद में एक के बाद एक लग्जरी कारें उनके काफिले में जुड़ती चली गईं। इनमें 12 रोल्स-रॉयस कारें, एक बुगाटी वेरॉन, एक कोएनिग्सेग एगेरा, लेम्बोर्गिनी, मैकलेरन 720S और एक मॅसेडीज-मैबैक शामिल हैं। रॉय इंस्टाग्राम पर काफी ऐक्टिव थे। उनके 1.3 मिलियन फॉलोअर्स थे। वह अपनी कारों और हेलिकॉप्टरों, यात्रा की कहानियों, पत्नी और दो बच्चों के साथ के फोटो लगातार पोस्ट करते थे।

सवाल मन का

अक्सर नेगेटिव विचार आते हैं कि कुछ गलत होने वाला है, बाहर कैसे निकलूं?

शरीर की बीमारी के लिए तो हम डॉक्टर के पास चले जाते है लेकिन मन की परेशानी के लिए मन के डॉक्टर या साइकॉलजिस्ट के पास जाने मे झिझक होती है। इसलिए संडे एनबीटी के इस कॉलम मे रीडर्स खुलकर अपने मन की उलझनो के बारे मे सवाल पूछ सकते है। जाने-माने एक्सपर्ट्स उनका जवाब देंगे। आज आपके सवालो के जवाब दे रहे है सीनियर सायकायट्रिस्ट डॉ. समीर पारिख

■ **मेरे दिमाग मे अक्सर नेगेटिव विचार आते रहते है। बार-बार ऐसा लगता है मेरे साथ कुछ गलत होने वाला है, भले ही कोई ठोस वजह न हो। इसी आशंका और बेचैनी मे पूरा दिन उलझन के साथ गुजर जाता है। क्या इस तरह की लगातार नकारात्मक सोच डिप्रेशन की ओर इशारा करती है? अगर हां, तो इससे बाहर निकलने के लिए मुझे क्या करना चाहिए?** -एक पाठक

बार-बार नेगेटिव विचार आना या यह लगना कि कुछ खराब होने वाला है, एग्जाइटी की निशानी हो सकती है। इसके साथ चिंता, उलझन, बेचैनी और लगातार टेंशन महसूस होती है। इसका असर नींद पर भी पड़ता है। नींद पूरी न होना, बार-बार चौंक कर उठना या दिमाग का शांत न होना इसके संकेत हो सकते हैं। कई बार ये नेगेटिव सोच हमारे अपने बारे में भी हो जाती है। हमे लगने लगता है कि हम ठीक नही है, हमसे कुछ गलत हो जाएगा या हम किसी काम के लायक नही है। अगर इस तरह के विचार लंबे समय तक बने रहते है और आपकी रोजमर्रा की जिंदगी, काम, रिश्तो या नींद को प्रभावित करने लगते है, तो इसे हल्के मे नही लेना चाहिए। ऐसी स्थिति मे किसी सायकायट्रिस्ट से बात करना जरूरी हो जाता है। यह एग्जाइटी हो सकती है या कोई दूसरी मानसिक परेशानी भी हो सकती है, जिसकी सही पहचान एक्सपर्ट ही कर सकता है। इलाज की बात करे तो इसमे काउंसलिंग, दवाइयां और लाइफस्टाइल मे बदलाव तीनो की अहम भूमिका होती है। इसके साथ-साथ यह भी जरूरी है कि जब नेगेटिव विचार आएं, तो आप उनकी जड़ को समझने की कोशिश करे। ये विचार क्यो आ रहे है, उनकी वजह क्या है, इस पर ध्यान देना जरूरी है। साथ ही यह भी देखना चाहिए कि क्या आप अपनी दिनचर्या, सोच या आदतो मे कुछ बदलाव करके इन विचारो को कम कर सकते है।

■ **पूरी तैयारी होने के बावजूद मुझे खुद पर भरोसा नहीं हो पाता। एग्जाम को लेकर हमेशा डर बना रहता है और एग्जाम के समय सिरदर्द भी बढ़ जाता है। क्या यह सिर्फ तनाव का असर है या किसी गहरी समस्या का संकेत? ऐसे डर और शारीरिक परेशानी को कंट्रोल करने के लिए कौन-से तरीके अपनाए जा सकते है?** -एक पाठिका

परफॉर्मेंस एग्जाइटी, खासकर एग्जाम के समय होना बहुत आम बात है। जब कोई एग्जाम, इंटरव्यू या टेस्ट हमारे लिए ज्यादा मायने रखता है, तो उसकी चिंता होना स्वाभाविक है। इस तरह की एग्जाइटी को बीमारी मान लेना सही नही है। दरअसल, अगर बिलकुल भी एग्जाइटी न हो, तो शायद हम मेहनत ही न करें और अगर एग्जाइटी बहुत ज्यादा हो जाए, तो वही हमे परेशान करने लगती है। इसलिए कहा जाता है कि ऑप्टिमम एग्जाइटी ही ऑप्टिमम परफॉर्मेंस (चिंता इतना ही करें जितने की जरूरत हो यानी उससे डिस्ट्रर्ब न हो, तभी बेहतरीन परफॉर्मेंस हो पता है) होती है। एग्जाम की तैयारी के लिए सबसे जरूरी है लगातार अभ्यास। पढ़ाई के दौरान सेल्फ टेस्ट लें। साथ ही बीच-बीच मे ब्रेक लेना भी जरूरी है, ताकि दिमाग थके नही। जो टॉपिक आपको अच्छे से आते है, उन्हे अपनी ताकत माने और उन पर भरोसा रखें। जो चीजे कमजोर लगती है, उनमे अकेले जूझने के बजाय टीचर, दोस्त या किसी सीनियर से मदद लें। कोशिश करे कि तैयारी टेंशन मे नही बल्कि शांत दिमाग से हो। इसके लिए अच्छी डाइट लेना, समय पर सोना-जागना और रोजमर्रा की जिंदगी मे एक रूटीन बनाना बहुत मदद करता है। कई बार एग्जाम के समय सिरदर्द, पेट दर्द या घबराहट भी इसी तनाव की वजह से होती है। एक और अहम बात यह है कि पढ़ाई को बोझ की तरह न लें। अगर आप पढ़ाई को थोड़ा-थोड़ा इंजॉय करना सीख लें, तो एग्जाम की पूरी प्रक्रिया भी आसान लगने लगती है।

मन की उलझन
हमें ऐसे भेजें अपने सवाल

यह कॉलम आपके लिए ही है। अगर आपके मन मे कोई उलझन हो या मेंटल हेल्थ से जुड़ा कोई सवाल हो तो हमें sundaynbt@timesofindia.com पर ईमेल करें या वॉट्सऐप नंबर 89298-16941 पर मंगलवार तक भेज दें। चुने हुए सवालो पर एक्सपर्ट्स से बात करके जवाब पब्लिश किए जाएंगे।

फटाफट खबरें

झावेरी देंगे टाटा ट्रस्ट से इस्तीफा

■ **NBT रिपोर्ट :** प्रमित झवेरी सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के बोर्ड में ट्रस्टी के पद से हटेंगे। टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा को लिखे एक लेटर में उन्होंने कहा कि जब 11 फरवरी, 2026 को उनका मौजूदा कार्यकाल खत्म होगा, तो वह टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी के तौर पर दोबारा नियुक्ति के लिए विचार नहीं करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि इस फैसले पर पहले नोएल टाटा संग चर्चा हुई थी।

भारत-फ्रांस दोस्ती लाइफलाइन : CJI

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** भारत के मुख्य न्यायाधीश (CJI) सूर्यकांत ने कहा है कि विघटनकारी शक्तियां और जीओ पॉलिटिकल तनाव अंतरराष्ट्रीय सहयोग की पूरी संरचना को अस्थिर करने की धमकी है। ऐसी दुनिया में भारत-फ्रांस साझेदारी कोई लग्जरी नहीं बल्कि लाइफलाइन है। शुक्रवार को इंडो-फ्रेंच लीगल एंड बिजनेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने ये बातें कहीं।

आगरा : ट्रक ने रौंदा, 6 की मौत

■ **NBT न्यूज, आगरा :** आगरा में शनिवार को तेज रफ्तार ट्रक ने सवारियों से भरे दो ऑटो में टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ट्रक ने सवारियों को रौंद दिया। हादसे में जगन्नाथ पुरी से दर्शन कर लौट रहे छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उनका एसएन मेडिकल कॉलेज और प्राइवेट अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को हिरासत में ले लिया है।

रैगिंग में 8 MBBS छात्र हुए सस्पेंड

■ **भाषा, जबलपुर :** मध्यप्रदेश के जबलपुर स्थित नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के पहले साल के एक छात्र की कथित तौर पर रैगिंग करने के मामले में एमबीबीएस के आठ छात्रों को छह महीने के लिए निलंबित कर दिया गया है। कॉलेज के डीन ने बताया कि पीड़ित द्वारा शिकायत दर्ज कराने के बाद कॉलेज की एंटी रैगिंग समिति ने जांच की और आरोपों को सही पाया।

अयोध्या GST अफसर ने इस्तीफा वापस लिया

■ **भाषा, अयोध्या:** अयोध्या में तैनात जीएसटी विभाग के उपायुक्त प्रशांत कुमार सिंह ने शनिवार को अपना इस्तीफा वापस ले लिया। उन्होंने साफ किया कि उनपर कोई दबाव नहीं है। प्रशांत ने अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विरोध में पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी।

'मैन्युअल सीवर सफाई से मौत पर दिया जाए 30 लाख का मुआवज़ा'

Rajesh.Choudhary
@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने साफ किया है कि मैन्युअल सीवर सफाई और मैन्युअल स्कैवेंजिंग (मैला ढोने) के कारण मौत के हर मामले में उसका अक्टूबर 2023 का फैसला लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस पी. बी. वराले की बेंच ने स्पष्ट किया कि जिन मामलों में मुआवजा पहले ही निर्धारित और भुगतान किया जा चुका है, उनको दोबारा नहीं खोला जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने अक्टूबर 2023 में ऐसी मौत के मामले में मुआवजा राशि 10 से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट की ओर से 20 जनवरी को दिए अपने आदेश में यह स्पष्टीकरण राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (NALSA) के एक आवेदन पर आया, जिसमें कहा गया था कि विभिन्न हाई कोर्ट ने मुआवजे की राशि को लेकर अलग-अलग नजरिया अपनाया है। मद्रास हाई कोर्ट ने एक मामले में 10 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया था, वहीं दिल्ली हाई कोर्ट ने मुआवजा बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दिया।

मुआवजा निर्धारित या भुगतान हो चुका तो नहीं खोला जाएगा मामला

फैसला बनेगा नज़ीर

यह आदेश एक महिला की याचिका पर आया है। वह 2022 में सेप्टिक टैंक की सफाई के दौरान मृत सीवर सफाईकर्मी की विधवा और आश्रित है। उनका कहना है कि अक्सर 2023 से राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के आदेश के बावजूद उन्हें अब तक मुआवजा नहीं दिया गया है। अब सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में मुआवजा बढ़ाकर देने को कहा और व्यवस्था दी कि फैसले से पहले के मामले में भी फैसला लागू होगा ऐसे में यह फैसला नजीर बनेगा।

NBT Lens
खबरों के अंदर की बात

15 महीने बाद गौतम अदाणी ने स्वीकारा US कोर्ट का नोटिस

■ **पीटीआई न्यूयॉर्क/नई दिल्ली :** भारतीय उद्योगपति गौतम अदाणी और उनके भतीजे सागर अदाणी ने US सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमिशन (SEC) से एक सिविल फ्रॉड मुकदमे में कानूनी नोटिस लेने पर सहमति जताई है। 15 महीने पहले इस मामले में अदाणी पर आरोप है कि उन्होंने रिश्वतखोरी योजना के बारे में निवेशकों को गुमराह किया। न्यूयॉर्क के ब्रूकलिन में एक फेडरल कोर्ट में दायर याचिका में SEC और गौतम और सागर के US-आधारित वकीलों ने कहा कि उन्होंने रेगुलेटर के कानूनी कागज स्वीकार करने पर सहमति जताई है, जिससे जज को यह तय करने की जरूरत नहीं होगी कि प्रतिवादियों को नोटिस कैसे दिया जाए।

सिविल फ्रॉड मे सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमिशन को 90 दिनों मे देने जवाब

बिहार: NEET अभ्यर्थी की मौत मे CBI जांच की सिफारिश

■ **भाषा, पटना :** पटना में नीट की तैयारी कर रही 18 साल की छात्रा की मौत मामले में बिहार सरकार ने सीबीआई जांच की सिफारिश कर दी है। बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने शनिवार को यह जानकारी दी। फिलहाल बिहार पुलिस की एसआईटी इस मामले की जांच कर रही है। जहानाबाद की रहने वाली छात्रा इस महीने की शुरुआत में पटना के चिड़ियाघर नगर में अपने हॉस्टल के कमरे में बेहोश मिली थी। कई दिनों तक कोमा में रहने के बाद 11 जनवरी को एक निजी अस्पताल में उसकी मौत हो गई। छात्रा के परिवार ने उसका यौन उत्पीड़न और अधिकारियों पर मामले को दबाने की कोशिश करने का आरोप लगाया था।

30 अप्रैल से पहले राम मंदिर पूरा होने होने की उम्मीद

■ **NBT न्यूज, अयोध्या :** अयोध्या में 71 एकड़ में बन रहे राम मंदिर का निर्माण कार्य 30 अप्रैल 2026 से पहले पूरा हो होने की उम्मीद है। मंदिर परिसर से निर्माण में लगी कंपनियों को शिफ्टिंग की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है। राम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि मंदिर ट्रस्ट अब तक जीएसटी सहित करीब 1600 करोड़ रुपये का भुगतान निर्माण कंपनियों को कर चुका है, जबकि कुल निर्माण लागत लगभग 1900 करोड़ रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल 2026 के बाद निर्माण कंपनियां L&T और TCE मंदिर ट्रस्ट के साथ तीन साल का नया एग्रीमेंट करेंगी। इसके तहत कंपनियां अयोध्या में अपनी ग्रेटेड तकनीकी यूनिट स्थापित करेंगी, जो मंदिर से जुड़ी किसी भी तकनीकी समस्या पर नजर रखेंगी। जरूरत पड़ने पर मुख्यालय से विशेषज्ञ टीम बुलाकर खामियों को दूर किया जाएगा।

मंदिर परिसर से निर्माण मे लगी कंपनियों की शिफ्टिंग की प्रक्रिया भी शुरू हो चुकी है

सावरकर सदन को नहीं मिल सकता नैशनल मॉन्युमेंट का टैग : एएसआई

कोर्ट को बताया, इसके लिए इमारत का 100 साल पुराना होना जरूरी

2 मिनट में पढ़ें — NBT

Rosy.Sequeira
@timesofindia.com

■ **मुंबई :** भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (ASI) ने बॉम्बे हाई कोर्ट को बताया है कि मुंबई में सावरकर सदन को केंद्रीय संरक्षित स्मारक (CPM) घोषित नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह इमारत 100 साल पुरानी नहीं है। ASI के अनुसार, किसी भी इमारत को केंद्रीय संरक्षित स्मारक का दर्जा देने के लिए उसका कम से कम 100 साल पुराना होना जरूरी है। ASI ने यह जानकारी एक जनहित याचिका (PIL) पर केंद्र सरकार की ओर से 29 जनवरी को दाखिल जवाब में दी। यह याचिका अभिनव भारत कांग्रेस के अध्यक्ष पंकज फडनिस (Pankaj Phadnis) ने दायर की थी। उन्होंने मांग की थी कि राज्य सरकार को निर्देश दिया जाए कि सावरकर सदन को बृहन्मुंबई महानगरपालिका (BMC) की हेरिटेज सूची में शामिल किया जाए। याचिका में BMC की अगस्त 2010 की उस सिफारिश का भी हवाला दिया गया था।

1938 में बनी थी इमारत : सावरकर सदन मूल रूप से 1938 में एक ग्राउंड प्लस वन बंगले के रूप में बनाया गया था। बाद में इसमें कई बदलाव किए गए। 1984 में इमारत में तीन और मंजिलें जोड़ी गईं। वर्तमान में यह इमारत आठ फ्लैट्स की एक बहुमंजिला इमारत बन चुकी है, जिसमें अलग-अलग निजी मालिक हैं। ASI के अनुसार, इमारत में निर्माण के बाद कई बड़े बदलाव किए गए हैं, हालांकि इसकी स्थिति रहने योग्य बनी हुई है। सावरकर राष्ट्रीय स्मारक ट्रस्ट के पास इस इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर केवल एक कमरा है, जिसे मिनी म्यूजियम के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है।

AI Image

ET NOW स्वदेश पर आज पूरे दिन विशेष बजट कवरेज

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** ET NOW स्वदेश एक फरवरी 2026 को अपने दर्शकों के लिए सबसे बड़े और प्रभावशाली बजट कवरेज के लिए तैयार है। सुबह 7 बजे से लेकर प्राइम टाइम तक, ET NOW स्वदेश बजट 2026 की हर मार्केट एक्शन, एक्सपर्ट की चर्चा और एनालिटिकल कवरेज के साथ समझाया जाएगा। घोषणा, प्रतिक्रिया और इसके असर को समझाने के लिए गहन जानकारियों, लाइव मार्केट एक्शन और भारत की अर्थव्यवस्था पर फोकस करते हुए अपने कार्यक्रम पेश करेगा। सुबह सात बजे से लेकर प्राइम टाइम तक के प्रोग्राम में लाइव मार्केट एक्शन, एक्सपर्ट की चर्चा और गहरी एनालिटिकल कवरेज के साथ बजट को हर पहलू से समझाया जाएगा। बजट-डे के खास प्रोग्राम प्री-बजट कवरेज से शुरू होंगे, जिसमें वित्त मंत्री के भाषण से पहले उम्मीदों, प्रमुख नीति विषयों और बाजार की भावनाओं को कवर किया जाएगा। वित्त मंत्री का बजट भाषण संसद से लाइव टेलीकास्ट किया जाएगा, इसके बाद तुरंत बजट का विश्लेषण किया जाएगा।

CUET-UG में पांच विषयों के लिए छात्रों में कड़ा मुकाबला

Bhupender.Sharma
@timesofindia.com

नई दिल्ली : देशभर की प्रमुख यूनिवर्सिटीज में किन-किन विषयों में एडमिशन के लिए मुकाबला कड़ा रहेगा, इसका अंदाजा CUET- UG 2026 के लिए हुए विषयवार आवेदनों से लगाया जा सकता है। सीयूईटी में 4 फरवरी तक आवेदन कर सकते हैं। अभी तक जो आवेदन आए हैं, उनमें टॉप 5 विषयों में इंग्लिश, केमिस्ट्री, जनरल टेस्ट, फिजिक्स और मैथ है। टेस्ट के लिए अभी तक 13 लाख से ज्यादा रजिस्ट्रेशन हुए हैं। एनटीए का मानना है कि फीस जमा करवाने के बाद फाइनल आंकड़ा 14 लाख तक जा सकता है। 2025 में यह संख्या 13,54,699 थी। CUET-UG 2026 में एक छात्र अधिकतम 5 विषयों की परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। एडमिशन के लिए एक लैंग्वेज के नंबर जरूर देखे जाते हैं। लैंग्वेज समेत दूसरे डोमेन सब्जेक्ट्स को देखें तो इंग्लिश की परीक्षा के लिए सबसे ज्यादा 10.26 लाख आवेदन आए हैं। इसके बाद केमिस्ट्री के लिए 7.48 लाख, जनरल ऐप्टीट्यूट टेस्ट के लिए 7.40 लाख और फिजिक्स के लिए 7.17 लाख आवेदन आए हैं। मैथमैटिक्स के लिए 4.59 लाख और बायोलॉजी के लिए 4.42 लाख आवेदन आए हैं।

इंग्लिश, केमिस्ट्री, जनरल टेस्ट, फिजिक्स, मैथ मे आए सबसे अधिक आवेदन

JEE मेन : 1 फरवरी से होंगे रजिस्ट्रेशन

नई दिल्ली | JEE-MAIN 2026 का सेकंड राउंड अब शुरू होगा। पहले राउंड की परीक्षा खत्म हो गई है। इस परीक्षा के लिए प्रोविजनल ऑन्सर-की जारी होगी। 4 और 5 फरवरी को आंसर शीट्स विंडो ओपन होगी। अगर किसी छात्र को प्रोविजनल आंसर-की पर आपत्ति है, तो विंडो के जरिये आवेदन कर सकेगा। पहले राउंड की परीक्षा का रिजल्ट 12 फरवरी तक आएगा। एनटीए ने सेकंड राउंड के लिए आवेदन प्रक्रिया की तैयारी पूरी कर ली है। संभावित शेड्यूल के मुताबिक, एक फरवरी से रजिस्ट्रेशन शुरू जाएगा और 25 फरवरी तक चलेगा।

233 यूनिवर्सिटीज की लिस्ट तय : सीयूईटी स्कोर के आधार पर एडमिशन देने के लिए 233 यूनिवर्सिटीज तैयार हैं। इसकी जानकारी एनटीए को दे दी गई है। यह संख्या बढ़ सकती है। लिस्ट में 48 केंद्रीय विश्वविद्यालय, 30 स्टेट यूनिवर्सिटीज, 27 डीम्ड यूनिवर्सिटीज, 113 प्राइवेट यूनिवर्सिटीज और 7 अन्य सरकारी संस्थान है। 2025 में 241 यूनिवर्सिटीज थीं जिसमें 126 प्राइवेट यूनिवर्सिटीज थीं।

समाज के हीरो उत्तराखंड के कोटद्वार मे 'बाबा' नाम से दुकान चला रहे मुस्लिम समुदाय के बुजुर्ग पर दबाव बना रही भीड़ से भिड़ गए 'मोहम्मद दीपक'

बहादुर इंसान की दिलेरी के आगे हार गई नफरत

■ NBT रिपोर्ट, देहरादून

कोटद्वार मे एक बहादुर इंसान की दिलेरी के आगे नफरत हार गई। दरअसल, एक बुजुर्ग दुकानदार को महज इसलिए दबाव में लेने की कोशिश की जा रही थी, क्योंकि वह मुस्लिम है और 'बाबा' नाम से दुकान चलाते हैं। लेकिन, हंगामे के बीच अचानक पहुंचे इस बहादुर इंसान के आगे नफरत फैलाने वाले भागने को मजबूर हो गए। दुकानदार को दबाने के विरुद्ध चट्टान की तरह खड़े रहे इस इंसान ने उसने अपना नाम 'मोहम्मद दीपक' बताकर मुकाबला किया।

बजरंग दल की भीड़ से भिड़ने वाले शख्स हैं कोटद्वार के ही रहने वाले निम ट्रेनर दीपक। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि बाबा शब्द किसी एक धर्म की बपौती नहीं है। इसे भाईचारे और गर्व ही गया। भीड़ के हंगामे के बीच दीपक ने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने हंगामा नहीं होने दिया। हंगामे की सूचना पर पुलिस के सीनियर अधिकारी मौके पर पहुंचे और उन्हे किसी तरह से समझाकर थाने की ओर ले गए। देहरादून से आए बजरंग दल के कार्यकर्ता इसको लेकर कोटद्वार में जमकर नारेबाजी करने लगे। उन्होंने करीब 20 मिनट तक पटेल मार्ग पर जाम लगा दिया। मामला तूल पकड़ने पर दोनो पक्षो ने एक-दूसरे के खिलाफ पुलिस को शिकायत दी है।

कोटद्वार मे इसी दुकान के मालिक के पक्ष मे आए थे दीपक।

Social Media

शनिवार को देहरादून से पहुंचे बजरंग दल के लोगों ने फिर किया हंगामा, पुलिस ने रोका

दीपक ने कहा कि मुसलमानो मे भी पीर बाबा होते हैं। यह दुकान 30 साल से अधिक पुरानी है। आज तक किसी को आपत्ति नहीं हुई। बहस और धक्कामुक्की के बीच भी दीपक बेखौफ होकर बुजुर्ग दुकानदार के साथ खड़े रहे। इसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद दीपक की तलाश होने लगी। लोग उनको इंसानियत की मिसाल बताने लगे। वहीं, शनिवार को बजरंग दल ने फिर से इस मामले को लेकर हंगामे की कोशिश

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH12 User: cci Time: 01-31-2026 22:29 Color:

आज जब आप इस अखबार को पढ़ रहे होंगे तो मुमकिन है कि वित्त मंत्री संसद में देश का बजट पेश कर रही होंगी। उनके लिए देश का बजट बनाना जितना जरूरी है, उतना ही हमारे लिए घर का बजट बनाना। आमतौर पर हम अपने बजट में हेल्थ पर जरूरत से कम फोकस करते है जबकि हेल्थ पर खर्च बढ़ता जा रहा है। अगर हम पहले से ही सेहत पर ध्यान दें तो भविष्य में बड़े खर्चों से बच सकते है। हम अभी से सेहत पर किस तरह निवेश करें? क्या खाएं? एक्सपर्ट्स से बातकर जानकारी दे रहे है लोकेश के. भारती

सेहत फिट तो बजट सुपरहिट

आमतौर पर हम सोचते हैं कि पैसे बचाकर बैंक अकाउंट में रखना और उसे बढ़ते हुए देखना ही हमारी अक्लमंदी बचत है, लेकिन यह नहीं सोचते कि अगर लाइफस्टाइल सही हो। अच्छी डाइट लें। हर दिन फिजिकल ऐक्टिविटी करें। हर रात नींद पूरी करें। वजन काबू में रखें। मानसिक सेहत को दुरुस्त रखने के लिए मेडिटेशन करें। अपनी हॉबी को जिंदा रखें। अपनों से जुड़े रहें तो चीजें बदल जाती हैं। शरीर फिट रहने लगता है। शारीरिक और मानसिक स्थिति सही रहती है। लाइफस्टाइल से जुड़ी परेशानियों से हम अक्सर दूर रहते हैं। हमें सप्लिमेंट की जरूरत कम ही पड़ती है। रेग्युलर एक्सरसाइज करने से फैटी लिवर की समस्या भी नहीं होती। हाई कलेस्ट्रॉल, शुगर, बीपी आदि की परेशानियां भी टलती रहती हैं। लेकिन जब किसी को लाइफस्टाइल से जुड़ी परेशानी होती है तो उसे किडनी आदि की समस्या भी होने लगती है। खर्च बढ़ने लगता है। जैसे-जैसे ये बीमारियां पुरानी होती जाती हैं, टेस्ट और दवाओं पर खर्च बढ़ता रहता है।

इन आदतों से सेहत मिलेगी, पैसे बचेंगे

1. डाइट में फाइबर (मौसमी फल, सब्जी, सलाद) का हिस्सा कम से कम आधा हो।
2. हर दिन अपने शरीर पर 1 घंटा खर्च करें जिसमें ब्रिस्क वॉक और एक्सरसाइज शामिल हो।
3. हर रात 6 से 8 घंटे की गहरी और लगातार नींद जरूर ले।
4. जंक फूड, पैक्ड फूड न खाएं। बंद करना मुश्किल हो तो महीने में 1 दिन ही खाएं।
5. धूप, नट्स से दोस्ती रखें। स्प्राउट्स को भी डाइट का अहम हिस्सा बनाएं।
6. भूख लगने पर ही डाइट से 1/4 कम खाएं, शाम 7 बजे के बाद खाने से बचें। सोने से पहले स्ट्रेस को ऊपर वाले के पास पार्क कर दें। सुबह फिर उनसे लेकर समाधान खोजें।

एक्सपर्ट पैनल

डॉ. राजेश खडगावत
प्रफेसर, एंडोक्राइन डिपार्टमेंट, AIIMS

डॉ. अमित कुमार
सीनियर फिजिशन, डायबेटोलॉजिस्ट

आचार्य मोहन गुप्ता
जाने-माने नेचरोपैथ

डॉ. आर. पी. पाराशर
वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्य

नीलांजना सिंह
सीनियर डाइटिशन

डॉ. आनन्द पांडेय
मुख्य चिकित्सक, गंगा आयुर्वेदिक चिकित्सालय

लिवर सेहतमंद तो सेविंग ही सेविंग

वैसे तो सभी अंगों को मजबूत करना जरूरी है, लेकिन लिवर यानी जिगर की बात ही अलग है। यह मजबूत हो तो अमूमन सभी अंग मजबूत ही रहते हैं। सच तो यह है कि किडनी या फेफड़ों से अलग लिवर खुद को छोटे-से बड़ा बना सकता है। इसे रीजेनरेशन पावर भी कहते हैं। इसके लिए शरीर में कम से कम 25% असल लिवर का मौजूद रहना जरूरी है। इसे मूल स्वरूप में लौटने में अमूमन 2 से 3 हफ्ते ही लगते हैं। लिवर शरीर में

ग्लूकोज को कंट्रोल करने में भी अहम भूमिका निभाता है। अगर किसी को फैटी लिवर की परेशानी है तो वह टाइप-2 डायबीटीज का मरीज भी हो सकता है। जब हम कुछ खाते हैं तो वह ग्लाइकोजन को ग्लूकोज में बदल देता है। जब लिवर में ग्लूकोज ज्यादा मात्रा में जमा होने लगता है तो वह फैट में बदल जाता है। इसके बाद ही फैटी लिवर होता है। इसके बाद धीरे-धीरे कलेस्ट्रॉल बढ़ना शुरू होता है। एक बार जब कलेस्ट्रॉल खून की नलियों में जमा होने लगे तो बीपी बढ़ने लगता है। इसी के साथ शुगर की समस्या भी दस्तक दे सकती है। इसलिए लिवर को दुरुस्त जरूर रखना चाहिए। इनके अलावा प्रोटीन हमारे शरीर के लिए बहुत जरूरी है। प्रोटीन हमारे शरीर का बिल्डिंग ब्लॉक्स (जिससे शरीर मूल रूप से बना है) कहलाता है। कई बार हमारा शरीर इतना प्रोटीन पैदा नहीं कर पाता कि उसकी जरूरत पूरी हो। ऐसे में लिवर ही वह प्रोटीन बनाता है। लिवर विटामिन का भंडारण भी करता है। A,D,E,K ये फैट में घुलने और पचने वाले विटामिन हैं। लिवर में 5 फीसदी से कम फैट रहना भी जरूरी है, ताकि इन विटामिनों को शरीर सही तरीके से जज्ब कर सके। इतना ही नहीं, लिवर श्रावरन और कॉपर को भी स्टोर करता है और इन्हें शरीर में जज्ब करने में मदद करता है। विटामिन D को ऐक्टिव फॉर्म में लाने के लिए भी लिवर ही जिम्मेदार है।

25%
असल लिवर से भी मुमकिन है कि नया लिवर बन जाए!

स्क्रीन टाइम घटाएं, बचत बढ़ाएं

कोई बच्चा हो या फिर बड़ा, अगर स्क्रीन टाइम ज्यादा है तो इसका सीधा-सा मतलब है कि असर आंखों पर जरूर होगा। चाहे मोबाइल हो, टीवी, लैपटॉप या फिर कुछ और। जितना कम देखेंगे उतना ही आंखों को सुकून होगा। सच तो यह है कि कुदरत ने आंखों की बनावट ऐसी रखी है कि जब हम दूर देखते हैं यानी 6.6 फुट या इससे ज्यादा दूर तो यह आंखों के लिए सामान्य स्थिति होती है। नजदीक से या 6.6 फुट की दूरी से कम दूरी पर देखते हुए आंखों में मौजूद मांसपेशियों को ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। हम जितना

नजदीक देखते हैं, आंखों की मांसपेशियों को मेहनत करके लेंस को सही सेटिंग्स पर लाना पड़ता है ताकि जो चीज हम देख रहे हैं उसकी इमेज रेटिना पर ही बने, उससे पहले नहीं। जब हम मोबाइल या लैपटॉप आदि स्क्रीन को लगातार करीब से देखते हैं तो इससे आंखों में मौजूद मांसपेशियां धीरे-धीरे थकने लगती हैं और बाद में कमजोर हो जाती हैं। एक तो मांसपेशियों को बहुत ज्यादा मेहनत करना पड़ती है, दूसरा आंखों पर पड़ने वाली अतिरिक्त लाइट और तीसरा पलकों का झपकना कम हो जाता है। आंखें खराब होने की शुरुआत होने में 2 से 3 महीने या 1 साल का वक्त लग सकता है। धीरे-धीरे मायोपिया बढ़ने लगता है और हमारी आंखों के लिए पावर वाले चश्मे की जरूरत भी। यही कारण है कि स्क्रीन देखते हुए 20-20-20 का नियम फॉलो करने के लिए कहा जाता है। लगातार देखने को मना किया जाता है, ताकि आंखों की मांसपेशियों को आराम मिल सके।

पलकें झपकाना भी है जरूरी: जब हम स्क्रीन पर नहीं होते हैं तब अमूमन एक मिनट में हम 20 से 25 बार पलकें झपकते हैं। जब हम स्क्रीन पर होते हैं तो एक मिनट में 5 से 6 बार ही पलकें झपकाते हैं।

स्क्रीन से नींद खराब: सोने से आधे या 1 घंटा पहले इनसे जरूर दूरी बना लेनी चाहिए। ऐसा नहीं करने से हमारी नींद खराब होती है। नींद नहीं पूरी करने से तन और मन, दोनों की सेहत पर खर्च बढ़ जाता है।

6.6
फुट या ज्यादा दूर देखना आंखों के लिए सामान्य स्थिति है। इससे नजदीक देखने पर आंखों पर दबाव पड़ता है।

सिगरेट, गुटखा, अल्कोहल यानी खर्चा ही खर्चा

ये सभी चीजें सेहत को नुकसान पहुंचाती हैं। सरकार इन पर ज्यादा टैक्स लेती है। ये महंगे भी हैं और इनके सेवन से परेशानियां भी होती हैं। सीधे शब्दों में कहें तो ये चीजें हमें बीमार करती हैं। इसलिए अगर इनकी लत से छुटकारा पा लिया जाए तो अब भी बचत होगी और भविष्य में भी। ये लिवर और फेफड़ों को नुकसान पहुंचाते हैं और कई तरह के खतरनाक कैंसर को भी बुलावा देते हैं। इनकी आदत छोड़ दी तो बचत ही बचत।

शुगर या बीपी हो तो ऐसे करें सेविंग

आज हमारे देश में ऐसे मरीजों की संख्या बढ़ती ही जा रही है जो डायबीटीज और बीपी की चपेट में हैं। अगर अभी अपनी लाइफस्टाइल दुरुस्त कर लें तो सेहतमंद रह सकते हैं। डाइट को सही रखें। हर दिन फिजिकल ऐक्टिविटी करें और रात में नींद पूरी करें। इससे आने वाले वक्त में कई परेशानियों से न सिर्फ बचे रहेंगे बल्कि दवाओं पर होने वाला खर्च भी कम होता जाएगा। किडनी, नसों आदि पर होने वाला बुरा असर भी काफी हद तक टल जाएगा या बहुत कम होगा।

सही लाइफस्टाइल, गहरी नींद यानी लंबे वक्त की फाइनैंशल सेविंग

आज की आदत/ सेहत में निवेश	अगर आदत खराब हो	रखी लाइफस्टाइल रखने से फायदा	10-20 साल में अनुमानित बचत
वॉक, एक्सरसाइज, योग (30-60 मिनट)	BP, डायबीटीज, हार्ट डिजीज	BP/शुगर कंट्रोल, हार्ट सुरक्षित	5-10 लाख
घर का संतुलित खाना (बैलेंस्ड थाली)	मोटापा, फैटी लिवर, हाई कलेस्ट्रॉल	वजन कंट्रोल, कम दवाइयां	4-8 लाख
फाइबर (मौसमी सब्जी, सलाद, फल)	इम्यूनिटी कमजोर, फ्री रेडिकल्स ज्यादा	ऐंटिऑक्सिडेंट बढ़िया, सर्दी-खांसी कम	हर साल बचत
कम चीनी, कम प्रोसेस्ड फूड	डायबीटीज, किडनी/आंख की समस्या	शुगर देर से/नहीं होती	6-12 लाख
हर रात लगातार नींद (7-8 घंटे)	हार्मोन गड़बड़ी, डिप्रेशन	बेहतर मेटाबॉलिज्म, कम स्ट्रेस	3-6 लाख
शराब/ तंबाकू से दूरी	कैंसर, लिवर/हार्ट रोग	बड़ी बीमारियों से बचाव	15-40 लाख
मेंटल हेल्थ (मेडिटेशन, शौक पालना)	एग्जायटी, अनिद्रा	कम दवाइयां, कूल लाइफ	2-4 लाख
अच्छा BMI (18.5-24.9)	जॉइंट पेन, सर्जरी	सर्जरी टल जाती/ नहीं होती	5-15 लाख
सालाना हेल्थ चेक-अप	बीमारी देर से पकड़ में आती	जल्दी इलाज, कम खर्च	3-5 लाख

नोट: अच्छी डाइट और लाफस्टाइल से न सिर्फ पैसों की बचत होती है बल्कि लाइफ हेल्दी और लंबी चलती है। जहां तक कितने रुपये की बचत की बात है तो यह औसत अनुमान है। कमी-बेसी मुमकिन है।

डाइनिंग टेबल पर रखें ऐसी चीजें...

1 कम से कम दो तरह के मौसमी फल जरूर रखें। उनकी मात्रा इतनी जरूर हो कि परिवार के सभी सदस्य 1-1 फल दो दिनों तक खा सकें, जिससे हर दिन फल लाने की टेंशन न हो।
खर्च: हर दिन 50 रुपये, महीने का 1500 से 2000 रुपये

2 नट्स भी मौजूद हों: जब भी भूख लगे तो एक मुट्ठी नट्स, भुने हुए चने या मूंगफली जैसे हेल्दी चीजें खाएं। मखाने भी एक अच्छा ऑप्शन है। एक कटोरा रोस्टेड मखाने भी हर दिन खा सकते हैं।
खर्च: हर दिन 30 से 50 रुपये, महीने का खर्च 1000 से 1500 रुपये

घर में न रखें या कम रखें

किसी भी तरह के बिस्किट, नमकीन, चिप्स, नूडल्स आदि को घर या बाहर कहीं भी न खाएं। मजबूरी में खाना भी पड़े तो महीने में एक बार यानी 100-200 रुपये से ज्यादा खर्च न करें। वहीं, अगर रेस्तरां से मंगाकर खाते हैं तो महीने में एक बार से ज्यादा न मंगवाएं। महीने में 3 बार की जगह 1 बार बाहर की चीजें खाने से 2 बार के पैसे की बचत हो जाती है। इससे भी हम 1000 से 1200 रुपये महीने के आराम से बचा लेते हैं। बचत को मौसमी फल और नट्स आदि पर हमें अलग से खर्च नहीं करना पड़ता।

कुछ चीजों की लिमिट तय करें

रिफाइंड: रिफाइंड तेल, मैदा, चीनी आदि। अगर खाना भी हो तो महीने में एक या दो बार से ज्यादा इनकी बनी चीजें न ही खाएं तो बेहतर है।

नमक की मात्रा: हल्का नमक खाने की आदत डालें। डाइनिंग टेबल पर नमक की शीशी न रखें।

चाय: कई लोगों को चाय पीने से नैस आदि की समस्या होती है। अगर इसे न छोड़ पाएं तो सुबह की चाय खाली पेट न ही पिएं तो बेहतर है। दिनभर में 2 कप से ज्यादा न लें।

नेचरोपैथी अपनाकर खूब सेविंग

नेचरोपैथी में इलाज के लिए दवाएं नहीं, डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव को विकल्प माना जाता है। इसलिए नेचरोपैथी के अनुसार, दवाएं महंगी हैं, लेकिन घर का खाना सस्ता है। अगर बाहर का खाना न खाएं और घर के खाना को तरजीह दें तो यह बचत फ्रेंडली भी होगा। पूरे परिवार के लिए बाहर जाकर खाना खाने पर 1500 से 2000 रुपये खर्च होना बेहद आम है। वहीं, घर के खाने की बात करें तो सामान्य रूप से 4 लोगों के खाने पर 300 रुपये तक का खर्च आता है। घर का खाना हेल्दी भी होता है। इसमें मिलावट की आशंका भी बेहद कम होती है। वहीं **सिगरेट, अल्कोहल, गुटखा आदि** को रोकने से आन भी बचत और कल भी। बेकार चीजों में पसेंज रखें तो सेहत और पैसे दोनों की सेविंग।

उपवास से सेविंग

नेचरोपैथी में उपवास की मदद से इलाज करते हैं। यहां उपवास को ही आराम माना गया है क्योंकि जिस तरह आकाश खाली होता है, उसी तरह शरीर को भी ठीक करने के लिए खाली रखना पड़ता है। नेचरोपैथी मानती है कि जब शरीर में इन पांच तत्वों यानी पृथ्वी (मिट्टी), जल, वायु, अग्नि (धूप) और आकाश का संतुलन बिगड़ता है तो समस्याएं पैदा होती हैं। कुदरत ने हमें ये सभी चीजें मुफ्त में मुहैया कराई हैं। नेचरोपैथी में इलाज से ज्यादा इस बात पर ध्यान दिया जाता है कि बीमारी पैदा ही न हो। फिर भी इसकी कुछ सीमाएं भी हैं। हम हफ्ते में एक दिन उपवास जरूर रखें। इस दौरान पानी या नारियल पानी या पेठे का जूस ले सकते हैं यानी लिक्विड डाइट ही लें।

कुदरती भोजन सबसे कारगर

ज्यादा तेल, मसाले, जंक फूड आदि खाने से शरीर में कचरा ज्यादा पैदा होता है। कई बार पूरा कचरा शरीर से बाहर नहीं निकल पाता और इनका जमाव शरीर के विभिन्न अंगों में जमा होकर बीमार करता है। इसलिए हम कुदरत की दी हुई चीजों को उसी रूप में ले, जिन्हें हम आसानी से पचा सकते हैं। उबालना फिर भी ठीक है, लेकिन तेल में तलने से वह सही नहीं रहती।

Adobe Stock

टॉक्सिंस ऐसे बाहर

हम जो भी खाते हैं, उससे कचरा भी बनता है। अगर यह सही तरीके से बाहर न निकल पाए तो टॉक्सिन के रूप में जमा होने लगता है। यह जहां-जहां जमा होगा, वहीं उनसे जुड़ी समस्याएं पैदा होंगी। मसलन अगर पाचन तंत्र में जमा है तो कब्ज, अल्सर जैसी परेशानी होगी। अगर घुटनों में जमा होगा तो घुटनों में दर्द, आर्थराइटिस जैसी बीमारियां।

सनबाथ है मुफ्त

धूप स्नान यानी धूप में कम कपड़े में बैठने से बहुत फायदा है। इससे शरीर में न सिर्फ विटामिन-D की कमी नहीं होती बल्कि सर्पिलमेट लेने की जरूरत भी अमूमन नहीं रहती। इसके लिए सुबह 7 से 10 बजे के बीच 30 मिनट के लिए धूप में बैठें। जब धूप में बैठे हों तो तन पर जितना जरूरी हो उतने ही कपड़े पहनें।

आयुर्वेदिक जीवनशैली

आयुर्वेद सिर्फ जड़ी-बूटियों का नाम नहीं है, यह 'आयु' (जीवन) और 'वेद' (ज्ञान) का संगम है। इसका मूल सिद्धांत है 'स्वास्थस्य स्वास्थ्यरक्षणं, आतुरस्य विकारप्रशमनं च।' इसका मतलब है कि स्वस्थ व्यक्ति के स्वास्थ्य की रक्षा करना और रोगी के रोग को दूर करना। आयुर्वेद रोग की जड़ पर प्रहार करता है और शरीर के संतुलन को ठीक करता है। आयुर्वेदिक जीवनशैली मुख्य रूप से तीन बातों पर टिकी है: आहार, निद्रा और ब्रह्मचर्य (अनुशासित जीवन)।

इलाज से बेहतर है बचाव

1. ऋतु चर्या और दिनचर्या: सूरज उगने से पहले जागना और ऋतु के अनुसार खानपान में बदलाव करना जरूरी है। अगर हम कुदरत के चक्र के साथ तालमेल बिठाकर चलते हैं तो इम्यूनिटी कुदरती रूप से मजबूत होती है।

2. विरुद्ध आहार से बचाव: आज की पीढ़ी 'फूड कॉम्बिनेशन' पर ध्यान नहीं देती। दूध के साथ नमक या मछली का सेवन जैसे 'विरुद्ध आहार' शरीर में टॉक्सिंस (विषाक्त पदार्थ) पैदा करते हैं। आयुर्वेद के नियमों का पालन करने से ये टॉक्सिंस शरीर में जमा नहीं हो पाते।

3. पाचन ही शक्ति है: आयुर्वेद मानता है कि लगभग सभी बीमारियों की जड़ कमजोर 'जठराग्नि' (पाचन शक्ति) है। यदि हमारा पाचन सही है तो शरीर को पोषण मिलेगा और बीमारियां दूर रहेंगी।

खर्च ऐसे होंगे कम

हमारी इनकम का एक बड़ा हिस्सा अस्पतालों और महंगी दवाओं की भेंट चढ़ जाता है। आयुर्वेदिक पद्धति यहां एक 'सुरक्षा कवच' की तरह काम करती है:

रसोई ही औषधालय है: हमारी रसोई में मौजूद हल्दी, अदरक, अजवाइन, मेथी और तुलसी साधारण मसाले नहीं बल्कि शक्तिशाली औषधियां हैं।

भविष्य के लिए बचत: हर दिन योग, प्राणायाम और सात्विक भोजन हमें इन गंभीर बीमारियों से बचाते हैं जिनके इलाज में लाखों रुपये खर्च हो जाते हैं। यह एक तरह का 'हेल्थ इंश्योरेंस' है जिसके लिए कोई प्रीमियम नहीं भरना पड़ता, सिर्फ समय देना पड़ता है।

...तो मन भी शांत

शारीरिक दर्द और कष्ट अक्सर शरीर में 'वात, पित्त और कफ' के असंतुलन से पैदा होते हैं। आयुर्वेद की 'पंचकर्म' जैसी विधाएं शरीर का शुद्धिकरण करती हैं।

कुदरती उपचार: चेहरे का दर्द हो या स्किन से जुड़ी परेशानी, आयुर्वेद में तेल मालिश (अभ्यंग), स्वेदन और प्राकृतिक लेप के माध्यम से बिना किसी चीर-फाड़ के उपचार संभव है।

तनाव से मुक्ति: आयुर्वेद सिर्फ शरीर ही नहीं, मन पर भी काम करता है। झाड़ी, अश्वगंधा और ध्यान के माध्यम से मानसिक कष्ट और चिंता को दूर किया जा सकता है, जिससे जीवन की गुणवत्ता में सुधार आता है।

इस बात को समझना भी जरूरी है कि आयुर्वेद को अपनाना पुराने समय में लौटने जैसा नहीं है, बल्कि बुद्धिमानी से भविष्य को सुरक्षित करना है। यह हमें सिखाता है कि हम प्रकृति के मालिक नहीं, बल्कि उसका एक हिस्सा हैं। जब हम प्राकृतिक नियमों का पालन करते हुए सात्विक भोजन, पर्याप्त नींद और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हैं तो हमारा शरीर खुद को ठीक करने की क्षमता विकसित कर लेता है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH13 User: cci Time: 01-31-2026 22:12 Color:

बजट, सेविंग और इनवेस्टमेंट पर क्या है Gen-Z की सोच

निर्मला जी, सुनिए क्या कहते हैं Gen-Z

Gen-Z को लेकर आम धारणा है कि यह पीढ़ी खर्च पर ज्यादा और सेविंग व इनवेस्टमेंट पर कम ध्यान देती है। उनकी असल सोच समझने के लिए बजट से पहले हमने नई दिल्ली स्थित नवभारत टाइम्स के ऑफिस में कुछ Gen-Z को बुलाया। एक्सपर्ट के रूप में प्रो. दीपांशु मोहन भी मौजूद रहे। इस दौरान Gen-Z ने NBT टीम के सवालों के जवाब दिए और तमाम मुद्दों पर खुलकर अपनी राय रखी। बातों का सार पेश कर रहे हैं

वरुण आनंद

सोशल मीडिया ने इनके खर्चों पर असर डाला है। जितने टिपिकल Gen-Z हैं, उन्हें FOMO है। बीते 5 साल में इसी पीढ़ी में बहुत बदलाव दिखा है। ये नए एक्सपीरियंस के लिए खर्च करना ज्यादा पसंद करते हैं।

ये ज्यादा अवेयर हैं और ज्यादा समझदार भी

2026 BUDGET स्पेशल

Photos : Sunil Kataria

मनी: पैसा होता है बहुत अहम, पर दूसरी चीजें भी रखती हैं मायने

पैसा Gen-Z की जिंदगी में क्या मायने रखता है? इसका जवाब देते हुए DU के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (SRCC) में पढ़नेवाली 18 साल की **मृति लोहिया** ने कहा, 'बहुत ज्यादा मायने रखता है। चाहे रोजमर्रा का सामान लेना हो या फिर सोल्फ स्टीम और फाइर के लिए, समाज में इज्जत के लिए भी पैसा जरूरी है।' मृति की बातों से इत्तेफाक रखते हुए दिल्ली कॉलेज ऑफ इकनॉमिक्स (DSB) की 22 साल की स्टूडेंट **नंदिनी नागपाल** का कहना है, 'किसी भी पीढ़ी को अपनी तरक्की के लिए जिस चीज की सबसे ज्यादा जरूरत होती है, वह पैसा ही है। अपनी बात करूं तो मैं अभी पढ़ाई कर रही हूं और अच्छी एजुकेशन का मकसद ही यही है कि अच्छे पैसे कमा सकूं। सिर्फ जिंदगी जीने के लिए ही नहीं, अपनी तमाम इच्छाओं को पूरा करने के लिए भी। हम सब Gen-Z हैं और बेहतर लाइफ चाहते हैं। जैसी जिंदगी हमसे पहले की पीढ़ी ने जी है उससे तो बेहतर की ही इच्छा रखते हैं।'

वहीं, 22 साल के इकनॉमिक्स के स्टूडेंट **केसव झुनझुनवाला** की राय कुछ अलग है। वह कहते हैं, 'भले ही पैसों से सम्मान वह तय करता हो कि आप कितने कामयाब हैं, लेकिन मेरे लिए यह बस मेरी जरूरतों को पूरा करने का एक जरिया है।' 18 साल के इकॉनमी के स्टूडेंट **कृष्णा कार्तिक दारा** का कहना है, 'पैसा हमें परचेजिंग पावर देता है। यह हमारे लिए बहुत ही जरूरी है।' वहीं, आत्मा राम सनातन धर्म कॉलेज (ARSD) की 19 साल की स्टूडेंट **शताक्षी सिंह** का कहना है, 'पैसों को लेकर मैं स्कूल के दिनों में सोचती थी कि अच्छी जॉब, अच्छा पैसा, लेकिन अब लगता है कि पैसा उतना हो, जिससे बेसिक जरूरतें आसानी से पूरी हो जाएं और मैं खुश रह सकूं।' 20 साल के **अविरूप सोदी** पंजाब से हैं, लेकिन दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। पैसे के बारे में कहते हैं, 'मुझे पैरेंट्स ने हमेशा बताया है कि पैसा सबकुछ नहीं है, लेकिन फिर भी बहुत कुछ है। सुबह उठकर मेट्रो ट्रेन पकड़ने हैं, तो उसके लिए पैसा चाहिए। मेट्रो से पहले रिक्शा लेना है, तो उसके लिए भी पैसा ही चाहिए। कॉलेज में पढ़ाई कर रहा हूं तो पढ़ने के लिए भी पैसा चाहिए। पैसे जिंदगी के लिए बहुत ही जरूरी हैं। मुझे यह भी देखना है कि अभी मैं पैसों के लिए पैरेंट्स पर डिपेंड हूं इसलिए ज्यादा खर्च नहीं करता हूं।'

कृष्णा कार्तिक दारा

हेल्थ, पैसे व रिश्तों में तवज्जो हेल्थ को

स्टूडेंट्स से जब यह पूछा गया कि हेल्थ, पैसे और रिश्तों में सबसे ज्यादा किसे तवज्जो देते हैं तो ज्यादातर का कहना था कि हेल्थ को। ये कहते हैं कि हेल्दी रहेंगे तभी तो पैसे कमा पाएंगे और तभी रिलेशन भी अच्छे रहेंगे। वहीं, **मृति के मुताबिक, पैसा सबसे अहम है। अगर पैसा है तो हेल्थ अच्छी रख सकते हैं। इलाज आसानी से करवा सकते हैं। रिश्ते भी अच्छे रख्ते हैं।'** यह पीढ़ी रिश्तों को पैसों से ज्यादा अहमियत देती है। ये कहते हैं कि चाहे न्यूक्लियर फैमिली हो या फिर जॉइंट, रिश्तों को तवज्जो देना ज्यादा जरूरी है।

...पर हेल्थ के लिए करते कुछ नहीं

जब इनसे पूछा गया कि खुद को हेल्दी रखने के लिए क्या करते हैं तो कोई साफ जवाब नहीं था। वजह चाहे इनकी कम उम्र हो या पढ़ाई को लेकर व्यस्तता, हेल्थ को प्रायॉरिटी में रखने वाली यह पीढ़ी अपनी फिटनेस पर ज्यादा वक्त नहीं दे पाती है।

एक्सपर्ट कमेंट

यह पीढ़ी अपनी जरूरतों पर फोकस करती है। अपनी खुशियों का भी ध्यान रखती है। लड़कियां पैसों को सोल्फ स्टीम से जोड़कर देख रही हैं, जो कि इस पीढ़ी की सोच में आ रहे बदलाव को बताता है।

केसव झुनझुनवाला

एक्सपेंस: खर्च बनाम बचत, कितनी सचाई है इन पर लगने वाले आरोपों में

नंदिनी नागपाल

Gen-Z को हमेशा ज्यादा खर्च और बचत के बारे में कम सोचने वाली पीढ़ी के तौर पर देखा जाता है। इस बात में कितनी सचाई है? ज्यादातर का कहना है कि ऐसा नहीं है। हां, यह हो सकता है कि हम UPI और डिजिटल पेमेंट का इस्तेमाल ज्यादा करते हैं, इसलिए खर्च पर ध्यान कम जाता है। कृष्णा कहते हैं, 'हम महीने में कितना खर्च करते हैं, यह कभी-कभी ही देखते हैं। मेरे कई फ्रेंड्स हैं जो कैश या क्रेडिट कार्ड ज्यादा यूज करते हैं, ताकि वे खर्च करने से पहले चार बार सोचें कि उनका पैसा जा कहां रहा है?' वहीं, केसव का कहना है कि मुझे नहीं लगता कि हम ज्यादा खर्च करते हैं। मैंने आसपास जितने हमउम्र लोगों को देखा है, वे सभी अपना बजट बना कर चलते हैं। पैरेंट्स से इतना अमाउंट मिल रहा है तो उसमें से इतना खर्च करना है। इनने पैसे की SIP करनी है।

वहीं, नंदिनी का कहना है कि टाइम बदल गया है। हो सकता है पैरेंट्स खर्च करने से पहले सोचते थे, लेकिन अब हमें उनका सपोर्ट है। पर हम पैसे की बर्बादी नहीं करते। पैरेंट्स की तरफ से खर्च करने की पूरी आजादी है। फिर भी अगर पैरेंट्स कहते हैं कि 10 हजार के जूते ले ले तो मैं नहीं लेती। 600 रुपये का पिज्जा मंगाने से पहले भी कई बार सोचती हूं। हमें FOMO (Fear of Missing Out) नहीं है, लेकिन हममें पेंग Gen-Z में यह दिखता है।

सोच में आ गया है फर्क: 5 साल छोटी बहन कहने लगी है 'बुजुर्ग'

1997 से 2012 के बीच जन्मी इस पीढ़ी में आपस में ही बहुत अंतर दिखता है। शताक्षी कहती हैं, 'मैं खुद से 5 साल छोटी अपनी बहन शांभवी (उम्र 14 साल) की तुलना करूं तो हम दोनों की सोच में काफी फर्क है। जैसे मुझे स्टारबक्स में जाकर महंगी कॉफी पीना ठीक नहीं लगता, लेकिन मेरी बहन को कोई चीज चाहिए तो मतलब चाहिए ही चाहिए। उसे परवाह नहीं कि वह कितने रुपये की है, आउट ऑफ स्टॉक है, कैसे भी और कुछ भी करके चाहिए। मुझे लगता है कि अगर अभी नहीं है तो कोई बात नहीं, बाद में देख लेंगे। मेरी बहन को हर हफ्ते प्रेंड्स के साथ कैफे जाना होता है। अच्छा फूड और उसकी स्नैप लेकर सोशल मीडिया पर शेयर करना उन Gen-Z की आदत है। **2007 और खासकर 2010 के बाद जन्मे Gen-Z हमसे बहुत अलग हैं। उनके लिए कह सकते हैं कि खर्च करते हुए वे बिलकुल नहीं सोचते।** मेरी बहन ही कई बार मुझे Old Gen-Z कहती है यानी आप बुजुर्ग हो गईं। सिर्फ 5 साल का अंतर और इतना ज्यादा फर्क।

यहां होता है सबसे ज्यादा खर्च

फूड, कैफे, ट्रैवल पर सबसे ज्यादा खर्च करने वाली इस पीढ़ी का कहना है कि हम नई-नई चीजों को एक्सपीरियंस करना चाहते हैं। OTT प्लैटफॉर्म भी इनके जरूरी खर्चों में आ गए हैं।

प्रफेसर दीपांशु मोहन

प्रफेसर दीपांशु मोहन

प्रफेसर ऑफ इकनॉमिक्स एंड डीन, ओ.पी. जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी (विजिटिंग प्रफेसर, लंदन स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स एंड यूनिवर्सिटी ऑफ ऑक्सफर्ड)

इनवेस्टमेंट: बदल गए तरीके, फास्ट रिटर्न है हमारी प्रायोरिटी

यह पीढ़ी फास्ट रिटर्न चाहती है, मिलेनियम्स और बूमर्स की तरह FD, RD की जगह स्टॉक्स और क्रिप्टो में पैसा लगाना ज्यादा पसंद करती है। कृष्णा के मुताबिक, 'हम फास्ट रिटर्न के लिए रिस्क लेने को भी तैयार रहते हैं।' वहीं, ज्यादातर का कहना है कि इनवेस्टमेंट पैरेंट्स का डिपेंडेंट है। हमें यह पता है कि पैसे जोड़ना अहम है, लेकिन अभी हम पढ़ाई कर रहे हैं। बिजनेस फैमिली के बैकग्राउंड से आने वाले केसव कहते हैं, 'हमारे लिए इनवेस्टमेंट का मतलब पैसे जोड़कर वापस बिजनेस में लगाना और उसे आगे बढ़ाना। पापा ने FD और गोल्ड में इनवेस्ट किया था, अब हमारे पास ज्यादा ऑप्शन हैं। **हम सुबह उठकर शेयर मार्केट में ट्रेडिंग कर लेते हैं। SIP भी चल रही है।'** वहीं, ज्यादातर का कहना था कि इनवेस्टमेंट को लेकर ज्यादातर Gen-Z अभी पैरेंट्स पर डिपेंट हैं। कुछ ने बताया कि हमारे डीमैट अकाउंट हैं, लेकिन उससे पापा ट्रेड करते हैं। कुछ समय बाद हम उसे संभाल लेंगे।

रेट का ऑप्शन है तो क्यों खरीदें घर?

Gen-Z से पहले की पीढ़ी घर को स्थायी संपत्ति की तरह देखती थी, लेकिन ज्यादातर Gen-Z अपना घर बनाने की इच्छा नहीं रखते। वे कहते हैं कि जॉब के लिए कहीं बाहर गए तो वहां रेंट पर घर ले लेंगे। इतना **महंगा घर लेकर EMI के चक्कर में पड़ने से तो अच्छा है कि SIP कर लें।**

1 दिन में 10 लाख खर्च करने हों तो...

जब इनसे पूछा गया कि अगर आपको 10 लाख रुपये इस शर्त पर दिए जाएं कि एक दिन में खर्च करने हैं तो क्या करेंगे? ज्यादातर का कहना था कि घूमने-फिरने में खर्च कर देंगे। किसी का कहना था कि आधे पैसे अपनी खुशी पर उड़ा देंगे तो आधे अपने भाई-बहन को दे देंगे। किसी ने बिजनेस तो किसी ने छोटी-सी ही सही प्रॉपर्टी लेने की बात कही। किसी ने कहा कि मैं खर्च ही नहीं कर पाऊंगा।

एक्सपर्ट कमेंट

यह पीढ़ी इनवेस्टमेंट के बारे में जानती तो है, लेकिन एसेट क्रिएशन के बारे में नहीं सोचती। घर, जमीन इनकी सोच में नहीं है। ये इनवेस्टमेंट में ज्यादा रिस्क लेने को तैयार हैं क्योंकि पैरेंट्स का सपोर्ट है।

अविरूप सोदी

फ्यूचर: विदेश में पढ़ाई और जॉब, पर शादी के बारे में नहीं सोचा

'सायर एजुकेशन के लिए मैं विदेश जाऊंगी और जॉब भी वहीं करना चाहूंगी' - यह कहना है मृति का। ज्यादातर स्टूडेंट्स इनकी बात से सहमति जताते हुए कहते हैं कि विदेश में मौके ज्यादा हैं। पढ़ाई के भी और जॉब के भी। खुद के बिजनेस, स्टार्टअप के बारे में ये ज्यादा इंट्रेस्टेड नहीं हैं। ये कहते हैं कि यह बहुत बड़ा कमिटमेंट होता है। जैसे अपने बच्चे को बड़ा करना, उसकी केयर करना। पढ़ाई के बाद शुरुआती 5 बरसों तक किसी के लिए काम करना यानी जॉब ज्यादा बेहतर है, बनाए खुद कुछ शुरू करने के। यह पीढ़ी मनी, एजुकेशन और जॉब के बारे में जितना ज्यादा फोकस्ड है, उतना शादी के लिए नहीं। '27-28 साल की उम्र के बाद शादी के बारे में कुछ सोचेंगे' - यही कहना है ज्यादातर Gen-Z का। वहीं, कुछ तो यह भी सोच रहे कि वे शादी करेंगे भी या नहीं।

इंश्योरेंस जरूरी, क्रेडिट कार्ड का यूज सलीके से

अपना फ्यूचर सुरक्षित बनाए रखने के लिए इंश्योरेंस, इमरजेंसी फंड और क्रेडिट कार्ड की जरूरत पर कृष्णा का कहना है, 'कोविड के दौरान जब हॉस्पिटल के बिल देखे, तब समझ आया कि हेल्थ इंश्योरेंस कितनी बड़ी जरूरत है।' वहीं, क्रेडिट कार्ड के बारे में यह पीढ़ी ज्यादा अवेयर है। अविरूप कहते हैं, 'मेरे पास क्रेडिट कार्ड नहीं है, लेकिन मेरे दादा जी के पास हमेशा से रहा। उन्होंने मुझे सिखाया कि क्रेडिट कार्ड पर अच्छे ऑफर मिलते हैं, छूट, रिवॉर्ड पॉइंट्स का फायदा उठा सकते हैं, लेकिन इसका इस्तेमाल सलीके से ही करना चाहिए।'

इनके लिए तो क्रेडिट पर लाइफ

वहीं, कुछ Gen-Z ऐसे भी हैं, जिनकी लाइफ क्रेडिट कार्ड पर ही चलती है। खासकर वे Gen-Z जिन्होंने जॉब शुरू कर दी है। 24 साल के राघव का कहना है कि क्रेडिट कार्ड आज की जरूरत है। कई बार ऐसा होता है कि सैलरी महीने खत्म होने से पहले ही खत्म हो जाती है। ऐसे में क्रेडिट कार्ड यूज करता हूं। वहीं, कई Gen-Z तो ऐसे हैं जो 40 हजार रुपये की सैलरी वाली जॉब में 30 हजार तो क्रेडिट कार्ड पर खर्च कर देते हैं।

एक्सपर्ट कमेंट

किसी भी चीज को बुरा ठहराना सही नहीं है, क्रेडिट कार्ड को भी नहीं, जब तक कि उसका ठीक से इस्तेमाल किया जाए। अगर यह पीढ़ी उसे सही तरह से यूज करती है तो अच्छा है, नहीं कर सकते और ऐसा लगता है कि कर्ज बढ़ जाएगा तो क्रेडिट कार्ड नहीं लें।

मृति लोहिया

5 सुझाव Gen-Z के लिए

1. **ऑब्जर्वेशन और अवेयरनेस:** यह पीढ़ी बहुत एजुकेटिड है। इसे ज्यादा ऑब्जर्वेशन और अवेयरनेस की जरूरत है। किसी भी फैसले से पहले दाएं-बाएं देखे, तब आगे बढ़े।
2. **एसेट क्रिएशन:** GEN- Z एसेट क्रिएशन के बारे में नहीं सोचते। अपना घर उसकी प्रायॉरिटी में नहीं है। एसेट क्रिएशन खुद की और बिजनेस की शेप के लिए जरूरी है।
3. **फाइनैंशल लिटरेसी:** अगर पैरेंट्स भी स्टॉक मार्केट में निवेश कर रहे है तो भी बहुत ध्यान रखें। आंखें बंद करके वहीं भी पैसा न लगाएं। एक्सपर्ट्स से सीखें।
4. **एंप्लॉयमेंट क्रिएशन बनाम एंप्लॉयमेंट सीकिंग:** पढ़ाई के बाद जरूरी नहीं कि आपको अपने सपनों की जॉब मिल ही जाए। यह मुश्किल है। झूलिए खुद के बिजनेस और स्टार्टअप के बारे में भी सोचना चाहिए।
5. **जरूरतों को जानें:** अपनी शॉर्ट टर्म, मीडियम टर्म और लॉन्ग टर्म जरूरतों को पहचान कर ही उनके मुताबिक इनवेस्टमेंट करें। तभी आगे अच्छा फायदा मिलेगा।

फटाफट 7 सवाल-जवाब

Q. किस डिपार्टमेंट पर सरकार बजट में सबसे ज्यादा फोकस करे?
A. एनवायरमेंट पर। इसके बाद जॉब और एजुकेशन के लिए।

Q. फोकस मिडल क्लास पर हो या गरीबों पर?
A. मिडल क्लास।

Q. ऐसा सामान जिसे बजट में जरूर सस्ता किया जाना चाहिए?
A. फीमेल हेल्थ केयर प्रोडक्ट्स और एयर प्यूरिफायर।

Q. क्रिप्टो में निवेश पर टैक्स कम करना चाहिए?
A. फिलहाल काम न करे, अभी क्रिप्टो पर स्पष्टता नहीं है।

Q. एजुकेशन लोन पर इंटरेस्ट कम होना चाहिए?
A. बिलकुल, यह सबसे जरूरी है।

Q. क्या स्किल ट्रेनिंग पर पर्याप्त काम हो रहा है?
A. कागजों पर तो अच्छा है, लेकिन असल में उतना नहीं दिख रहा है। और काम करने की जरूरत है।

Q. गिग वर्कर्स के लिए पर्याप्त इंतजाम हैं या और होने चाहिए?
A. उनके अधिकारों के लिए ज्यादा काम करने की जरूरत है।

शताक्षी सिंह

बजट: बहुत ही कॉम्प्लेक्स होता है, सरकार हमारी Breadcrumbing कर रही है

बजट के बारे में Gen-Z की सोच और उम्मीदों के बारे में पूछे जाने पर इनका कहना है कि No Cap हम पूरा बजट नहीं देखते। मृति कहती हैं कि बजट बनाने की प्रक्रिया बहुत कॉम्प्लेक्स होती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण क्रॉक भी करती हैं बजट के बारे में, लेकिन Gen-Z के तौर पर हमारे लिए समझ पाना मुश्किल होता है। कॉम्प्लेक्स होने की वजह से सरकार और हमारे बीच डिफरेंस आ जाते हैं और हम इतना इंट्रेस्ट नहीं लेते बजट में। हमें लगता है कि सरकार अभी काफी Breadcrumbing (जानबूझकर थोड़ी-थोड़ी उम्मीद देते रहना) कर रही है। सरकार हमेशा कहती है कि एजुकेशन के लिए और ज्यादा खर्च करेंगे, लेकिन ऐसा हकीकत में नहीं दिखता। एक स्टूडेंट ने बताया कि बीते दिनों केमिस्ट्री का प्रैक्टिकल चल रहा था, तभी लैब की छत गिर गई। यही वजह है कि बजट, सरकार और हमारे बीच दूरियां हैं। हां, बजट के बाद जो हाईलाइट्स आती हैं उन्हें जरूर देखते हैं। उनके सारे पॉइंट्स पता करते हैं। अगले दिन न्यूज पेपर में यह जरूर देखते हैं कि क्या सस्ता हुआ और क्या महंगा।

केवल आंकड़ों में नहीं, जमीन पर दिखनी चाहिए हकीकत

अविरूप कहते हैं कि इकनॉमिक्स का स्टूडेंट होने के बावजूद मैं आंकड़ों से ज्यादा जमीनी हकीकत को अहमियत देता हूं। भले ही हम खुद को दुनिया की चौथी बड़ी इकॉनमी कहें, लेकिन पंजाब में हमारे घर से दो घर छोड़कर 10-15 साल की लड़की डोमेस्टिक वर्कर की तरह काम कर रही है। क्या फायदा हमारे दुनिया की चौथी बड़ी इकॉनमी बनने का? जापान से आगे निकलने का? जब हम अपने बच्चों को ही आगे नहीं बढ़ा पा रहे हैं। सड़कें आज भी टूटी हैं। केवल आंकड़ों में ही तरक्की नहीं, जमीन पर बदलाव भी दिखने चाहिए।

ऐसा हो बजट: बजट में पैसा देने के बाद आउटकम भी देखना जरूरी

केसव कहते हैं कि मांगी चाहता हूं, लेकिन बजट को खराब रेटिंग दूंगा। इसकी दो वजहें हैं। पहली यह कि सरकार अलग-अलग डिपार्टमेंट से पूछती है कि उनका खर्च क्या-क्या है, उसके बाद सरकार बजट तैयार करती है। जाहिर है कि हर डिपार्टमेंट अपना बजट कुछ बढ़ाकर ही बताएगा, जिससे उसे ज्यादा मिल जाए। सबसे जरूरी है कि इसके साथ आउटकम को जोड़ दिया जाए। मतलब अगर डिपार्टमेंट खर्च बता रहे हैं तो उनसे यह भी पूछना होगा कि उससे क्या हासिल किया? मान ले कि अगर एजुकेशन के लिए अच्छा खासा बजट दिया है तो लिटरेसी रेट बढ़ना चाहिए। अगर हेल्थकेयर के लिए दिया है तो लाइफ एक्सपेक्टेंसी बढ़नी चाहिए।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH14 User: cci Time: 01-31-2026 22:29 Color:

हेल्दी होने के बहाने...

क्या होता है हेल्दी ब्रेकफस्ट? क्या हेल्दी ब्रेकफस्ट फटाफट तैयार नहीं होते? पोहा और ओट्स हेल्दी हैं या अनहेल्दी? इन दिनों सोशल मीडिया पर आई कुछ रील्स इन्हें अनहेल्दी साबित करने में लगी हैं, आखिर सच क्या है? ऐसे ही तमाम सवालों के जवाब देने के लिए मशहूर शेफ संजीव कपूर, नई दिल्ली स्थित नवभारत टाइम्स के ऑफिस आए और पूरी टीम से बात की। बातों का सार पेश कर रहे हैं लोकेश के. भारती

Photo : Sunil Katara

संजीव कपूर

ब्रेकफस्ट हमारे दिन का सबसे अहम खाना है क्योंकि यह दिल और दिमाग को पूरे दिन के लिए एनर्जी देता है। फिर शाम के वक्त भी कुछ स्नैक्स खाने का मन होता है। लेकिन जल्दबाजी में कुछ भी अनहेल्दी खाकर पेट नहीं भरना चाहिए। यह भी समझ लें कि अनहेल्दी क्या है और हमारे लिए हेल्दी क्या है। खाने-पीने की ऐसी चीजें जो पूरी तरह प्रोसेस्ड फूड से तैयार हों सेहत के लिए अच्छी नहीं होतीं। साथ ही ऐसे फूड आइटम्स जिनसे हमें न्यूट्रिशन बहुत कम मिले या न मिले, वे सभी अनहेल्दी हैं। इनमें फाइबर, विटामिन्स, मिनरल्स और ऐंटिऑक्सिडेंट की मात्रा बेहद कम होती है। ऐसा खाना खाने से शरीर में फ्री रेडिकल्स की मात्रा बढ़ जाती है। ग्लाइसेमिक इंडेक्स ज्यादा होने की वजह से वे फौरन ही शरीर में शुगर का लेवल बढ़ा देते हैं। कुल मिलाकर इन्हें खाने से फायदा नहीं, नुकसान ही होता है। इसलिए अगर कोई ऐसी चीज खानी पड़े जो सेहत के लिए ज्यादा अच्छी नहीं है तो उसमें कुछ हेल्दी चीजें जरूर मिला लें।

फटाफट हेल्दी ब्रेकफस्ट

अगर प्रोसेस्ड फूड या मैदा आदि से बनी चीजें लगातार खाएंगे तो नुकसान होगा। लेकिन प्रोसेस्ड फूड खाना मजबूरी हो तो कुल फूड आइटम की मात्रा 20 फीसदी से कम रखें और उसमें बाकी हेल्दी चीजें जोड़ लें।

बिना पकाए ऐसी हेल्दी चीजें खाएं

1 स्प्राउट्स चाट

घर में मूंग, चने और थोड़ी मात्रा में मूंगफली को अंकुरित करके तैयार रखें। जब भी खाएं तो इसमें टमाटर, मिर्च, हरे धनिये के साथ नींबू निथोड़कर चाट तैयार कर लें। हफ्ते के 7 दिन न सही, कम से कम 3 से 4 दिन तो खा ही सकते हैं। यह सुपर हेल्दी और कुदरती है। शरीर के सभी अंगों के लिए बढ़िया है। अंकुरित है इसलिए फौरन ही यह नाश्ता तैयार हो जाएगा।

2 सलाद

चुकंदर, गाजर, टमाटर, मटर, मूली, हरा धनिया आदि को मिलाकर एक प्लेट यानी भरपेट सलाद खाने से फायदे ही फायदे हैं। अगर ब्रेकफस्ट में न खा पाएं तो शाम के स्नैक्स में खा सकते हैं। जो भी सब्जी शामिल करें, वह मौसमी हो। यह मुश्किल से 5 मिनट में तैयार हो जाता है। कच्ची चीज खाते समय साफ-सफाई का ध्यान जरूर रखें। यह बात फ्रूट चाट पर भी लागू होती है।

3 फ्रूट चाट

जो फल जिस मौसम में मिले, उसे काटकर मिलाएं और फ्रूट चाट बना लें। अगर किसी को डायबीटीज है तो इसकी मात्रा 100 से 150 ग्राम तक ही रखें। आजकल अमरूद, सेब आदि शामिल कर सकते हैं। फ्रूट चाट में चिया सीड्स, फ्लैक्स सीड्स आदि मिला लें तो ज्यादा पौष्टिक हो सकता है।

नोट: नॉनवेज खाते हैं या सिर्फ अंडे खा लेते हैं तो सलाद या स्प्राउट्स के साथ 1 या 2 उबले अंडे भी ले सकते हैं।

पकाकर ऐसे बनाएं हेल्दी ब्रेकफस्ट

4 रागी का डोसा या इडली

सामान्य डोसे की तरह इसे तैयार कर सकते हैं। इसमें वैरिएशन की भरपूर मात्रा होती है। साथ ही फाइबर का भी अच्छा सोर्स है। रागी के आटे में चावल के आटे की थोड़ी मात्रा मिला देने से काम चल जाता है। इसकी इडली भी खूब पसंद की जा रही है। आजकल मोमो भी रागी से तैयार हो जाते हैं।

5 मूंग दाल का चीला

यह पचने में आसान है। मूंग दाल का पाउडर भी मिल जाता है और घर पर भी इसे तैयार करके सील बंद डिब्बे में रख सकते हैं। सर्दियों में इसे 15 से 20 दिन तक बड़े आराम से उपयोग कर सकते हैं। वहीं, गर्मियों में 10-12 दिन तक। बरसात के दिनों में नमी से यह जल्दी खराब हो सकता है। इसलिए 5 से 7 दिनों में पाउडर का उपयोग हो जाए तो बेहतर है।

क्यों खास: अगर पाउडर तैयार हो तो हरा धनिया, टमाटर, मिर्च आदि मिलाने के बाद इसमें रोटी के लिए आटा गूंधने से पकाने तक में लगने वाले समय की तुलना में बहुत कम वक्त लगता है। यह हेल्दी है। यह ग्लूटन फ्री है। डायबीटीज, बीपी के मरीज भी खा सकते हैं।

मिक्स्ड दाल का चीला: इसके लिए कई तरह के दालों (मूंग, अरहर, चना) को मिलाकर पाउडर बना लें। हरी मिर्च, अदरक भी डाल सकते हैं। यह भी 5 से 10 मिनट में तैयार हो जाएगा। **अगर इसी का डोसा बनाना** हो तो पाउडर तैयार करते समय में थोड़ी मात्रा में चावल मिला लें। इससे पेसर डोसा तैयार हो जाएगा। वहीं अंदर सब्जी डालनी हो तो रात की बची सब्जी का इस्तेमाल कर लें।

6 ओट्स सब्जियों के साथ

यह फाइबर का अच्छा सोर्स है, लेकिन इसे लगातार या हर दिन खाते रहेंगे तो यह ज्यादा फायदा नहीं देगा। इसमें हरी सब्जियां, हरे ताजा मटर के दाने मिला लें। वहीं, दही और नमक डालकर भी खा सकते हैं।

ओटस इडली: यह सादे ओट्स की तुलना में ज्यादा स्वादिष्ट और फायदेमंद भी है।

7 ज्यादा सब्जियों वाला पोहा

यह तरह से चावल ही है यानी कार्बोहाइड्रेट का अच्छा सोर्स है। लेकिन जब भी पोहा तैयार करें तो उसमें सब्जियां, मूंगफली, मटर आदि की मात्रा ज्यादा रखें। इसमें हरा धनिया, कढ़ी पत्ता मिलाने से यह ज्यादा हेल्दी हो जाता है। सामान्य प्याज की जगह मौसमी प्याज यानी ग्रीन प्याज डाल सकते हैं। इससे ऐंटिऑक्सिडेंट और फाइबर की मात्रा बढ़ जाएगी। तैयार होने में ज्यादा वक्त नहीं लगता।

8 साबूदाना भी सब्जियों के साथ

यह शुद्ध स्टार्च है। इसे कसावा (Tapioca) की जड़ से निकाला जाता है। फिर प्रोसेस करके खाने लायक बनाया जाता है। प्रोसेसिंग की वजह से न्यूट्रिशनल वैल्यू कम हो जाती है। हर दिन सिर्फ साबूदाना ही खाते रहे तो स्टार्च (कार्बोहाइड्रेट) मिलेगा, लेकिन बाकी चीजें नहीं। यह सिर्फ रोटी, ब्रेड या चावल खाने जैसा है। मौसमी सब्जियां, स्प्राउट्स मिलाने से फायदा होगा।

9 सब्जियों वाला दलिया

यह भी एक हेल्दी गठजोड़ है। सिर्फ मीठा या सादा दलिया खाने से अच्छा है कि मौसमी सब्जियों को इसके साथ शामिल कर लें।

10 चने का सत्तू

बाजार में जो भुने हुए चने मिलते हैं, उससे कुछ कम भुने चनों से सत्तू तैयार किया जाता है। इसमें कैलरी कम है और फाइबर ज्यादा। नेचरल प्रोटीन का भी बेहतरीन सोर्स है। ग्लाइसेमिक इंडेक्स में भी यह नीचे है। इसलिए स्नैक्स के रूप में काफी पसंद किया जाता है। सत्तू ड्रिंक भी बना सकते हैं। एक गिलास पानी में 2 से 3 चम्मच चना सत्तू, स्वादानुसार नमक, हरी मिर्च अगर खाते हों, कटे हुए बारीक टमाटर और आधा नींबू मिलाएं और पी लें। इससे पेट भर जाता है, इसलिए वजन कम करने में भी मददगार है। इसे चीनी या गुड़ मिलाकर भी पी सकते हैं। अगर सत्तू पाउडर तैयार हो तो ड्रिंक तैयार करने में 2 मिनट लगते हैं।

नोट: यहां ब्रेकफस्ट के जितने भी विकल्प बताए गए हैं, उनमें तेल या घी का उपयोग बहुत कम होता है।

ब्रेकफस्ट स्पेशल

नमकीन फूड आइटम्स की जान

हरा धनिया, टमाटर, अदरक, हरी मिर्च, प्याज के पत्ते या प्याज, लहसुन, जरूरत हो तो कढ़ी पत्ते आदि- ये सभी चीजें ऐंटिऑक्सिडेंट, मिनरल्स, विटामिन और फाइबर के बेहतरीन स्रोत हैं। इन्हें खाने से आकर्षक सूजन भी कम होती है। ये अलग-अलग रंगों में होते हैं, इसलिए आयुर्वेद में भी इनमें से कई पसंद किए जाते हैं। इन्हें नमकीन नाश्ता बनाते हुए जरूर इस्तेमाल करें।

दही-चूड़ा भी है खास

बिहार और यूपी के कुछ इलाकों में बहुत प्रचलित है। आजकल दिल्ली-एनसीआर में भी खाया जाता है। यह हेल्दी भी है और फटाफट खाया जाता है। ध्यान सिर्फ इतना रखना है कि इसमें चीनी या गुड़ की मात्रा कम रखें। साथ ही दही में मलाई भी कम हो।

स्पेशल स्टोरी

47 वेट कुड़ी दा... नहीं है तो?

सोशल मीडिया पर एक तरफ फिल्टर वाली और हैपी फोटोज की भरमार है तो वहीं, आइरा खान और अंशुला कपूर जैसी स्टार किड्स भी हैं जो अपने बढ़े हुए वजन और गड्डमड्ड मेटल हेल्थ के बारे में खुलकर बात करती हैं। ये ऐसा करती हैं ताकि दूसरे भी अपनी कमजोरियों, डर, असुरक्षाओं को अपना सकें, उनसे लड़ सकें और 'जैसे हैं, खुद को वैसा ही कुबूल कर सकें। क्यों खास है उनकी यह पहल? पढ़ें, उपमा सिंह की स्पेशल रिपोर्ट:

हाल ही में हुए मुंबई मैराथन में हिस्सा लेने वाली सुपरस्टार आमिर खान की बेटी आइरा खान को उनके वजन और कपड़ों को लेकर सोशल मीडिया पर बेतहाशा ट्रोल किया गया। किसी ने लिखा, 'पति जिम ट्रेनर है, लेकिन पत्नी को ट्रेन नहीं कर पा रहा', तो किसी को उनके कपड़ों को अभद्र बताते हुए उन्हें अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से कपड़े पहनने की सलाह दी, जबकि आइरा ने साधारण-सा टैंक टॉप और शॉर्ट्स पहना था, जो मैराथन के लिहाज से पूरी तरह मुफीद था। असल में इन ट्रोल्स को दिक्कत उनकी वजनी जांघों से थी क्योंकि हमारे समाज की मोटी बुद्धि में सिर्फ पतली-छरहरी, गोरी लड़कियां ही सुंदर, आकर्षक और काबिल-ए-तारीफ होती हैं। शॉर्ट्स जैसे कपड़े होट फिगर वालियों पर ही जंचते हैं, वरना तो 'वजन कम कर लें' और 'अपने शरीर के हिसाब से कपड़े पहनने चाहिए। टाइट कपड़ों में मोटी दिख रही है।' ऐसी सलाह ही मिलती है। मगर इन ट्रोल्स को नहीं पता कि आइरा इस 'पतली, लंबी, गोरी' वाली टिपिकल ब्यूटी स्टैंडर्ड की स्टीरियो टिपिकल सोच से लंबी लड़ाई लड़कर काफी आगे निकल चुकी हैं। उन्होंने खुद से प्यार करना सीख लिया है। यही नहीं, उनका तो मिशन ही लोगों को यह सिखाना है कि आप जैसी हैं, खुद को अपनी सारी खूबियों-खामियों के साथ कबूल करें।

जैसे हैं, उस पर शर्मिंदगी कैसी

फेशल हेयर, डार्क सर्कल, सफेद बाल, स्ट्रेच मार्क्स, बीली बेल्ट, मोटापा, डबल चिन, पेट या पीठ के टायर, यह सब परफेक्ट भले न हों, लेकिन रियल और ह्यूमन हैं, जिस पर शर्मिंदा होने की जरूरत बिल्कुल नहीं है।

- अंशुला कपूर, सिलेब्रिटी

बोलेंगे तभी आएगी हिम्मत

आइरा और अंशुला जैसे स्टार किड्स का मेंटल हेल्थ और बॉडी पॉजिटिविटी पर बात करना बहुत अच्छी बात है। इससे स्टिग्मा (सामाजिक पूर्वाग्रह) और शर्म दोनों कम होते हैं और दूसरों में भी बात करने की हिम्मत आती है।

- डॉ. हरीश शेट्टी, मशहूर मनोचिकित्सक

बॉडी पॉजिटिविटी की पैरोकार

आइरा उन चंद स्टार किड्स में से हैं, जो फिल्टर से परे सोशल मीडिया पर अपने बिना मेकअप वाले लुक के वीडियो शेयर करती हैं। अपने हालिया वीडियो में ही उन्होंने बचपन के उस दर्दनाक सफर की बातें साझा की हैं, जब वह शीशे की ओर देखती तक नहीं थीं। वह अनफिट थीं, मगर उन्हें लगता था कि वह मोटी हैं। फिल्म डिस्क के चलते एक्सरसाइज बंद हो गई तो वजन और 30 किलो बढ़ गया। तब उन्होंने खुद को भूखा रखना शुरू कर दिया। लंबी कार्डियोलिंग के बाद उन्हें समझ आया कि अनफिट होना और मोटा होना एक नहीं होता। मेंटल हेल्थ अवेयरनेस के लिए संस्था 'अगत्सु' शुरू करने वाली आइरा अपनी कमियों (समाज की नजर में), डर, असुरक्षाओं को खुलकर साझा करती हैं, ताकि लोग अपनी मेंटल हेल्थ और बॉडी पॉजिटिविटी को लेकर जागरूक हो सकें। आइरा की तरह स्टार किड अंशुला कपूर भी लोगों को इन चीजों के प्रति जागरूक कर रही हैं। इस कड़ी में ऐक्ट्रेस समीरा रेड्डी भी शामिल हैं, जो बेझिझक अपने चेहरे पर एक्ने के दाग, बाहर निकले पेट, स्ट्रेच मार्क्स, सफेद बाल सब दिखाती हैं।

हम खुद को कुबूल करें

सोशल मीडिया पर फोटो डालने के लिए लोग पहले बेस्ट एंगल, बेस्ट पोज में दर्जन भर फोटोज लेते हैं। फिर हर तरह के फिल्टर से उसे चमकाकर करते हैं, ताकि कोई लाइक किए बिना आगे न बढ़ पाए। अपनी खूबसूरत, सुंदर और उपलब्धियों की बातें और फोटो ही साझा करते हैं, भले ही असल जिंदगी में कितने ही उदास या परेशान क्यों न हों। वहीं, सोशल मीडिया की इस सुंदर-सजीली दुनिया को देखकर दूसरों को लगता है कि सब कितने खुश हैं, सिर्फ मेरी जिंदगी में ही कुछ अच्छा नहीं है। ऐसे में, आइरा और अंशुला जैसी सिलेब्रिटी किड्स अपने डार्क सीक्रेट्स शेयर करके ये सिखाती हैं कि किसी की लाइफ परफेक्ट नहीं है। जाने-माने मनोचिकित्सक डॉ. हरीश शेट्टी कहते हैं, 'यह बेसिक ह्यूमन साइकॉलजी है कि लोग दूसरों की जिंदगी से अपनी तुलना करते हैं। दूसरों का अच्छा-अच्छा देखकर दुखी भी हो जाते हैं। उन्हें लगता है कि उनकी कोई अहमियत नहीं है। ऐसे में, आइरा और अंशुला की तारीफ करनी चाहिए क्योंकि इससे लोगों को लगता है कि ऐसी भी जिंदगी है, जहां सब कुछ गुलाबी नहीं है। लोग खुलकर बात करेंगे तो शर्म कम हो जाएगी और मदद लेंगे।'

नहीं चाहिए मर्दानी, हमें तुम जनानी बनकर दिखाओ

■ नमिता जोशी

खूब लड़ी मर्दानी वो तो झांसी वाली रानी थी।

मर्दानी। रानी लक्ष्मीबाई की बहादुरी के लिए इस्तेमाल किया गया शब्द। आजकल रानी मुखर्जी भी इसी शब्द के साथ छाई हुई हैं। उनकी मूवी 'मर्दानी' का तीसरा सीक्वल भी दर्शकों को पसंद आ रहा है। सदियों से जब भी कोई औरत असाधारण साहस दिखाती है तो समाज उसे औरत ही रहने नहीं देता, मर्दानी बना देता है। जैसे बहादुरी पर पहला अधिकार पुरुषत्व का हो। फिल्मों की तालियों से लेकर घर की चारदीवारी तक। झांसी की रानी से लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में तैनात स्वॉट कमांडो कानल तक। परदे पर बहादुर औरत और असल जिंदगी में मरी गई औरत।

मर्दानी को हिट करने वाले इसी समाज में एक खबर आती है। कोई फिल्मी सीन नहीं, कोई बैकग्रउंड म्यूजिक नहीं। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल में तैनात स्वॉट कमांडो कानल। उम्र 24 साल। 2022 बैच की भर्ती। जूडो कराटे और कमांडो ट्रेनिंग हासिल की हुई। अपराधी से भिड़ने के लिए तैयार की गई एक महिला। घर के भीतर दहेज के लिए अपने ही पति की हिंसा का शिकार हो जाती है। पति कोई अपराधी नहीं। कोई बाहरी दुश्मन नहीं। रक्षा मंत्रालय में क्लर्क की नौकरी करने वाला वही पुरुष जिसे समाज ने सम्मान दिया। वही जिसे पति कहा गया। वही जिसे घर का मालिक माना गया। एक्सरसाइज करने वाले डंबल से जब वह चार महीने की प्रेग्नेंट पत्नी पर वार कर रहा होगा तो कमांडो ट्रेनिंग पाई पत्नी कानल का हाथ अपने बचाव में क्यों नहीं उठ सका होगा? क्योंकि हमलावर कोई बाहरी दुश्मन नहीं, उसका अपना पति परमेश्वर था, जिसे बचपन से यह ट्रेनिंग नहीं मिली कि औरत की इज्जत करनी चाहिए।

हम बरसों से लड़कियों को मजबूत बनाने की बातें करते हैं। कहते हैं कि सेल्फ डिफेंस सीखो। कराटे सीखो। बहादुर बनो, लेकिन देर रात बाहर जाओ तो सतर्क रहो। बहादुर बनो, जूडो सीख कर मर्दानी बनो, लेकिन अपने कपड़े संभालो, अपनी आवाज संभालो, अपनी चाल-ढाल संभालो। मतलब तुम बहादुर हो मगर हर खतरे की जिम्मेदारी तुम्हारी ही है। लेकिन एक सवाल हम कभी नहीं पूछते। पुरुषों, लड़कों, बेटों को कब सिखाया जाएगा कि गुस्सा करना, हिंसा करना अपराध है! कि अहंकार हिंसा का लाइसेंस नहीं, कि पत्नी उसकी संपत्ति नहीं।

कानल की मौत सिर्फ एक व्यक्ति की हत्या नहीं है। यह उस सोच की हत्या है जो दावा करती है कि शिक्षा और ट्रेनिंग से सब बदल जाएगा। कानल के पास वर्दी थी। उसके पास ताकत थी। उसके पास ट्रेनिंग थी। चाहती तो एक हाथ पलटकर हिंसा का जवाब देती और शायद आज जिंदा होती। लेकिन उसके पास वह समाज नहीं था जो घर के भीतर उसकी सुरक्षा सुनिश्चित कर सके। क्योंकि घर आज भी पुरुष की सत्ता का क्षेत्र माना जाता है। वहां कानून और वर्दी दोनों चुप हो जाते हैं।

हम फिल्मों में औरत को बंदूक थमा देते हैं। उसे अप्सराओं से लड़ता दिखाते हैं। दर्शक गर्व महसूस करते हैं लेकिन उसी फिल्म का नाम रखते हैं 'मर्दानी' क्योंकि मारपीट करना मर्दों का काम है। जैसे कहना चाहते हों कि औरत जब तक मर्द जैसी नहीं होगी, तब तक वह मजबूत नहीं मानी जाएगी। क्योंकि फिल्म का नाम जनानी होता तो फिर विरोधाभासी लगता। किस जनानी को देखा है सिंहम की तरह मार-कुटाई करते हुए? शायद इसलिए कमांडो कानल भी मर जाने की हद तक चुपचाप मार खाती रही होगी।

कभी सोचा है?

वही सोच हमारे घरों में सांस लेती है। लड़का रो दे तो कहा जाता है औरतों की तरह मत रो। मतलब रोना कमजोरी है और कमजोरी औरत है, हिंसा करना मर्दों वाला काम है। लड़का अगर घर के काम करे तो मजाक उड़ता है। संवेदनशील होना मर्दानगी के खिलाफ माना जाता है और फिर जब वही दबा हुआ गुस्सा हिंसा बनकर फूटता है तो समाज हैरान होने का नाटक करता है। अरे डंबल से मार दिया तो क्या? तुमने ही तो सिखाया है मर्द बन, क्या औरतों की तरह रो रहा है? घर का काम करें करता है, जोरू का गुलाम है क्या? समाज के ये ताने सुनने से तो अच्छा है लिया डंबल और ले ली बीवी की जान। मर्दानगी हिंसक न हो तो कैसी मर्दानगी। तभी तो बोल्ड बहादुर रानी मुखर्जी लगातार ताकतवर दिखने के लिए सिंहम जैसा अवतार अपना रही हैं और मूवी का टाइटल मर्दानी के बाहर नहीं सोच पा रही हैं। तो फिर कानल के पति ने क्या गलत किया? वह तो खुद एक मर्द है जो पहले हत्या की कोशिश के मामले में गिरफ्तार हुआ। बाद में हत्या का आरोपी बन गया। कानून अपना काम करेगा। लेकिन कानून उस सोच को सजा नहीं दे सकता जिसने उसे यह भरोसा दिया कि वह पत्नी पर हाथ उठा सकता है। यह भरोसा पितृसत्तात्मक समाज देता है। वह समाज जो पुरुष की नाकामी को तोष भी औरत पर डाल देता है। वह समाज जो ताकतवर औरत से भीतर ही भीतर डरता है।

हम रानी लक्ष्मीबाई को मर्दानी कहते हैं। रानी मुखर्जी के किरदार को मर्दानी कहते हैं। लेकिन कानल को क्या कहेंगे? क्या वह कम बहादुर थी? क्या उसने कम ट्रेनिंग ली थी? नहीं। फर्क सिर्फ इतना था कि वह असली दुनिया में थी, जहां बड़े पर्दे की तरह सब कुछ कंट्रोल्ड नहीं होता। जहां हिंसा रोमांच नहीं बल्कि मौत होती है। सवाल यह नहीं है कि मर्दानी शब्द गलत है या सही। सवाल यह है कि हम बहादुरी को स्त्री की पहचान से अलग क्यों करते हैं? क्यों आज भी यह मान लिया गया है कि औरत मजबूत होगी तो वह अपवाद होगी। और अपवाद को मर्दानी जैसे पुरुष शब्दों से समझाया जाएगा।

अगर सच में बराबरी चाहिए तो कल्पना बदलनी होगी। कोई फिल्म बने जिसमें पुरुष घर संभालता हो। बच्चे की देखभाल करता हो। रिश्तों में संवेदनशील हो और उस फिल्म का नाम जनानी रखा जाए। तब देखना होगा कि कितने लोग हंसते हैं, क्योंकि दिक्कत नाम में नहीं है। दिक्कत उस सोच में है जो स्त्री को कमजोर और पुरुष को श्रेष्ठ मानती है। कानल की कहानी हमें यह भी बताती है कि आत्मरक्षा की ट्रेनिंग जरूरी है। लेकिन उससे ज्यादा जरूरी है पुरुषों की मानसिक ट्रेनिंग। उन्हें यह सिखाना कि ताकत का मतलब दूसरे पर कंट्रोल करना नहीं, कि प्रेम का मतलब अधिकार नहीं, कि औरत कोई चुनौती नहीं जिसे कुचलना हो।

वरना हम हर साल नई मर्दानी फिल्म देखेंगे। हर साल किसी नई कानल की खबर पढ़ेंगे। कुछ दिन आक्रोश होगा। फिर सब नॉर्मल हो जाएगा। यही नॉर्मल सबसे खतरनाक है। यही नॉर्मल औरतों की जान लेता है।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH15 User: cci Time: 01-31-2026 22:43 Color:

मैं मानता हूं कि कप्तानी के साथ आने वाली मैदान के बाहर की जिम्मेदारियों के बारे में मुझे बहुत कुछ सीखना है। मैं निजी व पेशेवर तौर पर और बेहतर होने के लिए प्रतिबद्ध हूं। - हैरी ब्रुक, क्रिकेट कप्तान, इंग्लैंड

506

रन बनाए हैं आयरलैंड के पॉल स्टर्लिंग ने टी20 इंटरनैशनल मैचों में इनिंग्स के पहले ओवर में। वह इस फॉर्मेट में पारी के पहले ओवर में सर्वाधिक रन बनाने वाले बैटर हैं। दूसरे स्थान पर रोहित शर्मा (409 रन) हैं

स्पोर्ट्स QUIZ

इस पेज पर छपी खबरों में ही इन सवालों का जवाब है।

1. एलेना रिबाकिना ने कितने ग्रैंडस्लैम सिंगल्स टाइटल जीते हैं?
A) 1 B) 3 C) 2 D) 4
2. पैट कमिंस की जगह ऑस्ट्रेलिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2026 की टीम में किसे शामिल किया है?
A) बेन ड्वारशुइस B) शॉन एबॉट C) स्कॉट बोलैंड D) राइली मेरेडिथ

कल के जवाब
1. B) 411 2. D) मुंबई

लकी WINNER

1. लक्ष सेरुर, विकास पुरी, दिल्ली
2. मनीष रावलेना, नाजियाबाद, यूपी
3. सरोज जैन, ठाणे, महाराष्ट्र

आप अपने जवाब हमें 9319282367 पर अपने नाम, उम्र और शहर/गांव के नाम के साथ वॉट्सऐप करें। एक 'लकी विनर' का नाम और तस्वीर हम कल के अंक में छापेंगे। दो अन्य विजेताओं के नाम भी प्रकाशित होंगे।

फटाफट खबरें

नेपाल से जीता भारत

■ पोखरा: भारत ने सीनि अंडर-19 विमिंस चैंपियनशिप 2026 में अपने अभियान की शानदार शुरुआत करते हुए मेजबान नेपाल को 1-0 से हराया। दूसरे हाफ में पर्ल फर्नांडिस (49वें) ने विजयी गोल दागा।

तिलक करेंगे वापसी

■ नई दिल्ली: भारतीय बैटर तिलक वर्मा को ब्रोइन की चोट से ठीक होने के बाद जल्द ही सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से खेलने की स्वीकृति मिल सकती है। सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि तिलक को रिलीज किया जाएगा और वह तीन फरवरी को मुंबई में भारतीय टीम से जुड़ेंगे।

सिंधु ने लिया नाम वापस

■ नई दिल्ली: भारतीय शटलर पीवी सिंधु ने बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप से नाम वापस ले लिया है। इस फैसले से भारत की पदक उम्मीदों को झटका लगा है। फिटनेस को देखते हुए उन्होंने टूर्नामेंट से हटने का फैसला किया।

अनाहत सेमीफाइनल में

■ नई दिल्ली: अनाहत सिंह ने वॉशिंगटन में रन्नेयर ऑन फायर ओपन के विमिंस सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में इजिप्ट की दूसरी वरीय सना इब्राहिम को हराया। स्वतंत्र वरीय अनाहत ने और सना को 8-11, 8-11, 11-7, 11-8, 11-7 से हराया। वीर चोटरानी मेंस क्वार्टर फाइनल में हार गए।

कनाबर को दी बधाई

■ नई दिल्ली: भारत की जेम्सी कनाबर ने ऑस्ट्रेलियन ओपन एशिया-पैसिफिक एलीट-14 ऐंड अंडर टोर्नी 2026 में ऐतिहासिक सफलता अर्जित की है। वह इस खिताब को जीतने वाली पहली भारतीय लड़की है। केंद्रीय खेल खेल मंत्री डॉ.मनसुख मांडविया ने उन्हें बधाई दी है।

भारत ने टी20I सीरीज को 4-1 से किया अपने नाम
ईशान के तूफान से जीत

भारत Vs न्यूजीलैंड
टी20I सीरीज, पांचवां मैच

बाइट बॉल रीलेज

69
सिक्स लगाए भारत ने इस सीरीज में। यह किसी टीम द्वारा एक द्विपक्षीय सीरीज में सर्वाधिक सिक्स लगाने का रेकॉर्ड है

ईशान किशन
103 रन | **43** बॉल | **6** फोर | **10** सिक्स

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: धमाकेदार ईशान किशन और फॉर्म में वापसी करने वाले 'मिस्टर 360 डिग्री' सूर्यकुमार यादव की लबदोहड़ बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने शनिवार को तिरुवनंतपुरम में खेले गए सीरीज के पांचवें एवं अंतिम टी20 इंटरनैशनल मुकाबले में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहाड़ सरीखा स्कोर खड़ा करते हुए 46 रनों से मुकाबला जीत लिया। भारत ने सीरीज को 4-1 से अपने नाम किया। टीम इंडिया ने सीरीज में दूसरी बार टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला करते हुए 20 ओवरों में 5 विकेट पर 271 रनों का विशाल स्कोर बनाया। जवाब में न्यूजीलैंड टीम ओपनर फिन एलेन (80 रन, 38 बॉल, 8 फोर, 6 सिक्स) के प्रतिरोध के बावजूद लक्ष्य से दूर रही। 117 के तीस स्कोर पर फिन के आउट होने के बाद न्यूजीलैंड के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे और पूरी टीम 19.4 ओवरों में 225 रनों के स्कोर पर ऑल आउट हो गई। भारत की तरफ से अर्शदीप सिंह ने अपने टी20I करियर की बेस्ट बोलिंग करते हुए चार ओवर में 51 रन देकर पांच विकेट झटके। जबकि चोट से वापसी करने वाले स्पिनर अक्षर पटेल ने 4 ओवर में 33 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। भारत इस जीत के साथ 7 फरवरी से शुरू होने वाले टी20 वर्ल्ड कप में बड़े हुए उत्साह के साथ अपना अभियान शुरू करेगा। न्यूजीलैंड की पारी के दौरान संजू सैमसन के बदले ईशान ने ही विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाली जिसमें वर्ल्ड कप से पहले टीम मैनेजमेंट ने अपनी पसंद का संकेत दे दिया।

ईशान का रौद्र रूप: 'प्लेयर ऑफ द मैच' ईशान किशन ने अपना प्रचंड रूप दिखाते हुए टी20I में अपनी पहली शतकीय पारी खेली। कप्तान सूर्यकुमार ने भी 30 बॉल पर 63 रन बनाए जिसमें 4 फोर और 6 सिक्स शामिल थे। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए सिर्फ 58 बॉल में 137 रनों की साझेदारी की। ईशान ने 42 बॉल पर अपनी सेंचुरी पूरी करने के दौरान सभी दिशाओं गेंदबाजों को निशाने पर लिया। आखिरी के ओवर में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या ने भी तगड़े प्रहार करते हुए 17 गेंदों पर एक फोर और चार सिक्स समेत 42 रन की पारी खेली।

न्यूजीलैंड की तरफ से लॉकी फर्ग्यूसन ने दो विकेट लिए। जबकि ईश सोढ़ी ने तीन ओवर में 48 रन लुटाए। **संजू ने फिर किया निराश:** फॉर्म के लिए जूझ रहे केरल के संजू सैमसन के पास अपने घरेलू दर्शकों के सामने उम्दा प्रदर्शन की अपेक्षाएं थीं, लेकिन संजू की बल्ले से नाकामी का सिलसिला जारी रहा। वह 6 गेंदों पर 6 रन बनाकर पारी के तीसरे ओवर में तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन का शिकार बने। दूसरे ओपनर अभिषेक शर्मा (30 रन) लय पाने के बाद अपनी पारी ज्यादा लंबी नहीं ले जा पाए।

किशन-सूर्य का पलटवार: संजू के जल्द आउट होने के बाद मोर्चे पर आए ईशान ने कहर बरपा रहे फर्ग्यूसन को पांचवें ओवर में लगातार फोर और सिक्स जड़ा। ईशान और सूर्य लगातार तगड़े शॉट्स लगाकर विपक्षी गेंदबाजों पर हावी हो गए। सूर्य ने ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स की गेंद पर सातवें ओवर में पहला सिक्स जड़ा जबकि कप्तान और लेफ्ट आर्म स्पिनर मिचेल सैंटनर पर दसवें ओवर में एक और छक्का लगाया। सैंटनर के इसी ओवर में ईशान ने भी फोर और सिक्स लगाया। दसवें ओवर में भारत के खाते में कुल 20 रन आए और टीम इंडिया के सौ रन भी पूरे हो गए।

ईशान ने ईश के एक ओवर में ठोके 29 रन!

ईश सोढ़ी के लिए पारी का 12वां ओवर बुरे सपने सरीखा साबित हुआ। सोढ़ी ने ओवर की पहली गेंद पर वाइड के साथ शुरुआत की, जिसके बाद अगली बॉल पर ईशान ने फोर लगाकर सिर्फ 28 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसके बाद उन्होंने इस गेंदबाज के होश फाख्ता करते हुए 4, 4, 6, 4 और 6 के स्कोर इस ओवर में कुल 29 रन कूट डाले। सोढ़ी के पास ईशान को रोकने का कोई रास्ता नजर नहीं आ रहा था। इसमें से सिर्फ एक गेंद ऐसी थी जिसमें ईशान की टाइमिंग थोड़ी ठीक नहीं रही थी लेकिन वह बॉल भी बल्ले से लगर विकेटकीपर को छकाते हुए बाउंड्री पार चली गई। कप्तान सूर्य ने भी पारी के 14वें ओवर में ऐसा ही जलवा दिखाते हुए जैकब डफी को एक फोर और तीन सिक्स समेत कुल 23 रन बनाकर विपक्षी गेंदबाजी की बखिया उधेड़ डाली। इसी ओवर में सूर्य ने 26 गेंदों पर अपनी फिफ्टी भी पूरी की।

स्कोरकार्ड

भारत: अभिषेक शर्मा ओ फर्ग्यूसन 30, संजू सैमसन बो जैकब्स डफी 6, ईशान किशन बो फिलिप्स बो डफी 103, सूर्यकुमार यादव स्टंप सीफर्ट बो सैंटनर 63, हार्दिक पंड्या बो जैकब्स बो जेमीसन 42, शिवम दुबे नॉट आउट 7
एक्स्ट्रा: 12 **टोटल:** 20 ओवर में 5 विकेट पर 271 रन **विकेट:** 1-31, 2-48, 3-185, 4-233, 5-260 **बोलिंग:** जैकब डफी 4-0-53-1, काइल जेमीसन 4-0-61-1, लॉकी फर्ग्यूसन 4-0-41-2, ईश सोढ़ी 3-0-48-0, फिलिप्स 1-0-10-0, सैंटनर 4-0-60-1

न्यूजीलैंड: टिम सीफर्ट बो हार्दिक बो अर्शदीप 5, फिन एलेन बो रिंकू बो अक्षर 80, रचिन रविंद्र बो अक्षर बो अर्शदीप 30, ग्लेन फिलिप्स बो रिंकू बो अक्षर 7, डेरिल मिचेल बो अर्शदीप 26, मिचेल सैंटनर बो कुलदीप बो अर्शदीप 0, वेडन जैकब्स बो उमरान 7, काइल जेमीसन बो अर्शदीप 9, ईश सोढ़ी बो अर्शदीप बो रिंकू लॉकी फर्ग्यूसन बो अक्षर 3, जैकब डफी नॉट आउट 9 **एक्स्ट्रा:** 16 **टोटल:** 19.4 ओवरों में 225 रन पर ऑल आउट **विकेट:** 1-17, 2-117, 3-131, 4-137, 5-137, 6-166, 7-179, 8-180, 9-191, 10-225 **बोलिंग:** अर्शदीप सिंह 4-0-51-5, हार्दिक पंड्या 2-0-15-0, जसप्रीत बुमरा 4-0-58-0, उमरान चहल 4-0-36-1, अक्षर पटेल 4-0-33-3, अभिषेक शर्मा 1-0-13-0, रिंकू सिंह 0.4-0-7-1

रिबाकिना बनीं चैंपियन

AO ऑस्ट्रेलियन ओपन

मेरा दिल बहुत तेज धड़क रहा है। चेहरे से भले ही पता नहीं चले, लेकिन भीतर काफी जज्बात उमड़ रहे हैं। -एलेना रिबाकिना

■ एजेंसियां, मेलबर्न: एलेना रिबाकिना ने दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को हराकर ऑस्ट्रेलियन ओपन विमेंस सिंगल्स खिताब जीत लिया है। यह उनके करियर का दूसरा ग्रैंडस्लैम खिताब है। रिबाकिना ने तीन सेट तक चले खिताबी मुकाबले में 6-4, 4-6, 6-4 से जीत दर्ज की। करीब दो घंटे 18 मिनट के संघर्ष के बाद खिताब जीतकर उन्होंने साल 2023 फाइनल में सबालेंका के हाथों पहां मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। रिबाकिना ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरा सेट गंवाया और तीसरे में वे 0-3 से पीछे थीं, लेकिन लगातार पांच गेम जीतकर वापसी की। रिबाकिना ने साल 2022 में विंबलडन का विमेंस सिंगल्स खिताब जीता था।

टेलिकास्ट: दोपहर 2:00 बजे से स्पोर्ट्स लिव और सोनी स्पोर्ट्स नेटवर्क पर

इतिहास रचने उतरेंगे जोकोविच-अल्काराज

रॉड लेवर एरिना में 83 साल की मार्गरेट कोर्ट यानिक सिनर और जोकोविच के मैच के दौरान डेआईपी दर्शकों के बीच मौजूद थीं। ये दोनों 24 ग्रैंडस्लैम सिंगल्स खिताब का सर्वकालिक रेकॉर्ड साझा करते हैं, लेकिन सोने को यह बदल सकता है। सिनर पर जोकोविच की कड़ी जीत ने टॉप रैंकिंग्स वाले अल्काराज के खिलाफ खिताबी मैच तय किया। स्पेन का 22 साल का यह खिलाड़ी करियर ग्रैंडस्लैम पूरा करने वाला सबसे कम उम्र का खिलाड़ी बनने की राह पर है।

मेंस सिंगल्स फाइनल आज

कार्लोस अल्काराज	फ्लेयर	नोवाक जोकोविच
स्पेन	देश	सर्बिया
1	रैंकिंग्स	4
22	उम्र	38
6'0	हाइट	6'2
24	सिंगल्स टाइटल	101
4	आखरी मैच में जीत	5

कार्लोस | जोकोविच

यूपी और दिल्ली के लिए आखिरी मौका

■ एजेंसियां, चंडीगढ़: विमिंस प्रीमियर लीग के आखिरी लीग मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स संडे को यूपी वॉरियर्ज के खिलाफ करो या मरो की स्थिति में होगी। जीत दिल्ली कैपिटल्स को सीधे गुजरात जायंट्स के खिलाफ एलिमिनेटर में पहुंचा देगी और आठ अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहेगी, जबकि मौजूदा चैंपियन मुंबई इंडियंस टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। हार की स्थिति में समीकरण उलझ जाएंगे और नेट रन रेट के आधार पर मुंबई, दिल्ली और वॉरियर्ज के बीच एलिमिनेटर की दौड़ तय होगी।

विमिंस प्रीमियर लीग 2026

दिल्ली की कप्तान जेमिमा

टेलिकास्ट: शाम 7:30 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और जियोहॉटस्टार पर

भारत के सामने आज फिर पाकिस्तानी चुनौती

भारत Vs पाकिस्तान
सुपर-6 का मुकाबला

■ एजेंसियां, धुलवायो: पांच बार का चैंपियन भारत संडे को यहां ICC मेंस अंडर-19 वर्ल्ड कप के सुपर-सिक्स मैच में चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से एशिया कप फाइनल में मिली हार का बदला लेने की कोशिश करेगा। दरअसल, पाकिस्तान के लिए यह मैच नॉकआउट की तरह है जिसमें हार के साथ उसका सफर सुपर सिक्स में ही थम जाएगा जबकि भारत की हार के बावजूद उसके पास बेहतर नेट रन रेट के आधार पर सेमीफाइनल में जगह बनाने का चांस रहेगा। इस बीच, भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) ने बताया कि भारतीय अंडर-19 टीम ने वर्ल्ड क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंडुलकर के साथ वर्चुअल बातचीत की, जिसमें मास्टर ब्लास्टर ने युवा क्रिकेटरों की हौसला अफजाई की।

तीन टीमें क्वॉलिफाई: पाकिस्तान के लिए यह झटके वाली खबर है कि सेमीफाइनल के लिए तीन टीमें पहले ही क्वॉलिफाई कर चुकी हैं। ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और इंग्लैंड पहले ही अंतिम-4 में पहुंच चुके हैं और सिर्फ एक स्थान बाकी है। भारत ने अब तक अपने सभी मैच जीते हैं और उसका नेट रन रेट +3.337 है। पाकिस्तान ने अगर भारत को हरा भी दिया तो दोनों टीमें के 6-6 अंक होंगे। ऐसे में नेट रन रेट में बड़ा बदलाव नहीं हुआ तो भारत अंतिम चार में पहुंच जाएगा।

183 रन बना चुके हैं चार मैचों में अभिज्ञान कुंडू जिसमें 2 अर्धशतक शामिल है। वह टीम के लिए अभी तक सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं

टेलिकास्ट: दोपहर 1 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क तथा जियोहॉटस्टार पर

अंडर-19 वर्ल्ड कप

भारतीय कप्तान आयुष म्हात्रे

बैटर्स ने दिखाया है दम: विकेटकीपर बल्लेबाज अभिज्ञान कुंडू (4 मैचों में 183 रन) और वैभव सूर्यवंशी (4 मैच में 166 रन) लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। दोनों ने दो-दो अर्धशतक लगाए हैं। विहान मल्होत्रा (4 मैचों में 151 रन) भी लय में हैं। बावजूद, गेंदबाजी में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेनिल पटेल (4 मैचों में 10 विकेट) और निंबाओ के खिलाफ पिछले मैच में तीन विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के तेज गेंदबाज उद्धव मोहन ने भारत के लिए प्रभावी प्रदर्शन किया है। दूसरी ओर, पाकिस्तान को अंडर-19 एशिया कप फाइनल में शानदार 172 रन बनाने वाले ओपनर समीर मिन्हास से बड़ी उम्मीदें होंगी। उनके पेसर अली रजा चार मैच में 12 विकेट ले चुके हैं जबकि अब्दुल सुभान ने भी 10 विकेट चटकाए हैं।

दूसरी पारी में वापसी करते हुए दिल्ली ने बनाई बढ़त

दिल्ली के आयुष दोसेजा

रणजी का रण

■ एजेंसियां, मुंबई: वैभव कांडपाल (61) और आयुष दोसेजा (62* रन) की जुझारू पारियों के दम पर दिल्ली ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप-डी मुकाबले के तीसरे दिन मुंबई के खिलाफ मजबूत वापसी करते हुए 110 रन की बढ़त बना ली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 106 रन जोड़कर पारी को संभाला। स्टंप तक दिल्ली ने दूसरी पारी में चार विकेट पर 206 रन बना लिए। इससे पहले हिंविक मेहरा (5/64) ने शानदार गेंदबाजी करते हुए मुंबई की पहली पारी को समेटने में अहम भूमिका निभाई। सिद्धेश लाड (103) और सुयेश परकर (58) के आउट होने के बाद मेहरा ने लगातार झटके देकर मैच का रुख बदला। शम्स मुलानी (34) की पारी से मुंबई की बढ़त 96 रन तक पहुंची थी।

बंगाल क्वॉर्टर फाइनल में

रोहतक: बाएं हाथ के स्पिनर शाहबाज अहमद (6/38) के दम पर बंगाल ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप-सी में हरियाणा को 188 रन से हराकर क्वॉर्टर फाइनल में जगह बना ली। शाहबाज ने मैच में कुल 11 विकेट झटके। 294 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हरियाणा की टीम 26.1 ओवर में 105 रन पर सिमट गई।

रोमांचक मोड़ पर यूपी-विदर्भ मैच

नागपुर: उत्तर प्रदेश और विदर्भ के बीच खेला जा रहा ग्रुप-ए का मैच रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। तीसरे दिन स्टंप्स तक विदर्भ ने अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 91 रन बना लिए है। वह 201 रन के लक्ष्य से सिर्फ 110 रन पीछे है, जबकि यूपी को जीत के लिए छह विकेट चाहिए। इससे पूर्व, यूपी दूसरी पारी में 200 के स्कोर पर आउट हो गई थी। यूपी और विदर्भ ने अपनी-अपनी पहली पारी में 237 रन बनाए थे।

ऑस्ट्रेलिया को बड़ा झटका, कमिंस बाहर

■ एजेंसियां, मेलबर्न: ऑस्ट्रेलिया को शनिवार को बड़ा झटका लगा जब उसके मुख्य तेज गेंदबाज पैट कमिंस चोट के कारण आगामी टी20 वर्ल्ड कप से बाहर हो गए। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं को इनकी जगह 15 सदस्यीय टीम में बेन ड्वारशुइस को चुनना पड़ा। बत्तीस साल के कमिंस पैर की चोट से पूरी तरह ठीक नहीं पाए हैं। मैच्यू शॉर्ट को भी शुरुआती 15 सदस्यीय टीम से बाहर कर दिया गया है। मैच्यू रेनशॉ को शॉर्ट की जगह टीम में शामिल किया गया है। सिलेक्टर टोनी डोडेमेड ने कहा, 'पैट की पीठ की चोट को ठीक होने में और समय लगेगा इसलिए बेन एक तैयार वैकल्पिक खिलाड़ी हैं, जो बाएं हाथ से तेज गेंदबाजी करने के साथ-साथ बैटिंग भी करते हैं।'

टी20 वर्ल्ड कप अपडेट

ऑस्ट्रेलिया के पैट कमिंस

मिलर को मिली मंजूरी

जोहानिसबर्ग: साउथ अफ्रीका के सीनियर बैटर डेविड मिलर को टी20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए मेडिकल मंजूरी मिल गई है। मिलर को एसआर के दौरान मांसपेशी में खिंचाव आ गया था। क्रिकेट साउथ अफ्रीका ने कहा कि वह संडे को साउथ अफ्रीका टीम के साथ मुंबई रवाना होंगे। पिछली उपविजेता साउथ अफ्रीका को ग्रुप-डी में न्यूजीलैंड, अफगानिस्तान, कनाडा और संयुक्त अरब अमीरात के साथ रखा गया है। इसे नौ फरवरी को अहमदाबाद में कनाडा से पहला मैच खेलना है।

उलटफेर करते हुए देविका फाइनल में

■ एजेंसियां, चैंकांक: भारत की युवा बैडमिंटन खिलाड़ी देविका सिहाग ने दुनिया की 35वें नंबर की खिलाड़ी हुआंग यू सुन को सीधे गेम में हराकर थाईलैंड मास्टर्स टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत की 20 वर्ष की सिहाग ने टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया है और कई उलटफेर करने में सफल रही हैं। उन्होंने अंतिम-4 के कड़े मुकाबले में पांचवीं वरीयता प्राप्त हुआंग को 22-20, 21-13 से हराया। खिताबी मुकाबले में उनके सामने होंगी मलेशिया की गोह निन वेइ।

थाईलैंड मास्टर्स बैडमिंटन

प्रग्नानंदा, एरिगैसी ने गंवाई बाज़ी, गुकेश का मैच ड्रॉ

■ एजेंसियां, विज्क आन जी (नीदरलैंड्स): टाटा स्टील चेस मास्टर्स 2026 टूर्नामेंट में भारतीयों के लिए शुक्रवार का दिन कठिन रहा। शनिवार को खेले गए 11वें राउंड में अर्जुन प्रग्नानंदा और अर्जुन एरिगैसी को हार का सामना करना पड़ा। वहीं, अरविंद चिदंबरम व वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश के बीच खेली गई बाजी ड्रॉ पर समाप्त हुई। एरिगैसी को जावेखिन सिंदरोव ने मात दी। प्रग्नानंदा को विंसेंट कीमर के खिलाफ हार झेलनी पड़ी। ग्यारहवें राउंड के बाद सिंदरोव और नेदिर्चेक अब्दुसतोरोव सात-सात अंकों के साथ संयुक्त रूप से टॉप पर हैं।

टाटा स्टील मास्टर्स चेस टूर्नामेंट

चैंपियनशिप और गुकेश

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

हिसाब बराबर करने का मौका

भारत पिछले साल 21 दिसंबर को दुबई में हुए अंडर-19 एशिया कप फाइनल में पाकिस्तान से 191 रन के बड़े अंतर से हार गया था, जबकि 14 दिसंबर को उसने इसी टूर्नामेंट का ग्रुप मैच उसके खिलाफ 90 रन से जीता था। ऐसे में आयुष म्हात्रे की कप्तानी वाली भारतीय टीम आज उस हार का बदला लेने के लिए बेताब होगी। भारतीय टीम ग्रुप टूर्नामेंट में अजेय रही है, लेकिन पाकिस्तान की चुनौती को कतई कमतर नहीं मान सकते। यूथ वनडे इंटरनैशनल में दोनों टीमें अब तक 29 बार टकराई हैं जिसमें भारत ने 16 तो पाक ने 12 मैच जीते हैं और एक मैच टाई रहा है। अंडर-19 वर्ल्ड कप में हुए 10 मुकाबलों में दोनों ने पांच-पांच मैच जीते हैं।

12 राशियां और आपका दिन

ARIES 21 Mar-19 Apr
राशि का स्वामी मंगल दशम भाव में पल रहा है। पंचम कर्क राशि का चौथे भाव में आपके अंदर नेक विचारों की भावना को बढ़ाएगा। आप धार्मिक एवं समाजिक कामों में सहयोग करेंगे, यदि आप व्यवहार कर रहे है तो आपके व्यवहार में आज कुछ नया बदलाव होने जिससे आपे खानदान आपको लाभ होगा।

TAURUS 20 Apr-19 May
आज आपकी राशि से तृतीय भाव में पंचम आपके जीवन में शिव कारक उपभन करेंगे। नौकर चाकरों से अच्छायोग से परेशानी रहेगी। परिवार की तरफ से भी उचित समयपर मिलने के संकेत नहीं है। शाम 5 बजे के बाद पंचम के कर्क राशि में प्रवेश करने के बाद कुछ फैसले लेंगे, पड़ोसी सहयोग करेंगे।

GEMINI 21 May-21 Jun
आज आपम अपने कार्य के प्रति लगन रहेगी पर रुके हुए काम पूरे होंगे। आप नए-नए कामों में निरोत करेंगे। आपके परिवार में मनमुटाव की स्थिति रहेगी। शाम के समय वाहन खराब होने से आवश्यक खर्च बढ़ेगा। आप इस समय में धैर्य से काम ले क्योंकि जल्दबाजी में लिए गए काम से आप परेशान हो सकते हैं।

CANCER 22 Jun-22 July
आज आप अधिकतर समय क्रियात्मकता में लगे रहेंगे। इस समय में आयात से लाभ होने की वृद्धि होगी। शाम से देर रात तक आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपकी बुद्धि विवेक, नए-नए कामों की खोज करने में लगेगी। आप दूसरों की कमियां न ढूंढे तो आपकी शान में चार चांद लग सकते हैं। आपके मित्रों से सहयोग मिलेगा।

LEO 23 Jul-22 Aug
आज कर्क का पंचम आपको बहुमूल्य वस्तु से लाभ प्राप्त कराएगा। आपके शान शौकत के लिए धन का खर्च करेंगे, गरीबों की सहायता और आपने बोलने की कला, कार्य कुशलता से दूसरे व्यक्तियों को अपने और आकर्षित करने में सहायक रहेंगे। शाम से लेकर देर रात तक आपकी संचि धर्म-अध्यात्म में लगेगी।

VIRGO 23 Aug-22 Sep
आज राशि से एकादश भाव में पंचम राज्य विजय कारक है। आपके प्रभाव प्रताप में वृद्धि होगी। शाम से लेकर देर रात तक ऐसे अनायास खर्च सामने आएंगे जो कि पहले हुए भी मजबूरी के करने पड़ेंगे। ऐसे खर्चों से परेशान न हों। भविष्य में धन अर्जित करने के और भी अवसर आपको मिलते रहेंगे।

LIBRA 23 Sep-22 Oct
अधिक परिश्रम करने के कारण स्वास्थ्य थोड़ा खराब रहेगा। राज्य और समाज की ओर से वांछित सहयोग मिलेगा, परिवार की तरफ से भी शुभ समाचार मिलने के संकेत हैं। यदि आप नौकरी करते है तो आपके अधिकारी में वृद्धि होगी। उच्चाधिकार बढ़ेगा। सब लोग आपके साहस और पराक्रम की प्रशंसा करेंगे। हमारे आपके शत्रुओं का मनोबल गिरेगा।

SCORPIO 23 Oct-21 Nov
आज का दिन मिश्रित फलकारक है। तृतीय भाव में मंगल होने के कारण आपको पेट एवं जंघु से संबंधित कष्ट होने की संभावना रहेगी। ऐसे अवसरवाद सामने सामने आएंगे जो आपको परेशान कर देंगे। शाम के समय थोड़ी खुशखबरी मिलने से आपका उत्साह बढ़ रहेगा।

SAGITTARIUS 22 Nov-21 Dec
राशि से अष्टम अधु भाव में पंचम धर्म अध्यात्म में वृद्धि करेगा। दिन का कुछ समय सामाजिक क्रियाकलापों में भी लगेगा। आपकी भौतिक सुख सुविधाओं में कुछ कमी आ सकती है। यदि आप अपने मन की बात को जल्द दूसरों से उजागर न करें तो रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है।

CAPRICORN 22 Dec-19 Jan
आज राशि से सप्तम ग्रहयुक्त केंद्र भाव तृतीय अष्टम स्थान में केतु, सूर्य, मंगल, शुक्र शीघ्र आपके निर्णय लेने की क्षमता से आपको लाभ कराएगा। यदि आपका कोई विवाद राज्य से या समाज में लंबित हो तो उसमें सफलता मिलने की पूर्ण संभावना रहेगी। धन का लाभ होगा। शाम से देर रात तक ईश्वर भक्ति में लगेगा।

AQUARIUS 20 Jan-18 Feb
आज का दिन आपके लिए भविष्य की नवीन संभावनाओं को लेकर आ रहा है। आपकी रुचि अध्यात्मिक और आपके अच्छे कर्मों से आपके खानदान का नाम उंचा होगा। कुटुंबी के आशीर्वाद से काम में सफलता मिलेगी। शाम को समय मने बजाने, संगीत और सैर सपाटे में बीतेगा।

PISCES 19 Feb-20 Mar
आज राशि से द्वादश राहु शनु की स्थिति को बढ़ाएगा। मानसिक अशांति चिन्ताओं एवं उद्वेगनता के कारण आप भटक सकते हैं। आपकी संतान व पत्नी के प्रति प्रेम भावना बढ़ेगी। यदि आपकी प्रेमिका होगी तो वो आपसे प्रसन्न होगी। आपकी अकस्मिक स्थिति होने की संभावना है। जिसे मुंह भक्षण से दूर कर लेंगे। रात में अतिरिक्त के आगमन से अनुचित होंगे।

जन्मदिन की शुभकामनाएं

यह वर्ष आपको स्वर्ण पद से प्रतेश कर रहा है। वर्ष के स्वामी मंगल बुध दो यह बने हैं। मंगल भूमि का स्वामी, सुदृढ़ता, साहसी, अक्रमी, सुव्यवस्थापक यह है, जिसको बुध का स्वभिन्न बौद्धिक गुणों वाला, कुशल व्यापारी भी बना देता है। फरवरी शेष से मार्च के महीने तक घरेलू सुख साधन, वाहन, मकान प्राप्ति के प्रबल योग हैं। औरों में आकर्षण शक्ति उत्पन्न होकर उनका मन मोहने भी हो जायेगा। इस वर्ष मई जून में किसी मांगलिक कार्य का अनुष्ठान अथवा प्रतिष्ठादिक कार्य भी आपके परिवार में होंगे। जुलाई में रोग ऋण से मुक्ति मिलेगी। अगस्त में निकट संबंधी अपने हेतु निर्दिष्ट पूरेंगे। सितंबर में जर्थ की भलाई हो सकती है। अक्टूबर से लेकर नवंबर महीने तक आर्थिक पक्ष सुदृढ़ होगा। इससे कई अटके हुए काम आप पूरे कर पाएंगे। दिसंबर में स्थायी व अस्थायी व्यापार का विस्तार एवं धार्मिक स्थानों पर पर्यटन का योग है। जनवरी 2027 में विशेष अच्छे परिणामों के लिए परिवार की रक्षण करते समय बाधकता की नाली में 50 ग्राम शक्कर डाल दें।

-आचार्य कृष्ण दत्त शर्मा

कल का पंचांग
(सोमवार, 2 फरवरी 2026)

राष्ट्रीय मिति माघ 13, शक संवत 1947, फाल्गुनी कृष्णा प्रतिपदा, सोमवार, विक्रम संवत 2082। सौर मघ मास प्रविष्टे 20, शाकाल 13, हिजरी 1447 (मुस्लिम) तद अनुसार अंग्रेजी तारीख 2 फरवरी 2026 है। सूर्य उत्तरायण, दक्षिण गोल, शिशिर ऋतु। राहु काल सुबह 7 बजकर 30 मिनट से 9 बजे तक। प्रतिपदा तिथि अर्धरात्रेत्र। बजकर 53 मिनट तक के बाद द्वितीय तिथि का आरंभ। आरलेष नक्षत्र रात 10 बजकर 48 मिनट तक के बाद मघा नक्षत्र का आरंभ। सौभाग्य योग अगले दिन तड़के 4 बजकर 46 मिनट तक के बाद शोभन योग का आरंभ। पंचम रात 10 बजकर 48 मिनट तक कर्क के बाद सिंह राशि पर संक्रमण करेगा। बालव करण अगस्त 2 बजकर 46 मिनट तक के बाद तैतिल करण का आरंभ।

आज के व्रत और त्योहार

आज के व्रत त्योहार मांघ पूर्णिमा, वसन्तन्त संक्रान्त, श्री गुरु रविदास जयंती।

सुडोकू

	1	4				3	2	
8				3				4
		6	2		4	8		
		2		6		9		

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAHBP User: cci Time: 01-31-2026 23:27 Color:

NBT AI टाइम मशीन

जब पहली बार छपी ऑक्सफर्ड डिक्शनरी

आज ही के दिन 1884 में ऑक्सफर्ड इंग्लिश डिक्शनरी का पहला खंड छपा था, जिसने अंग्रेजी भाषा की स्टडी का नजरिया ही बदल दिया। आज 1928 में इसे पूरी तरह तैयार कर 10 किताबों के सेट में पेश किया गया। इसकी खासियत है कि यह किसी भी शब्द के मायने के साथ उसका पुराना इतिहास भी बताती है। अपनी इसी खूबी की वजह से आज भी इसे दुनिया का सबसे भरोसेमंद और सबसे बड़ा भाषाई रेफरेंस माना जाता है।

NBT
Front Page-2
संडे नवभारत टाइम्स। नई दिल्ली 1 फरवरी 2026

डिक्शनरी बोलकर समझाएगी अर्थ

ChatGPT के अनुसार, भविष्य में तकनीक डिक्शनरी की जान होगी। AI और स्मार्ट सिस्टम की मदद से डिक्शनरी आपकी आवाज, इमोशन और जरूरत समझकर अर्थ बताएगी। बोलते ही जवाब मिलेगा, उदाहरण विडियो और कहानी के रूप में दिखेंगे। नए तकनीकी शब्द, लोकल बोलियां और बदलते अर्थ खुद अपडेट होंगे। कामज वाली डिक्शनरी सिर्फ विरासत का रूप ले चुकी होगी, जबकि तकनीक से जुड़ी डिक्शनरी सीखने को रोचक अनुभव बना देगी।

AI Images

SPEED News

ट्रंप ने इस्राइल को 6.67 अरब डॉलर

और सऊदी अरब को नौ अरब डॉलर के हथियारों की एक बड़ी नई सीरीज की बिक्री को शुक्रवार को मंजूरी दी है।

Agency

गाजा में शनिवार को हुए इस्राइल के हमलों

में 30 फलस्तीनियों की मौत हो गई, जिनमें महिलाएं और बच्चे भी शामिल हैं। अक्टूबर के बाद यह बड़ा हमला है।

निकी हेली के बेटे नलिन ने कहा, भारत

सस्ता श्रम अमेरिका में भेजता है, ईरान से सस्ते में तेल और रूस से हथियार खरीदता है। नलिन ट्रंप समर्थक है।

ईरान के बंदर अब्बास शहर में बिल्डिंग में

में शनिवार को धमाका हुआ। एक बच्ची की मौत हुई और 14 घायल हैं। गैस लीक से यह धमाका हुआ।

SPEED News पर आप अपनी राय हमें 9220747220 पर वट्सएप करके बताएं।

अब फोटो छपवाने का मौका भी

खबरों का ज्ञान

रोज की खबरों पर कितनी पैनी नजर है, आजमाएं

1. सुनेत्रा पवार महाराष्ट्र की पहली महिला डिप्टी सीएम बनी है, वह किस पार्टी की नेता है?
A. NCP (AP) B. बीजेपी C. कांग्रेस
2. ऑस्ट्रेलियन ओपन 2026 का खिताब जीतने वाली महिला खिलाड़ी का क्या नाम है?
A. रूसी B. एलेना रिबाकिना C. लिन
3. यूपी की पटना बर्ड सैंक्चुअरी और गुजरात की छारी-ढांड को किस लिस्ट में जगह मिली है?
A. बायोसिफयर B. रामसर साइट C. यूनेस्को
4. रतन टाटा के एक और करीबी ने टाटा ट्रस्ट को छोड़ने का ऐलान किया है, उनका क्या नाम है?
A. विजय B. नेहली C. प्रमित झावेरी
5. ट्रंप ने इस्राइल को कितने अरब डॉलर के हथियार देने को मंजूरी दी है?
A. 6.67 B. 10 C. 12.2

कल के जवाब

Q1 B. VSR वेंचर्स Q2 A. 7.4% Q3 B. घंटी है Q4 C. विजय चौक Q5 B. स्कॉट बेसेंट

लकी विनर्स

1. वेंकटेश, नई दिल्ली
2. दिनेश कुमार, गाजियाबाद
3. सुनीता जैन, नई दिल्ली

ऐसे भेजें अपने जवाब

अपने नाम, शहर के साथ जवाब भेजें nbtreader@timesofindia.com पर, साथ में फोटो भी भेजें। सब्जेक्ट में KKG लिखें। हर दिन सभी सही जवाब देने वाले तीन चुनिंदा रीडर्स में से एक का फोटो और दो के नाम छापे जाएंगे। जवाब आज के पेपर की खबरों में ही छिपे हैं।

पीयूष गोयल बोले | **ईयू के बाद अब कनाडा, चिली समेत दूसरे देशों से ट्रेड डील की तैयारी**

'ट्रेड डील में किसानों के हितों की रक्षा करेंगे'

यूरोपियन यूनियन के साथ फ्री ट्रेड एग्रीमेंट करने के बाद कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल अब कनाडा और चिली (Chile) सहित दूसरे देशों से व्यापार समझौतों को जल्द से जल्द पूरा करना चाहते हैं। NBT से विशेष बातचीत में गोयल ने कहा कि जिस तरह अब तक हुए समझौतों में एग्री और डेयरी सेक्टरों के हितों की रक्षा की गई है, उसी तरह आगे भी इन पर कोई आंच नहीं आने दी जाएगी। प्रस्तुत है इस बातचीत के मुख्य अंश:

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

EU में आज 7 ट्रिलियन डॉलर के सामान और 3 ट्रिलियन डॉलर की सर्विसेज का इंपोर्ट होता है। हम इसमें से सिर्फ करीब 75 बिलियन डॉलर के गुड्स ओर 46 मिलियन डॉलर की सर्विसेज अभी देते हैं। इससे समझ सकते हैं कि कितनी बड़ी संभावना है।

NBT इंटरव्यू

Q तनाव और टैरिफ से बने हालात के बीच यूरोपियन यूनियन से फ्री ट्रेड डील (FTA) भारत के लिए किस मायने में महत्वपूर्ण है?

यह जो ट्रेड डील हुई है, यह भारत की अर्थव्यवस्था को एक नई राह, एक नई कंबाई पर ले जा सकती है। मेरा मानना है कि 20 साल पहले इस पर बातचीत शुरू हुई थी और तभी अगर यह समझौता कर लिया जाता तो लाखों-करोड़ों लोगों को इसका लाभ मिला होता। कई सालों से हम सब सुनते आ रहे हैं कि बांग्लादेश हमसे चार गुना ज्यादा 30 बिलियन डॉलर का टेक्सटाइल्स एक्सपोर्ट करता है और वियतनाम हमसे दोगुना एक्सपोर्ट करता है और हम सिर्फ 7 बिलियन डॉलर। इसका कारण यह था कि बांग्लादेश को कम विकसित होने के चलते जीरो ड्यूटी का लाभ मिल रहा था और वियतनाम का एफटीए था, तो उसके लिए भी जीरो ड्यूटी थी। हम 9%, 10% या 12% ड्यूटी भरते रहे तो कॉम्पिटीशन में खड़े नहीं हो पाते। अब यूरोपियन यूनियन से FTA छह से आठ महीने में लागू हो जाएगा तो पहले ही दिन से टेक्सटाइल्स सहित ज्यादा श्रम की जरूरत वाले सभी प्रोडक्ट्स पर जीरो ड्यूटी हो जाएगी। अब हमारे 99% गुड्स पर जीरो ड्यूटी हो जाएगी, तो अगर हम अच्छी क्वालिटी पर फोकस करें, जिसके लिए हमारे पास टैलंट है, क्वालिटी पर फोकस करें और बड़े पैमाने पर सामान बनाएं तो हमारी पकड़ बनेगी।

Q कई FTA हुए हैं, निर्यातकों के लिए क्या संदेश है?

जितने ज्यादा विकसित देशों से FTA होंगे, उतने ज्यादा देशों में हमारा सामान जा सकता है। पिछले 4 सालों में मोरीशस सहित 8 FTA हमने किए हैं, तो इनमें शामिल 37 देशों को ध्यान में रखकर बड़े पैमाने पर उत्पादन किया जा सकता है। MSME हैं तो उनका बनाया हुआ अच्छी क्वालिटी का सामान इन देशों में आसानी से एक्सपोर्ट कर सकते हैं।

Q FTA में हमारे भी कुछ सेक्टर खुल रहे हैं, तो किसानों से लेकर छोटी इंडस्ट्रीज तक के लिए आप इसे किस तरह देख रहे हैं?

हमारी प्रति व्यक्ति आमदनी 3000 डॉलर से कम है और EU की 50000 डॉलर है। वहां कौन सी चीज बनेगी, जो भारत में बनी चीज से सस्ती होगी? लेकिन वहां ऐसी कई चीजें बनती हैं, जो भारत में नहीं बनतीं। आज भी हम एक्सपोर्ट से डेढ़ गुना इंपोर्ट करते हैं। ऐसे में इंपोर्ट सस्ते में होगा तो हमारे उपभोक्ताओं को लाभ होगा। सामान आएगा, वहां डिमांड बढ़ेगी तो कल वे ही लोग वहां फैक्ट्री लगाएंगे। इसको गाड़ियों के मामले में देखें। आज हम करीब 80 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट करते हैं और केवल 8000 करोड़ रुपये का इंपोर्ट करते हैं। सब यहीं बना रहे हैं और भारत से 10 गुना ज्यादा एक्सपोर्ट कर रहे हैं।

Q FTA में एग्री और डेयरी जैसे सेक्टरों के हितों पर आंच न आए, इसको सुनिश्चित करना कितना बड़ा चैलेंज रहा?

मैं शुरुआत में ही साफ कर देता हूं कि अगर आपके लिए कुछ संवेदनशील है, तो मैं आपसे नहीं मांगूंगा और मेरे लिए कुछ सेंसिटिव है तो आप मुझसे मत मांगिए। इससे आधी समस्या तो पहले ही खत्म हो जाती है और फिर आगे बात करना बड़ा सरल हो जाता है। BU ने लैटिन अमेरिकी देशों के मरकोसुर ब्लॉक से डील 2019 में की और अब 2026 में पास हुआ। हमारा एग्रीमेंट 6 से 8 महीने में ओके हो जाएगा क्योंकि EU के सभी 27 देशों ने इसका स्वागत किया है। हमने कोई ऐसी चीज नहीं की है, जो इनमें से किसी भी देश को पसंद न हो और हमने ऐसी कोई डील भी नहीं दी है, जो हमारे लोगों को पसंद न हो।

Q आने वाले दिनों में जो FTA होंगे, उनमें भी एग्री और डेयरी पर यही रुख रहेगा?

हमने कभी कोई कंप्रोमाइज नहीं किया है अभी तक। आगे भी नहीं करेंगे। पर हर ट्रेड डील अलग होती है। हर एक में देखना होता है कि उसमें हमें कितने अवसर मिल रहे हैं, हमें क्या देना पड़ रहा है और हमें क्या मिल रहा है। पर कुछ चीजें ऐसी हैं, जिनमें हम जरा भी समझौता नहीं करते। डेयरी ऐसी ही चीज है। ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, ब्रिटेन, EFTA और EU, इन सबने अब कोई FTA नहीं किया है बिना डेयरी के, लेकिन भारत के मामले में ऐसा नहीं हुआ है।

Q इस FTA से EU को हमारा एक्सपोर्ट कितना बढ़ने वाला है?

अभी करीब 75 बिलियन डॉलर का एक्सपोर्ट है। उम्मीद है कि 5 साल में एक्सपोर्ट डबल यानी 150 बिलियन डॉलर हो जाएगा।

Q EU के साथ FTA से आम लोगों को क्या फायदा होगा?

नया निवेश भारत में आएगा। बड़े पैमाने पर उत्पादन वाले कारखाने लग पाएंगे, जो भारत में डिमांड भी पूरी करेंगे और यूरोपियन यूनियन के साथ दूसरे देशों को भी एक्सपोर्ट कर पाएंगे। ज्यादा रोजगार मिलेगा। आमदनी बढ़ेगी। नई टेक्नोलॉजीज आएंगी। हमारे युवाओं को यूरोप में काम करने का अवसर मिलेगा। सर्विसेज में 144 सब-सेक्टर्स EU में हमारे लिए खुलेंगे। इसमें बहुत ज्यादा संभावना है। मछुआरों और किसानों के लिए वैल्यू ऐडेड प्रोडक्ट्स बढ़ेंगे।

Q EU के FTA में भारत के प्रफेशनल्स और स्टूडेंट्स के लिए क्या खास है?

यहां से जो भी स्टूडेंट्स जाएंगे, उनको 9 महीने की वर्क वीजा गारंटी होगी। 9 महीने में अगर वे नौकरी वगैरह ढूंढ ले तो फिर उसके हिसाब से अपलाई भी कर सकते हैं। EU के कई देशों में बूढ़े लोगों की ज्यादा संख्या है। उनको यूथ चाहिए, टैलंट चाहिए। ऐसे देशों में देखभाल करने वालों और नर्सेज की लाखों में जरूरत है। लीगल तरीके से टेंपरेरी वर्क के लिए 4-5 साल के लिए जाएं, कमाएं। इस FTA में हमने सोशल सिक्योरिटी एग्रीमेंट भी किया है। 14 देशों के साथ यह हो गया है। बाकी 13 देशों के साथ 5 साल के अंदर करवा देंगे। इसमें यह होगा कि पेंशन सहित सोशल सिक्योरिटी का जो भी पैसा वहां काटते हैं, वह वापस मिल जाएगा।

Q कई देशों से ट्रेड डील पर जो बातचीत हो रही है, उसमें क्या स्थिति है?

कनाडा से बातचीत जल्द शुरू करने वाले हैं। चिले के साथ क्रिटिकल मिनरल्स और दूसरी पार्टनरशिप पर बातचीत काफी आगे बढ़ चुकी है। ब्राजील के देशों 2 ने तो बात मान ली है, बाकी के 4 मिलाकर सभी 6 देशों के साथ जल्द एग्रीमेंट करेंगे। अप्रियान के 10 देशों के साथ UPA सरकार ने जो एग्रीमेंट किया था, वह देश हित में नहीं था।

Q अमेरिका से ट्रेड डील कितनी जल्दी होने जा रही है?

अमेरिका से भी बातचीत बड़ी अच्छी चल रही है। मेरा दिल कहता है कि डील जल्द हो जाएगी।

Q EU के पर्यावरण से जुड़े नियम काफी कड़े हैं। आगे वे कोई और नियम जोड़ दें, तो इंडस्ट्री के हितों की रक्षा कैसे होगी?

उन्होंने वादा किया है कि ऐसा कुछ वे नहीं होने देंगे। फिर भी अगर कुछ हुआ तो हमने जो रियायतें दी हैं, वे हम वापस ले लेंगे। हमने यह वादा भी लिया है कि अगर भविष्य में वे किसी को कुछ और सुविधाएं देंगे तो वे ऑटोमैटिकली हमें भी मिलेंगी।

विदेश मंत्री जयशंकर से जुड़ा कोई विषय होता है, तो मैं उनको बता देता हूं और मेरा कोई विषय होता है तो वह मुझे बता देते हैं। हम दोनों के बीच बहुत अच्छा समन्वय है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हम लोग बहुत आसानी से जियोपॉलिटिक्स भी संभाल लेते हैं और ट्रेड भी।

बलूच का 'ऑपरेशन हेरोफ'... और हिल गया पाकिस्तान, 91 की मौत

■ एपी, क्वेटा

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में शनिवार को बलूच लिबरेशन आर्मी (BLA) ने एक साथ कई जगहों पर हमले किए। हमलों में कम से कम 10 सुरक्षाकर्मी की मौत हुई है। 11 आम लोग भी इस हिंसा में मारे गए। वहीं, पाकिस्तानी सुरक्षाबलों की जवाबी कार्रवाई में 70 विद्रोही भी ढेर हुए हैं। BLA ने इसे 'ऑपरेशन हेरोफ' का नाम दिया है। BLA के निशाने पर पब्लिक प्लेस, एक हाई सिक्योरिटी जेल, थाने और अर्धसैनिक बलों के प्रतिष्ठान रहे।

बलूच अलगाववादी और पाकिस्तानी तालिबान अक्सर बलूचिस्तान और देश के दूसरे हिस्सों में सुरक्षा बलों पर हमले करते रहे हैं, लेकिन माना जा रहा है कि इतने बड़े पैमाने पर ऐसा हमला पहली बार हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 48 घंटों में पूरे बलूचिस्तान में 108 विद्रोही मारे गए हैं, जिनमें से 70 शनिवार को ढेर किए गए। एक पुलिस अधिकारी के अनुसार क्वाटर शहर में मारे गए 11 नागरिकों में 3 महिलाएं और 3 बच्चे शामिल हैं। सभी बलूच थे।

विडियो में दिखा, महिला लड़ाके भी हमलों में शामिल हुईं: इन हमलों की जिम्मेदारी प्रतिबंधित संगठन BLA ने ली है। हमलों के दौरान कुछ बैंकों में लूटपाट भी की गई। BLA ने ऐसे विडियो भी जारी किए हैं, जिनमें महिला लड़ाकों को हमलों में हिस्सा लेते हुए दिखाया गया है। इसे संगठन की प्रचार रणनीति का हिस्सा माना जा रहा है। सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि अधिकांश हमलों को नाकाम कर दिया गया। शुक्रवार को मुठभेड़ों में 41 विद्रोहियों को मारा गया था।

बलूचिस्तान प्रांत में जेल, पुलिस थाने समेत कई जगह हुए धमाके

दावा किया, एक साल में 700 विद्रोही ढेर

बलूचिस्तान प्रांत के मुख्यमंत्री सरफराज बुगती ने X पर लिखा कि सुरक्षा बल आतंकियों का पीछा कर रहे हैं। पिछले एक साल में सुरक्षा बलों ने करीब 700 विद्रोहियों को मार गिराया है। पुलिस और सरकारी अधिकारियों के अनुसार पहले चरण में 37 हमलावर मारे गए थे, जबकि बाद में 30 और विद्रोहियों को ढूंढकर ढेर किया गया। इससे पहले अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने रेल पटरियां भी उड़ा दीं, जिसके बाद पाकिस्तान रेलवे ने बलूचिस्तान से देश के अन्य हिस्सों के लिए ट्रेन सेवाएं निलंबित कर दीं।

सभी अस्पतालों में इमरजेंसी का ऐलान

बलूचिस्तान के स्वास्थ्य मंत्री बख्त मुहम्मद काकर ने कहा कि हमले लगभग एक ही समय पर पूरे प्रांत में शुरू हुए। क्वेटा में पुलिस ट्रेनिंग पर डेनेड हमले में दो पुलिसकर्मियों की मौत हो गई। हालात को देखते हुए सरकार ने सभी अस्पतालों में आपातकाल घोषित कर दिया। मस्तुंग जिले में दर्जनों विद्रोहियों ने एक जेल पर हमला कर 30 से अधिक कैदियों को छुड़ा लिया। नुश्की जिले में अर्धसैनिक बलों के मुख्यालय पर हमला करने की कोशिश की गई, लेकिन सुरक्षा बलों ने उसे नाकाम कर दिया।

अमेरिका में फिर हुआ आंशिक शटडाउन

■ एएफपी, वॉशिंगटन

अमेरिका में 2026 के बजट को लेकर कांग्रेस में सहमति न बन पाने के कारण शनिवार आधी रात के बाद आंशिक सरकारी शटडाउन लागू हो गया। समय सीमा तक बजट पारित न होने से संघीय सरकार के कई विभागों का कामकाज प्रभावित हुआ है।

हालांकि राजनीतिक नेतृत्व का मानना है कि यह शटडाउन ज्यादा लंबा नहीं चलेगा और अगले सप्ताह की शुरुआत में स्थिति सामान्य हो सकती है। अमेरिकी दूतावास ने X पर पोस्ट किया कि वह अकाउंट रेगुलर अपडेट नहीं होगा। इस आंशिक शटडाउन की मुख्य वजह डेमोक्रेटिक पार्टी का विरोध रहा। डेमोक्रेट सांसदों ने मिनियापोलिस में दो प्रदर्शनकारियों की मौत को लेकर संघीय इमिग्रेशन एजेंट्स की कार्रवाई पर कड़ा एतराज जताया, जिसके चलते फंडिंग पर बातचीत रुक गई।

इमिग्रेशन कार्रवाई का विरोध, डेमोक्रेट सांसद बजट के खिलाफ हुए

वहीं, शिकागो स्थित मेट्रोपॉलिटन कैपिटल बैंक एंड ट्रस्ट को निलंबियों ने बंद कर दिया है। बैंक के ज्यादातर एसेट्स डेट्रॉयट स्थित फर्स्ट हॉरिजेंटेस बैंक को सौंप दिए हैं।

सोमवार को बजट पैकेज पर होगी वोटिंग

राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप अभी सेनेट में नहीं पहुंच सके हैं। हालांकि उन्होंने डेमोक्रेटिक सांसदों से समर्थन की अपील की है। ट्रंप के सोमवार को लौटने के बाद बजट पैकेज पर वोटिंग होने की उम्मीद है। डेमोक्रेट सांसद डिक डर्बिन (Dick Durbin) ने ट्रंप प्रशासन की प्राथमिकताओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार ड्रग तस्करों, बाल अपराधियों और मानव तस्करों पर कार्रवाई करने के बजाय शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों को निशाना बना रही है।

एपस्टीनः महिला के साथ दिखे ब्रिटिश प्रिंस, मस्क-मीरा नायर का भी नाम

■ एपी/एएफपी, वॉशिंगटन

अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट ने शुक्रवार देर रात जेफ्री एपस्टीन सेक्स स्कैंडल से जुड़ी नई फाइलें जारी कीं। इन दस्तावेजों में बताया गया है कि एपस्टीन नाबालिग लड़कियों का रोज कई बार यौन शोषण करता था। कुछ तस्वीरों में ब्रिटिश प्रिंस एंड्रयू को जमीन पर लेटी एक लड़की के ऊपर हाथ रखे दिखाया गया है। इन फाइल्स में पहली बार भारतीय फिल्म डायरेक्टर मीरा नायर और टेस्ला के CEO इलॉन मस्क का नाम भी आया है। ट्रंप प्रशासन पिछले कुछ समय से कोर्ट के आदेश के बाद यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन से जुड़े दशकों पुराने सरकारी रेकॉर्ड पब्लिक कर रहा है। अब जारी हुई नई फाइलों में 30 लाख पेज, 1 लाख 80 हजार तस्वीरें और 2 हजार से ज्यादा विडियो शामिल हैं। इन फाइल्स में इलॉन मस्क और एपस्टीन के बीच 2012 और 2013 के दौरान हुए ईमेल एक्सचेंज की जानकारी सामने आई है।

डिप्टी अटॉर्नी जनरल टॉड ब्लैंच ने एपस्टीन फाइलों के बारे में बताया।

'मीरा नायर की फिल्म की खुशी में पार्टी'

अमेरिकी मीडिया न्यू यॉर्क पोस्ट के मुताबिक, फाइलों में भारतीय फिल्म डायरेक्टर मीरा नायर का नाम भी सामने आया है। मीरा नायर से जुड़ा मेल अमेरिकी यूनिवर्सिटी मैनेजर पैमी सीगल ने एपस्टीन को 2009 में भेजा था। इसमें लिखा है कि वह सिल्वीन मैक्सवेल के मैनहट्टन टाउनहाउस से एक आफ्टर-पार्टी से लौटी है। मीरा नायर न्यू यॉर्क सिटी के मेयर जोहरान ममदानी की मां हैं। मैक्सवेल के घर पर हुई यह पार्टी मीरा की 2009 में रिलीज हुई फिल्म 'मेंसिलिया' से जुड़ी थी।

रामसर साइट की लिस्ट में दो और बर्ड सैंक्चुअरी

■ भाषा, कच्छः यूपी के एटा स्थित पटना बर्ड सैंक्चुअरी और गुजरात के कच्छ जिले की छारी-ढांड बर्ड सैंक्चुअरी को रामसार संधि के तहत अंतरराष्ट्रीय महत्व की वेटलैंड वाली लिस्ट में शामिल किया गया है। गुजरात के मंत्री अर्जुन मोढवाडिया ने शनिवार को कहा कि इससे पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संरक्षण, स्थानीय विकास और वैश्विक मान्यता जैसे क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव आएगा।

चुनौतियों पर चर्चा | अरब-भारत के विदेश मंत्रियों की दूसरी मीटिंग में सीमा पार आतंकवाद को बताया साझा चुनौती

आतंक पर अरब के मंत्रियों संग जयशंकर की बात

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अरब-भारत विदेश मंत्रियों की दूसरी बैठक में सीमा पार आतंकवाद के सभी रूपों को साझा चुनौती बताया। जयशंकर ने कहा कि आतंकवाद से पीड़ित समाजों को आत्मरक्षा के सभी उपाय करने का अधिकार है।

2016 के बाद दूसरी बार हो रही इस फॉर्मेट की मीटिंग में अरब देशों के विदेश मंत्रियों से जयशंकर ने कहा कि हम ऐसे वक्त मिल रहे हैं जब ग्लोबल ऑर्डर में बदलाव आ रहा है। राजनीति, इकोनॉमी, तकनीक और डेमोग्राफी जैसे हर क्षेत्र में जो परिवर्तन हो रहा है और यह बदलाव पश्चिम एशिया और मिडिल ईस्ट से ज्यादा कहीं नहीं दिख रहा। इस क्षेत्र के लैंडस्केप में बीते एक साल में नाटकीय बदलाव आया है। भारत और अरब के संबंध इस प्रभाव से जुड़े हुए हैं। जयशंकर ने गाजा का जिक्र करते हुए कहा कि ये संकट क्षेत्रीय और समुद्रीय केंद्र में रहा है। गाजा संकट का समाधान सभी देशों की साझी प्राथमिकता है।

जयशंकर ने ओमान के विदेश मंत्री बदर बिन हमद अल बुसैदी से की बातचीत।

10 साल बाद अरब देशों के साथ हो रही बैठक

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

पीएम मोदी की खाड़ी देशों पर केंद्रित आउटरीच भारत की विदेश नीति का अहम हिस्सा है। इसी क्रम में शनिवार को दिल्ली में अरब देशों के विदेश मंत्रियों से बातचीत हुई। भारत सीमापार आतंकवाद के खिलाफ साझा रुख से लेकर नए सहयोग क्षेत्रों तक में अरब देशों को खास महत्व दे रहा है। वेस्ट एशिया के लिहाज से यह पहल अहम साबित होगी।

भारत अरब सहयोग

विदेश मंत्री ने भारत-अरब सहयोग फोरम को अहम बताते हुए कहा कि भारत नए क्षेत्रों में भी सहयोग को लेकर उत्सुक है। डिजिटल,स्पेस, इनोवेशन और स्टार्ट अप के सहयोग को जरूरी बताते हुए उन्होंने आतंकवाद विरोधी और सस्टेनेबिल ऑटान प्रदान के सहयोग का भी जिक्र किया।

आतंक पर एकजुट

भारत और अरब देशों के विदेश मंत्रियों के साझा बयान को दिल्ली घोषणा पत्र नाम दिया गया है। दोनों पक्षों ने आतंकवाद पर जीरो टॉलरेंस की सहमति जताई। पहलगाम आतंकी हमले कि निंदा की गई। मिडिल ईस्ट में स्थायी शांति कायम किए जाने और फिलिस्तीन के लोगों के अधिकारों को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई।

पाकिस्तानी पीएम बोले...

कर्ज मांगने में अब शर्म आती है

4 साल में कर्ज दोगुना

देश पर कुल सरकारी कर्ज मार्च 2025 तक 76,000 अरब रुपये से ज्यादा हो चुका है, जो 4 साल में करीब दोगुना है।

गरीबी: 21.9% (2018) | अब करीब 45% आबादी

बेरोजगारी: 7.1% बेरोजगारी दर | 80 लाख + बेरोजगार लोग

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने विदेशी कर्ज पर देश की बढ़ती निर्भरता को लेकर नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा, 'जब फील्ड मार्शल आसिम मुनीर और मैं दुनियाभर में पैसे मांगने जाते हैं तो हमें शर्म आती है। कर्ज लेना हमारे आत्मसम्मान पर बहुत बड़ा बोझ है। कर्ज का बोझ देश की इज्जत पर भारी पड़ रहा है।'

कौन संभाल रहा है पाकिस्तान को

चीन	सऊदी अरब	UAE
हर मौसम का दोस्त कुल निवेशः 60 अरब डॉलर+ 2024-25 में राहतः 4 अरब डॉलर क्षेत्रः बिजली, सड़क, बंदरगाह, CPEC	दिसंबर 2024: केंद्रीय बैंक में 3 अरब डॉलर जमा 2025: 1.2 अरब डॉलर का तेल उधार संभावित निवेशः 5-25 अरब डॉलर क्षेत्रः खनन, खेती, IT	2 अरब डॉलर के कर्ज की समयसीमा बढ़ाई 10-25 अरब डॉलर निवेश का वादा क्षेत्रः बिजली, बंदरगाह, वेस्ट-डॉटर

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAFL2 User: cci Time: 01-31-2026 23:45 Color:

यहां दिल्ली मेट्रो, एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन और नमो भारत से होगी कनेक्टिविटी

ट्रिपल इंटरचेंज हब बन जाएगा दिल्ली एयरोसिटी मेट्रो स्टेशन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

मेट्रो फेज-4 के तहत बन रही गोल्डन लाइन (तुगलकाबाद से एयरोसिटी तक) कॉरिडोर का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद एयरोसिटी मेट्रो स्टेशन एक बड़ा ट्रांजिट हब बनेगा। इस इंटरचेंज स्टेशन पर भविष्य में एनसीआरटीसी के सराय काले खां से हरियाणा के अलवर तक प्रस्तावित नमो भारत के कॉरिडोर से कनेक्टिविटी होगी। इस तरह यह ट्रिपल इंटरचेंज स्टेशन बन जाएगा। इससे एयरपोर्ट टर्मिनल-1 पर आने वाले यात्रियों को दिल्ली-एनसीआर में आना-जाना आसान होगा।

मेट्रो फेज-4 में गोल्डन लाइन कॉरिडोर का निर्माण चल रहा है। करीब 23.62 किलोमीटर लंबे इस कॉरिडोर पर कुल 13 मेट्रो स्टेशन हैं। यह तुगलकाबाद से शुरू होकर एयरोसिटी तक जाएगा। एयरोसिटी स्टेशन वर्तमान में नई दिल्ली से द्वारका सेक्टर-25 एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन पर पड़ता है। गोल्डन लाइन बनने के बाद तुगलकाबाद से एयरोसिटी स्टेशन सीधे कनेक्ट करेगा। एयरोसिटी एक इंटरचेंज स्टेशन बन जाएगा। केंद्र सरकार ने फेज 5ए में गोल्डन कॉरिडोर को एयरोसिटी से आगे एयरपोर्ट टर्मिनल-1 तक विस्तार को भी मंजूरी दे दी है, जिससे एयरपोर्ट के दोनों टर्मिनल के साथ मेट्रो की कनेक्टिविटी हो जाएगी।

अच्छी खबर...

23.62 किमी. लंबा है तुगलकाबाद से एयरोसिटी कॉरिडोर

13 मेट्रो स्टेशन होंगे इस कॉरिडोर में

2 इंटरचेंज स्टेशन होंगे इस पर

■ मेट्रो फेज-4 के तहत गोल्डन लाइन (तुगलकाबाद से एयरोसिटी तक) कॉरिडोर का हो रहा निर्माण

■ एयरपोर्ट टर्मिनल-1 पर उतरने वाले यात्रियों की इस लाइन से दिल्ली-एनसीआर में आवाजाही होगी आसान

290 मीटर लंबा होगा एयरोसिटी पर स्टेशन

गोल्डन लाइन पर इंटरचेंज स्टेशन को बनाने व एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों को बेहतर सुविधा देने, कनेक्टिविटी और इंटरचेंज की सभी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए 290 मीटर लंबा स्टेशन बनाने का भी फैसला किया गया है। सामान्य तौर पर इंटरचेंज स्टेशन की लंबाई महज 260 मीटर होती है। एयरोसिटी स्टेशन 22 मीटर की गहराई पर बनाया जाएगा। एक्सप्रेस लाइन और गोल्डन लाइन के बीच प्लेटफॉर्म-टु-प्लेटफॉर्म एवं कॉन्कोर्स-टु-कॉन्कोर्स पैड एरिया कनेक्टिविटी उपलब्ध होगी।

NBT संडे स्पेशल

भविष्य में नमो भारत से भी जुड़ेगा यह कॉरिडोर

एयरोसिटी भविष्य में नमो भारत से भी जुड़ जाएगा। NCRTC की ओर से सराय काले खां टु अलवर के लिए प्रस्तावित कॉरिडोर यहां एक-दूसरे को लगभग तिरछी (Diagonally) दिशा में क्रॉस करेंगे। भविष्य में NCRTC प्लेटफॉर्म के निर्माण को देखते हुए मेट्रो स्टेशन पर भी उसी तरह का निर्माण किया जा रहा है। यह नई इंटरचेंज सुविधा दक्षिण दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों के लिए कनेक्टिविटी में सुधार लेकर आएगी।

दिल्ली-NCR से एयरपोर्ट की आवाजाही होगी आसान

इस कॉरिडोर से कई इलाकों की सीधी कनेक्टिविटी होगी। दक्षिणी दिल्ली के तुगलकाबाद, आंबेडकर नगर, खानपुर समेत अन्य क्षेत्रों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। यही नहीं, टर्मिनल-1D से यात्रा करने वाले यात्री भी टर्मिनल-1 IGI से गोल्डन लाइन के माध्यम से एयरोसिटी पहुंचकर एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन का इस्तेमाल कर सकेंगे।

मेट्रो का जारी रहेगा विस्तार : रेखा गुप्ता

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली मेट्रो ने सिर्फ 18 महीनों में अपडेटेड टेक्नोलॉजी से लैस आधुनिक इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब स्टेशन (RSS) बनाया है। मेट्रो को इस सब स्टेशन से पावर यानी बिजली की सप्लाई की जाएगी, ताकि प्रमुख मेट्रो कॉरिडोरों को बिना किसी रुकावट के बिजली की आपूर्ति सुनिश्चित हो। शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इस RSS का उद्घाटन करते हुए कहा कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में मेट्रो विश्वास का दूसरा नाम है। शहर को 500 किलोमीटर मेट्रो लाइन से जोड़ने की दिशा में काम जारी है। मैं विश्वास दिलाती हूं कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में मेट्रो के विकास में फाइनेंशल और एडमिनिस्ट्रेटिव सपोर्ट जारी रहेगी, कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

CM ने DMRC के नए इलेक्ट्रिक रिसीविंग सब स्टेशन का किया उद्घाटन

दरअसल, 2010 में दिल्ली मेट्रो के फेज दो के दौरान DMRC की एयरपोर्ट लाइन और लाइन-6 (वायलेट लाइन) को बिजली की आपूर्ति के लिए RSS बनाया गया था। लेकिन, 2021-22 के दौरान, सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट के निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए इस सब स्टेशन को हटा दिया गया था। केंद्रीय लोक निर्माण विभाग द्वारा दी गई वैकल्पिक जमीन के बाद इंद्रप्रस्थ से आरके आश्रम मार्ग तक सेंट्रल-विस्टा मेट्रो लाइन को बिजली की जरूरत को ध्यान में रखते हुए साल 2023 में एक नए RSS का बनाने का काम शुरू हुआ।

AI ड्रोन कैमरों से अब होगी मेट्रो योजनाओं की निगरानी

Brijesh.Singh@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (DMRC) अपने बड़े इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की रियल टाइम निगरानी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) आधारित प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम (PMS) बनाने की योजना बनाई है। ऐसा AI आधारित तकनीक जो कि खुद समस्याओं को चिन्हित करके संभावित योजनाओं की टेढ़ी पर टाइमलाइन को रियल टाइम में री-शेड्यूल भी करेगा। मेट्रो ने इसके लिए आईटी कंपनियों से आगामी 2 मार्च तक अपने प्रस्ताव DMRC को भेजने के लिए कहा है। DMRC के मुताबिक यह पारंपरिक AI से बिल्कुल अलग होगा।

DMRC के अनुसार बड़ी इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर निगरानी के लिए यह पहल पारंपरिक प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सिस्टम से अलग होगी। नया AI-PMS केवल समस्याओं की पहचान नहीं करेगा, बल्कि स्वयं सोचेगा, उसे दूर करने की योजना भी बताएगा और उसे लागू करने में भी सक्षम होगा। मेट्रो अधिकारियों के मुताबिक इसका उद्देश्य मेट्रो परियोजनाओं को समय पर, अधिक कुशलता और कम नोटिस के साथ पूरा करना है। यह प्लेटफॉर्म मल्टी-एजेंट AI आर्किटेक्चर पर आधारित होगा, जो प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और बीआईएम (Building Information Modeling) टूल्स के साथ इंटीग्रेट होकर डेली प्रोग्रेस रिपोर्ट, विजिबिलिटी और अपडेट्स भी देगा। DMRC के मुताबिक यह न केवल दिल्ली मेट्रो, बल्कि पूरे देश में इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट मैनेजमेंट के तरीके को बदल सकती है।

AI Image

इन खूबियों से होगा लैस

■ DMRC द्वारा प्रस्तावित AI-PMS में प्रोजेक्ट प्लानिंग और शेड्यूलिंग के लिए डेटा का उपयोग किया जाएगा, जिससे योजना के संभावित देरी का पहले ही अनुमान लग सकेगा।

■ मजदूरों की कमी, मशीनों की खराबी या खराब मौसम जैसी परिस्थितियों में रियल-टाइम शेड्यूल में बदलाव करने की क्षमता भी होगी।

■ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस सिस्टम उपकरणों, श्रमिकों और मटेरियल के उपयोग की निरंतर निगरानी करेगा। साथ ही, दस्तावेजों की समीक्षा कर ऑटोमेटिक रूप से अनुपालन (Compliance) की भी जांच भी करेगा।

■ ड्रोन और AI-सक्षम कैमरों के माध्यम से कस्टमर्स साइट पर हो रहे कार्यों की निगरानी की जाएगी, जिससे वास्तविक प्रोग्रेस की तुलना तय योजना से की जा सके।

महरौली में सड़क से लेकर पार्क तक की बदलने वाली है तस्वीर

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

महरौली विधानसभा में अब सड़क से लेकर पार्क तक की तस्वीर बदल जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शनिवार को महरौली विधानसभा क्षेत्र में 135 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का शुभारंभ किया। सीएम ने कहा कि महरौली विधानसभा में शुरू की गई ये विकास परियोजनाएं नागरिक सुविधाओं को मजबूत करेंगी। कार्यक्रम में साउथ दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सीएम ने बताया कि इन परियोजनाओं के तहत सड़कों का पुनर्निर्माण और मरम्मत, जर्जर चौपालों और सामुदायिक भवनों की मरम्मत, सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण, पार्कों का ब्यूटीफिकेशन, बच्चों के लिए झूलों की स्थापना और युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए ओपन जिम भी तैयार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने से ट्रैफिक व्यवस्था सुगम होगी, सार्वजनिक स्थल अधिक सुरक्षित बनेंगे और लोगों को बेहतर जीवन गुणवत्ता का लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि महरौली केवल एक विधानसभा क्षेत्र नहीं, बल्कि दिल्ली की प्राचीन सांस्कृतिक और ऐतिहासिक विरासत का प्रतीक है। मां योगमाया मंदिर, गुहड़ारा, लौह स्तंभ, पुरातत्व पार्क और अनेक ऐतिहासिक स्मारकों से समृद्ध यह क्षेत्र हजारों वर्षों के इतिहास की साक्षी रहा है।

CM ने 135 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों का किया शुभारंभ

बिजवासन स्टेशन के काम में आएगी तेजी

■ रिपोर्ट, नई दिल्ली: बिजवासन रेलवे स्टेशन के रीडेवेलपमेंट के काम की रफ्तार अब तेज होने वाली है। क्योंकि, लंबे समय से बाधा बने 3000 पेड़ों को अब काटने की अनुमति मिल गई है। इसकी वजह से अब काम में तेजी आएगी। दावा है कि जल्द ही स्टेशन बनकर तैयार हो जाएगा।

राजधानी में कई स्टेशनों पर रीडेवेलपमेंट का काम किया जा रहा है। इनमें बिजवासन स्टेशन भी शामिल है, जिसका काम पिछले कई वर्षों से जारी है। लेकिन रेलवे ट्रैक के पास करीब 3000 पेड़ बांध बन रहे हैं। रेलवे ने इन पेड़ों के काटने के लिए संबंधित विभाग को कई बार पत्र लिखा, लेकिन अनुमति नहीं मिली। जिसकी वजह से कई साल तक निर्माण कार्य प्रभावित रहा।

कार्रवाई HC के ग्रीन सिग्नल के बाद MCD ने की कार्रवाई। दो दिन पहले ही सभी हॉकर्स को दे दिए थे नोटिस

आनंद विहार बस अड्डे के आस-पास से MCD ने अतिक्रमण किया साफ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

दिल्ली हाई कोर्ट से मंजूरी मिलने के बाद एमसीडी ने शनिवार की सुबह आनंद विहार बस अड्डे और रेलवे स्टेशन के आस-पास से बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हटाया। इस दौरान एमसीडी के शाहदरा साउथ जोन के डिप्टी कमिश्नर बादल कुमार और असिस्टेंट कमिश्नर आदित्य सिंह खुद मौके पर मौजूद रहे। बादल कुमार ने बताया कि शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चले अभियान के दौरान लगभग 300 रेहड़ी-पटरियां हटाई गईं। इस काम के लिए तीन जेसीबी मशीनें, 7 ट्रक और करीब 40 कर्मचारी तैनात किए गए थे।

उन्होंने बताया कि कार्रवाई करने से पहले 29 और 30 जनवरी को सभी हॉकर्स को नोटिस दे दिए थे कि वे अपनी दुकानें हटा लें। इसके अलावा 30 जनवरी को यहां मुनादी भी कराई गई थी। उसके बाद भी कई लोगों ने अपना सामान नहीं हटाया। कुछ लोगों ने कार्रवाई से बचने के लिए पीछे की तरफ बने नाले के किनारे सामान छुपा दिया था, लेकिन टीम ने वहां से भी सामान जब्त कर लिया। इस दौरान पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात रहा और किसी प्रकार के विरोध का सामना नहीं करना पड़ा। कुमार ने कहा कि हम अगले कुछ दिनों तक इस क्षेत्र पर कड़ी नजर रखेंगे, ताकि यहां दोबारा अतिक्रमण न हो। इलाके के एसआई, एसआई और एरिया पीएसआई को भी निर्देश दिया गया है कि यहां दोबारा अतिक्रमण होना नहीं चाहिए। यहां केवल 105 मान्यता प्राप्त विक्रेताओं को ही अनुमति दी जाएगी।

- अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई लगभग 10 साल से पेंडिंग थी
- सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चली अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई
- 300 रेहड़ी-पटरियां हटाई गईं 3 जेसीबी की मदद से, 7 ट्रक थे तैनात

10 साल से पेंडिंग था मामला

अतिक्रमण हटाने की यह कार्रवाई लगभग 10 साल से पेंडिंग थी। जून 2016 में जब MCD ने यहां अतिक्रमण हटाने का प्रयास किया था, तब कुछ हॉकर्स ने हाई कोर्ट का रुख करके सुरक्षा की मांग की थी। कोर्ट ने उन्हें अंतरिम राहत देते हुए MCD को इलाके का सर्वे करने का निर्देश दिया था। सर्वे में पता चला कि यहां केवल 105 अधिकृत हॉकर्स हैं, लेकिन सैकड़ों हॉकर्स हो गए थे।

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAHFP User: cci Time: 01-31-2026 23:13 Color:

नई दिल्ली > रविवार, 1 फरवरी 2026 > माघ 12, शक संवत 1947, माघ शुक्ल पूर्णिमा, विक्रम संवत 2082

WATCH GOD WATCHDOG

वर्ष 22, संख्या 5 > पेज 26* > मूल्य ₹6.00 या ₹12.50 संडे टाइम्स ऑफ इंडिया सहित

www.nbt.in

NBT
संडे नवभारत टाइम्स

एनबीटी में विज्ञापन देने के लिए 18001205474 पर कॉल करें। नवभारत टाइम्स का अंक प्राप्त करने के लिए 18001200004 पर कॉल करें या subscribe.timesofindia.com पर जाएं।

संत रविदास जयंती की शुभकामनाएं

PM हलवारा एयरपोर्ट टर्मिनल का करेंगे शुभारंभ

▸p8

आम बजट से एक दिन पहले हमने की Gen-Z से बात

बजट, बचत और पैसा, Gen-Z के सीक्रेट सच

वरुण आनंद: Gen-Z को लेकर आम धारणा है, 'ये तो बस खर्च करते हैं, संडेज-डेडेन किस खेत की मूली!' लेकिन जरा रुकिए! आम बजट से एक दिन पहले NBT ने कुछ Gen-Z को दिल्ली ऑफिस बुलाया और सामने बैठे थे एक्सपर्ट **प्रो. दीपांशु मोहन**। नतीजा? सोच जितनी 'meme-फ्रेंडली' लगती है, उतनी ही 'money-सीरियस' भी।

पहला सच: पैसा इनके लिए अहम है, पर सब कुछ नहीं। कोई कहता है, 'पैसा self-esteem और पावर है', तो कोई बोलता है, 'बस जरूरतें पूरी कर दे, वही काफी!' हेल्थ बनाम पैसा बनाम रिश्ते? ज्यादातर ने हेल्थ को नंबर-1 रखा, क्योंकि 'हेल्दी होंगे तभी कमाएंगे!' प्लॉट ट्विस्ट : रिश्ते भी पैसों पर भारी निकल गए। ये पैसों को प्रायोरिटी लिस्ट में सबसे नीचे रखते हैं।

दूसरा सच: खर्च करते हैं, लेकिन अंधाधुंध नहीं। UPI की सहूलियत ने खर्च को इनविजिबल जरूर बनाया है, पर कई Gen-Z अपना बजट लिखकर चलते हैं, 'इतना खर्च, इतनी SIP, स्टॉक मार्केट में भी निवेश, हर चीज पर पूरा ध्यान रखते हैं!' FOMO वाले Gen-Z भी हैं, जिन्हें जो चाहिए वो चाहिए ही चाहिए, पर 'Old Gen-Z' भी हैं जो स्टारबक्स देखकर बोलते हैं कि 'घर की कॉफी ही बेस्ट है!'

तीसरा सच: इनवेस्टमेंट में इनकी भाषा बदल गई है - FD-RD से आगे, स्टॉक्स-SIP तक। फास्ट रिटर्न चाहिए, रिस्क से डरते नहीं (क्योंकि पैरेंट्स का सेफ्टी नेट है)। पर एसेट क्लिएशन-घर-जर्मन-इनकी विश-लिस्ट में नहीं। 'EMI क्यों लें, SIP कर लें!', ये लाइन कई बार आई।

NBT संडे स्पेशल

और बजट? Gen-Z बोले- 'No cap, हम पूरा बजट नहीं देखते! कॉम्प्लेक्स लगता है, हाइलाइट्स जरूर पढ़ते हैं, क्या सस्ता, क्या महंगा!' उम्मीदें साफ हैं: एजुकेशन लोन सस्ता हो, नौकरी बढ़े, एनवायरमेंट पर फोकस हो। कुल मिलाकर, निर्मला जी, वे पीढ़ी 'ब्रूवूं' नहीं, 'कॉन्सप' है, बस इनकी भाषा थोड़ी अलग है।

निर्मला जी, सुनिए क्या कहते हैं Gen-Z

सरकार की भी नजर युवाओं पर

आज बजट पेश करने के बाद वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए करीब 30 स्टूडेंट्स से मिलेंगी। माना जा रहा है कि यह संकेत है कि इस बार के बजट में जेन जी पर खास फोकस रह सकता है। एनबीटी में आज आने वाले बजट की खास कवरेज की थीम भी जेन जी की नजर से रहेगी।

पूरी बातचीत पेज 13

खबरों के अंदर की बात
NBT Lens
देखें पेज 4, 11, 15 और 16

* 18+8 DelhiTimes
पंजाब एण्ड सिंध बैंक
कार लोन
7.30% ब्याज दर
8879840089 पर मिस्ड कॉल दें

आज खुलेगा बजट बॉक्स

वित्त मंत्री पेश करेंगी बजट, ट्रेड और इकॉनमी को संभाले रखने की चुनौती

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण आज संसद में आम बजट पेश करेंगी। पहली बार रविवार को पेश होने के साथ यह बजट कई मायनों में खास होगा। अमेरिकी टैरिफ और कई देशों में टकराव से बने हालात के बीच ट्रेड, शेयर बाजार और इकॉनमी को संभाले रखने और इनको मजबूती देने की चुनौती है। 2047 तक विकसित भारत बनाने के लक्ष्य और देश में युवाओं की बड़ी संख्या को देखते हुए रिफॉर्म्स एक्सप्रेस की रफ्तार बढ़ा सकती है। पिछले बजट में इनकम टैक्स में बड़ी राहत के बाद फाइनल टैक्स के मोर्चे पर बड़े कदमों की संभावना कम है, लेकिन 1 अप्रैल से शुरू होने वाले वित्त वर्ष 2026-27 के इस बजट में लंबी अवधि के उपायों पर जोर हो सकता है, जिससे तरक्की का आधार मजबूत हो।

रिफॉर्म्स एक्सप्रेस

- जॉब्स बढ़ाने, उत्पादन लागत घटाने और कारोबार में आसानी लाने पर रह सकता है जोर
- तमिलनाडु, असम और केरल में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए इन राज्यों के मद्देनजर हो सकती है खास घोषणाएं।

क्या कस्टम ड्यूटी स्लैब बदलेगा?

अधिकारियों के मुताबिक, अपने नौवें बजट में वित्त मंत्री कस्टम्स ड्यूटी स्लैब्स में बदलाव और इससे जुड़े प्रोसेस को सरल बनाने पर जोर दे सकती हैं। इनोवेशन और AI समेत नई टेक्नॉलजीज पर फोकस रहेगा। करीब आधी वर्कफोर्स खेती पर निर्भर है। ऐसे में मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने और उत्पादन लागत घटाने के उपाय हो सकते हैं।

मेरा दिल कह रहा है, US से ट्रेड डील जल्द होगी: गोयल

'EU को एक्सपोर्ट 150 बिलियन डॉलर हो जाएगा'

Akhilesh.Singh1@timesofindia.com

■ **नई दिल्ली:** कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने NBT को दिए खास इंटरव्यू में कहा, यूरोपियन यूनियन के साथ फ्री ट्रेड अग्रीमेंट 6 से 8 महीनों में लागू हो जाएगा और अगले 5 वर्षों में EU को भारत से एक्सपोर्ट दोगुना होकर 150 बिलियन डॉलर होने की उम्मीद है। US से ट्रेड डील पर अच्छी बात हो रही है। मेरा दिल कहता है कि डील जल्द हो जाएगी। ▸▸ पेज 16

बिल्डर खुदकुशी की जांच

SIT को: बेंगलुरु के रियल एस्टेट टाइकून सी. जे. रॉय के कथित स्यूसाइड मामले की जांच एसआईटी करेगी। ▸▸ पेज 11

मौसम

अधिकतम तापमान 21.5°

6.7° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय रविवार 6:00 | सूर्यास्त सोमवार 7:09

पहाड़ी इलाकों में 2 फरवरी तक हल्की बारिश, बर्फबारी की संभावना।

DALHOUSIE
PUBLIC SCHOOL
Est. 1970

55 YEARS OF LEGACY | TWO CAMPUSES
DALHOUSIE & IN NEW CHANDIGARH

At Dalhousie Public School, we go beyond textbooks to offer an unparalleled learning experience that blends academics with elite extracurricular activities. Our students don't just learn; they explore and excel in unique pursuits. Surrounded by nature, these students embark on hikes and adventures that inspire curiosity and foster a love for life.

With the New Chandigarh Campus, we explore new frontiers of Dalhousie, offering a unique multi-track approach to education, catering to domestic and international aspirations.

10,000+ ALUMNI NETWORK

27+ EXTRACURRICULAR ACTIVITIES

Flexible Residential Opportunities

FULL BOARDING • WEEKLY BOARDING • DAY BOARDING

ADMISSIONS OPEN
FOR DOMESTIC & INTERNATIONAL CURRICULUM
2026-27
LIMITED SEATS
ENROLL NOW

CO-EDUCATIONAL BOARDING SCHOOL | PRE-NURSERY TO CLASS XII

011 6909 8645 | +91 94183 81111 INFOCHD@DPSDALHOUSIE.COM | DALHOUSIEPUBLICSCHOOL.COM

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH02 User: vivek.kumar4@timesofindia.com Time: 01-31-2026 21:43 Color:

उत्तर प्रदेश @ दावोस

वैश्विक लीडर्स के साथ साझेदारी की नई ऊंचाइयों पर यूपी

स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित हुए विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक 2026 में उत्तर प्रदेश सरकार ने निवेश और विकास के अपने मजबूत एजेंडे को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। राज्य ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग जैसे प्रमुख क्षेत्रों में वैश्विक निवेशकों से संवाद किया। राज्य के प्रतिनिधिमंडल ने नीदरलैंड्स, अमेरिका सहित कई देशों की अग्रणी कंपनियों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें कीं और लगभग 3 लाख करोड़ रुपये के 31 समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। यह उत्तर प्रदेश की विकास रणनीति पर अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के बढ़ते भरोसे को स्पष्ट रूप से दर्शाता है।

दावोस में वैश्विक निवेश का केंद्र बना उत्तर प्रदेश

PICS: DINESH UPADHYAY

"स्विट्जरलैंड के दावोस में आयोजित 56वें विश्व आर्थिक मंच (वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम) की वार्षिक बैठक में उत्तर प्रदेश सरकार ने बड़ी उपलब्धि दर्ज करते हुए लगभग ₹3 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव (एमओयू) हुए। यह उपलब्धि को प्रदेश को वैश्विक निवेश मानचित्र पर अग्रणी निवेश गंतव्य के रूप में स्थापित करने वाला है।

इस दौरान डेटा सेंटर, नवीकरणीय ऊर्जा, वेस्ट-टू-एनर्जी, मैन्युफैक्चरिंग, डिफेंस, लॉजिस्टिक्स, टूरिज्म, फूड प्रोसेसिंग, ईवी, फार्मा, हेल्थकेयर और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे क्षेत्रों में 31 एमओयू संपन्न हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकसित भारत @2047 के विजन को साकार करने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है।"

सुरेश खन्ना, वित्त मंत्री, उत्तर प्रदेश

प्रमुख उपलब्धियों पर एक नजर

बड़ा निवेश हासिल किया

- उत्तर प्रदेश ने विश्व आर्थिक मंच दावोस 2026 के दौरान **एस्सार ग्रुप** के साथ **₹25,000 करोड़ का एमओयू साइन** किया है। यह दावोस में हुए सबसे बड़े निवेश समझौतों में से एक है।
- यह निवेश मुख्य रूप से **पावर और एनर्जी सिस्टम, लॉजिस्टिक्स और वेयरहाउसिंग तथा डेटा सेंटर्स** जैसे क्षेत्रों में किया जाएगा। यह पहल भारत की मजबूत अवसंरचना और तेजी से बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था के लक्ष्यों के अनुरूप है।

डिजिटल इकोनॉमी को बढ़ावा

- एसए टेक्नोलॉजिज ने उत्तर प्रदेश में **ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी)** स्थापित करने के लिए इन्वेस्ट यूपी के साथ **₹200 करोड़ का एमओयू** साइन किया है।
- ग्रीनको ग्रुप के संस्थापकों द्वारा समर्थित प्रमुख एनर्जी ट्रांजिशन प्लेटफॉर्म ए एम ग्रीन के साथ लगभग **₹210 लाख करोड़ का एमओयू** साइन हुआ है। इसके तहत **ग्रेटर नोएडा में 1 गीगावाट का हाइपरस्केल डेटा सेंटर** स्थापित किया जाएगा। इस पहल से यूपी के डिजिटल इकोनॉमी को नए पंख मिलेंगे।

रणनीतिक विकास के मुख्य क्षेत्र

स्वच्छ ऊर्जा और सतत विकास

- एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने नवीकरणीय ऊर्जा और ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए उत्तर प्रदेश सरकार के साथ एक गैर-वित्तीय एमओयू साइन किया है। यह पहल भारत के ऊर्जा संबंधित लक्ष्यों प्राप्त करने में सहायक बनेगी।
- स्वच्छ ऊर्जा को **सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग** जैसे अन्य प्रमुख विकास क्षेत्रों के साथ रणनीतिक रूप से जोड़ा गया है, जिससे सतत और दीर्घकालिक औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा।

यूपी है निवेशकों के लिए पसंदीदा गंतव्य

- इन्वेस्ट यूपी की सक्रिय पहल और सहयोग के माध्यम से उत्तर प्रदेश ने खुद को वैश्विक निवेशकों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य के रूप में मजबूती से स्थापित किया है।
- उत्तर प्रदेश यह सुनिश्चित कर रहा है कि सतत औद्योगिक विस्तार हो, जिससे अंतरराष्ट्रीय निवेशकों के दीर्घकालिक जोखिम कम हों और राज्य बड़े, बहुवर्षीय निवेश के लिए और अधिक आकर्षक बन सके।

हाई-टेक इंडस्ट्री के लिए पूंजी उपलब्धता

एमओयू समझौते पर हस्ताक्षर होने से उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों को विस्तार देने के लिए आवश्यक पूंजी उपलब्ध हुई है। इसमें **टेक महिंद्रा, डेलॉयट, गूगल और सिस्को** जैसी अग्रणी कंपनियों की भागीदारी शामिल है।

अवसंरचना का विकास

उत्तर प्रदेश सरकार के इस पहल से डिजिटल अवसंरचना और डेटा सेंटर्स का निर्माण संभव होगा, जोकि आधुनिक और तकनीक पर आधारित अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं।

दावोस में अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधिमंडल

वैश्विक निवेशक संवाद

- **एआई, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग, हेल्थकेयर और फाइनेंस** जैसे क्षेत्रों में वैश्विक दिग्गजों के साथ बिजनेस टू गवर्नमेंट बैठकें आयोजित की गईं।
- इनमें **गूगल, ब्लैकरॉक, एचसीएल टेक, इंडियन ऑयल, बीसीजी, इलेवनलैब्स, वर्डॉजी, आरएमजेड इंफ्रास्ट्रक्चर, मार्श मैकलेनन, एजलैंट, टॉपसो, गावी-द वैक्सीन एलायंस** सहित कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं शामिल रहीं।

थीम पर आधारित विमर्श

- उत्तर प्रदेश ने **क्लीन मोबिलिटी और ऊर्जा भंडारण तथा सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स और स्मार्ट डिवाइस** जैसे विषयों पर आयोजित चर्चाओं में सक्रिय भागीदारी की।

महत्वपूर्ण गठजोड़

- **अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, स्वीडन, ऑस्ट्रेलिया और सिंगापुर** सहित कई देशों की कंपनियों ने उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुई चर्चाओं में भाग लिया।

वैश्विक स्तर पर दूरदर्शिता

- बैठकों के माध्यम से **स्वास्थ्य सेवा, टीकाकरण साझेदारी, स्वच्छ जल नवाचार और वैश्विक परामर्श सेवाएं** जैसे विषय भी शामिल रहे, जो उत्तर प्रदेश की सर्वसमावेशी और उच्च गुणवत्ता वाली सार्वजनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

एएम ग्रीन के साथ एमओयू साइन करता उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधि मंडल

वैश्विक भरोसा और रणनीतिक पुष्टि

दुनिया की मजबूत अर्थव्यवस्थाओं वाली कंपनियों के साथ साझेदारी से राज्य की विकास रणनीति पर वैश्विक विश्वास झलकता है और यह यूपी को वैश्विक निवेश गंतव्य के रूप में और मजबूती प्रदान करता है।

स्थिरता और नवाचार

स्वच्छ और नवीकरणीय ऊर्जा, साथ ही मोबिलिटी से जुड़े निवेश समझौते, हरित और सतत आर्थिक मॉडल को बढ़ावा देने की दिशा में कारगर साबित होंगे।

अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों के साथ उत्तर प्रदेश प्रतिनिधिमंडल

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH03 User: anil.rana@timesofindia.com Time: 01-31-2026 23:44 Color:

Viksit Bharat - Guarantee for Rozgar and Ajeevika Mission (Gramin) : VB - G RAM G

(विकसित भारत - जी राम जी) Act, 2025

अब समय पर मिलेगी मज़दूरी, सीधे मेरे बैंक खाते में
अगर देरी हुई तो मुआवजा !

125 दिन
की रोज़गार गारंटी

विकसित ग्राम पंचायत से विकसित भारत की ओर

CBC 35101/13/0076/2526

तेज़ बारिश के साथ एक बार फिर यू-टर्न लेगी ठंड

मौसम विभाग ने आज तेज़ हवाओं के साथ बारिश का जताया है अनुमान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

फरवरी के पहले ही दिन राजधानी में तेज हवाओं के साथ बारिश होगी। हवाओं की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे तक रह सकती है। अधिकतम तापमान में भी कमी आएगी। दिन के समय ठंड का अहसास बढ़ जाएगा। शनिवार को धूप हल्की रही। हालांकि धूप में गर्माहट का अहसास रहा। लोगों ने क्रिकेट पर हल्की गुनगुनी धूप का मजा लिया। विजिबिलिटी और स्मॉग भी राजधानी पर दिखाई दिया। अधिकतम तापमान 21.5 डिग्री रहा। यह सामान्य से 0.8 डिग्री कम रहा। वहीं न्यूनतम तापमान 6.7 डिग्री रहा। यह सामान्य से 1.7 डिग्री कम रहा। हवा में नमी का स्तर 68 से 100 प्रतिशत रहा।

शनिवार को धूप हल्की रही, लेकिन गर्माहट का अहसास रहा

पूर्वानुमान के अनुसार रविवार को बादल छाए रहेंगे। सुबह से दोपहर तक एक दो घंटों में हल्की बारिश हो सकती है।

शनिवार को बारिश की संभावना जताई गई थी, लेकिन मौसम साफ रहा। पूरे दिन धूप खिली रही। ऐसे में लोग वीकेंड मनाने घर से निकले।

प्रदूषण बढ़कर बेहद खराब हुआ

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: प्रदूषण बढ़कर शनिवार को बेहद खराब हो गया। तीन दिन बाद प्रदूषण का स्तर बढ़कर बेहद खराब स्तर पर पहुंच गया है। इस जनवरी 15 दिन प्रदूषण बेहद खराब स्तर पर रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के एयर बुलेटिन के अनुसार शनिवार को दिल्ली का एक्यूआई 315 रहा। पूर्वानुमान के अनुसार 1 से 3 फरवरी के बीच प्रदूषण का स्तर बेहद खराब रहेगा। इसके बाद अगले 6 दिनों तक यह बेहद खराब से खराब स्तर पर रहेगा। शनिवार को हवाओं की रफ्तार 8 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे रही।

फरवरी में भी कम बारिश का अनुमान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जनवरी की तरह इस बार फरवरी में भी सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान है। देश में सामान्य की तुलना में 61 प्रतिशत बारिश हो सकती है। वहीं फरवरी महीना सामान्य के मुकाबले गर्म रहेगा। अधिकतम और न्यूनतम तापमान दोनों सामान्य से अधिक रह सकता है। आईएमडी के अनुसार, नार्थ वेस्ट इंडिया में सामान्य के मुकाबले 78 प्रतिशत तक बारिश हो सकती है। नार्थ वेस्ट इंडिया में इंस्ट और वेस्ट उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पंजाब, हिमाचल प्रदेश जम्मू कश्मीर और लद्दाख शामिल है। नार्थ वेस्ट और इंस्ट वेस्ट इंडिया के कुछ हिस्से के अलावा नार्थ इंस्ट इंडिया के दक्षिणी हिस्से में सामान्य या अधिक बारिश हो सकती है।

नॉर्थ वेस्ट इंडिया में 78 प्रतिशत बारिश की संभावना

फूलों से गुलजार अमृत उद्यान

राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान 3 फरवरी से आम लोगों के लिए खोला जा रहा है। 31 मार्च तक यहां निशुल्क एंट्री रहेगी। फूलों की रंग बिरंगी सजावट और शाही महलों का मजा लेने के लिए विजिटर्स ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों तरह से बुकिंग करवा सकते हैं। ट्यूलिप के साथ यहां कई तरह के वर्टिकल गार्डन भी हैं।

Photos : PTI

करीब 15 एकड़ में फैले अमृत उद्यान में देसी-विदेशी फूल देखने को मिलते है

विजिटर्स यहां पर कई प्रकार की गुलाब की प्रजातियों के पौधे देख सकते है

यहां फूलों पर करीब 30 प्रजातियों के पक्षी भी मंडराते देखे जा सकते है

कल्पनाओं के मंच पर देखें कठपुतलियों की जादुई दुनिया

Katyayani.Upreti@timesofindia.com

■ नई दिल्ली: कठपुतलियों की निराली दुनिया, कई रंग-रूप और कल्पनाओं से भरी है। कठपुतलियों के संसार की कहानियों, परंपराओं और एक्सपेरिमेंट्स से रूबरू कराता दिल्ली का 'इंडिया इंटरनैशनल पपेट थिएटर फेस्टिवल' 22 साल का सफर पूरा कर चुका है और 2026 में इस उत्सव के साथ 'पपेट्स ऑफ इंडिया' स्मारक डाक टिकट भी जारी करेगा।

'इंडिया इंटरनैशनल पपेट थिएटर फेस्टिवल 2026' का आगाज 13 फरवरी को होगा। यह 22 फरवरी तक 6 देशों के पपेट शो के साथ लोगों के बीच होगा। शैडो पपेट, ग्लव पपेट, रॉड पपेट, फेस पपेट से लेकर मिट्टी और लकड़ी की कठपुतलियां तो है ही, नए अंदाज में ऑब्जेक्ट पपेट्, बॉडी पपेट्स, डिनिटल/प्रोजेक्शन पपेट्स, 12-13 फीट के पपेट, मास्ट-स्टाइल पपेट इस कला को नए एक्सप्रेशंस घेरे दे रहे है। इंडिया पपेट थिएटर ट्रस्ट के फेस्टिवल डायरेक्टर और फाउंडर दादी डी. पुदुमजी कहते हैं, एक ही मंच पर 22 सालों से कठपुतलियों, संगीत और जुनून का यह उत्सव है। इस बार भी मंच तैयार है।

NBT संडे स्पेशल

कोरिया से लेकर तुर्की: फेस्ट की शुरुआत कोरिया ग्रू वाल्थ आर्ट बेवरी एसएफजीएम 'ड्रीम ड्रीम अलर्ट' से होगी। तिरान पपेट थिएटर 'अल्मानियन वेंटिग के साथ बालकन लोककथ करेगा। भूटान से रम्ने लेपर्ड थिएटर 'संगम सिद्धार्थ' से पेंपिंग करेगा। इटली से टी फिलिपो मैरेथेनेट का पपेट शो 'वैरिएशंस' मजेब संगीत के साथ टिंग्रंग पपेट के कमाल को पेश करेगा, तो तुर्की के फ्लाइंग हैड्स पपेट थिएटर का 'द रोक' संवाद रहित प्रस्तुति है।

'इशारा इंटरनैशनल पपेट थिएटर फेस्टिवल 2026' का आगाज 13 फरवरी को होगा

कला से दिखा रहे जलवायु परिवर्तन

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: जलवायु परिवर्तन की वजह से गुजरात में गिर के जंगलों के शेर अब आम के बागों की तरफ बढ़ रहे हैं। गुजरात के विजुवल आर्टिस्ट और शिक्षक मुगेश राठौड़ ने इस बदलाव को अपनी अनूठी कला के जरिए दर्शाया है। उन्होंने मिट्टी से बनाए शेरों को आम से बने रंगों से रंगा है। आम के यह शेर सस्टेना इंडिया आर्ट एग्जीबिशन में डिस्प्ले किए गए हैं। साइंस और आर्ट के जरिए जलवायु परिवर्तन पर सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए 1 से 15 फरवरी तक बीकानेर हाउस में एक अनूठा आर्ट एग्जीबिशन सस्टेना इंडिया चल रहा है। क्लाइमेट चेंज टैक कार्बोसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वॉटर और प्रसिद्ध कलाकारों तुकराम व टागा का साझा प्रयास है। आर्ट प्रदर्शनी में सभी आर्ट वर्क वेस्ट आइटम से बनाए गए हैं। इसमें तीन सस्टेना इंडिया फेलो को शामिल किया गया है।

DU का डिवाइस हार्ट अटैक से करेगा अलर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली यूनिवर्सिटी के मिरांडा हाउस कॉलेज की रिसर्च टीम की अगुवाई में एक ऐसी चिप बनाई है कि जो हार्ट अटैक का पहले से अलर्ट देगी। रिसर्च टीम ने इसे 5 साल में तैयार किया है। इसमें डिफेंस रिसर्च एंड डिवेलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (DRDO) के साथ दो साल तक किया गया रिसर्च वर्क भी शामिल है। यह चिप सेना के उन जवानों को फोकस में रखते हुए बनाई गई है, जो ठंडे इलाकों में मुश्किल हालात में रहते हैं। इस 'मेड इन इंडिया' बायोलॉजिकल चिप को BioFET नाम दिया गया है। यह एक पोर्टेबल सेंसर है, जो ब्लड सीरम का एनालिसिस करता है और दिल से जुड़े जरूरी बायोमार्कर्स में खतरनाक बदलावों की पहचान करता है। यह पहचान होते ही समय रहते अलर्ट देता है। इस डिवाइस का पैटेंक्शन देश में ही किया गया। इससे इसकी कीमत आधी से भी कम हो गई। डिवाइस का प्रोटोटाइप रिसर्च टीम ने DRDO को सौंप दिया है। अब इसके फील्ड टेस्टिंग की तैयारी की जा रही है। रिसर्च टीम के मुताबिक, BioFET खून के नमूने से 3 बायोमॉलिक्यूल्स की पहचान कर सकता है। इन बायोमॉलिक्यूल्स का चयन इसलिए किया गया है क्योंकि वे सीधे कार्डियक अरेस्ट से जुड़े होते हैं। डिवाइस इन बायोमॉलिक्यूल्स के बढ़ने पर अलर्ट कर देता है।

संस्कृति, लोक कला और ज़ायके से सराबोर सूरजकुंड मेले का आगाज़

■ NBT न्यूज, फरीदाबाद

39वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय शिल्प मेले का भव्य आगाज शनिवार से हो गया। देश-विदेश की संस्कृति, लोककलाओं और विविध व्यंजनों का आनंद लेने के इच्छुक लोगों के लिए यह मेला एक खास आकर्षण है। मेले का उद्घाटन उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने किया। उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन ने कहा कि सूरजकुंड शिल्प मेला 'वसुधैव कुटुंबकम' के शाश्वत भारतीय दर्शन को साकार करता है। यही नहीं इस मेले के जरिए लोकल कारीगरों को ग्लोबल पहचान मिलती है। यह मेला भारत की सांस्कृतिक आत्मा, पारंपरिक शिल्प और लोक कलाओं का जीवंत प्रतीक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना जैसे प्रयासों से कारीगर समुदाय को सशक्त किया जा रहा है और पारंपरिक हुनर को नया जीवन मिल रहा है। इस अवसर पर मौजूद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि सूरजकुंड शिल्प मेला प्राचीन विरासत और आधुनिक सोच का अनूठा संगम है। यह मेला आत्मनिर्भर भारत की पहचान को और मजबूत कर रहा है। शिल्पकारों को सीधे बाजार से जुड़ने का अवसर मिलने से उनकी आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होती है।

15 फरवरी तक चलेगा मेला, उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने किया शुभारंभ

इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री के साथ-साथ केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर, विरासत एवं पर्यटन मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा, राजस्व एवं शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, खेल मंत्री गौरव गौतम सहित कई मंत्री, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

तकनीक संग ग्रीन पॉलिसी को मिले बढ़ावा: एक्सपर्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

पर्यावरणविदों को इस बार बजट से काफी उम्मीदें हैं। उनका कहना है कि बजट में ग्रीन पॉलिसी को बढ़ावा दिया जाए। पॉलिसी इस तरह बने कि तकनीक के साथ ग्रीन पॉलिसी को बढ़ावा मिले। सौर ऊर्जा के साथ रिसाइकल पर जीएसटी रिफॉर्म करने, टाइमबेटर सेक्टर पर काम करने की जरूरत है।

एशिया एंबर के एनर्जी एनालिस्ट दत्तात्रेय दास ने कहा कि सोलर मॉड्यूल मैन्युफैक्चरिंग में हम काफी सफल हुए हैं। अब हमें इसमें अगला कदम उठाना है जिसमें इसकी सप्लाई चेन को बेहतर बनाना है। इसमें सोलर सेल, वफर्स, बेट्री एनर्जी स्टोरेज, मॉडर्न ग्रिड इन्फ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है। इसके लिए इनवेस्टिंग की जरूरत है ताकि इन्वेस्टमेंट का बेस न बढ़े। ऑन इंडिया डिस्कॉम्स असोसिएशन के डीजी और पूर्व पावर सेक्रेटरी आलोक कुमार ने बताया कि राज्यों के डिस्कॉम को क्षमता बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए नई टेक्नॉलजी, प्रॉफ्स ट्रेनिंग, फंड आदि की जरूरत है।

सौर ऊर्जा और रिसाइकल पर जीएसटी रिफॉर्म, क्लीन फ्यूल आधारित ट्रांसपोर्ट सेक्टर पर काम करने की बताई जरूरत

क्लाइमेट ट्रेंड्स की फाउंडर डायरेक्टर आरती खोसला ने बताया कि बजट में हम उम्मीद कर रहे हैं कि क्लीन एनर्जी सेक्टर को और बढ़ावा दिया जाएगा।

विकसित भारत के विज़न को मजबूत करेगा बजट: CM

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट विकसित भारत की संकल्पना को मजबूत करने वाला होगा। केंद्र सरकार का बजट भारत को वर्ष 2047 तक एक आत्मनिर्भर, समृद्ध और वैश्विक लीडरशिप राष्ट्र के रूप में भी आगे बढ़ाने वाला होगा। यह बजट देश की आर्थिक व सामाजिक सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम होगा। इस बजट से दिल्लीवालों को भी कई उम्मीदें हैं। सीएम ने रविवार को आने वाले केंद्रीय बजट पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कॉमन में भारत को वैश्विक स्तर पर एक अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने के विजन पर कार्य कर रहे है।

NBT जन्मदिन मुबारक

जैकी श्रॉफ

1 फरवरी 1957 को जन्मे जैकी श्रॉफ (जग्गू दादा) दिग्गज बॉलीवुड एक्टर है। फिल्म 'हीरो' से मशहूर हुए जैकी ने 40 साल के करियर में 200 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है।

मनोज तिवारी

1 फरवरी 1970 को जन्मे मनोज तिवारी भोजपुरी सिंगर, एक्टर और बीजेपी नेता है। वह लगातार तीसरी बार सांसद बने और दिल्ली बीजेपी के अध्यक्ष भी रह चुके है।

ब्रह्मानंदम

दिग्गज कॉमेडियन ब्रह्मानंदम का जन्म 1 फरवरी 1956 को हुआ। 1000+ फिल्मों में काम करने के लिए उनका नाम गिनीज रिकॉर्ड में दर्ज है। पद्म श्री भी मिल है।

अजय जडेजा

1 फरवरी 1971 को जन्मे पूर्व क्रिकेटर अजय जडेजा ने भारत के लिए 196 वनडे और 15 टेस्ट खेले। 2023 वर्ल्ड कप में वह अफगानिस्तान टीम के 'मेंटर' भी रहे थे।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH04 User: roushan.jha@timesofindia.com Time: 01-31-2026 23:15 Color:

आज पहली तारीख है

आज महीने का पहला दिन है। हम बता रहे हैं कि इस पूरे महीने दिल्ली में क्या खास होने वाला है। आप भी कैलेंडर देखिए और प्लान बनाइए कि किस इवेंट में आपको शामिल होना है, किसमें नहीं। कौन सा इवेंट आपकी प्लानिंग पर असर डालेगा, जानें यहां।

1 से 22 फरवरी : भारंगम
नैशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के भारत रंग महोत्सव में कई नाटक और कल्चरल परफॉर्मेंस का मजा रवींद्र मंच प्रेमियों के बीच होगा। मंडी हाउस के अलग-अलग ऑडिटोरियम - श्रीराम सेंटर, एलटीजी, कमानी, रवींद्र मुख, बहुमुख, मेघदूत ऑडिटोरियम समेत इंडिया हैबिटेट सेंटर, लोदी रोड में इस फेस्ट में अलग-अलग भाषाओं के 127 नाटक दर्शकों के बीच हैं। वेबसाइट nsd.gov.in/delhi में पसंदीदा नाटक को चुन कर टिकट लिया जा सकता है।

2 से 28 फरवरी
रंगों में कविता
आर्ट मैनम गैलरी में कलाकार मोना बेड़े की याद के साथ उनके खास 23 आर्टवर्क इस एग्जिबिशन 'द पोएटिक्स ऑफ द ऑर्डिनरी' में नजर आएंगे। रोजमर्रा की जिंदगी, साधारण जगह और चीजों में छिपी भावनात्मक महराबों को उजागर करते इन पेंटिंग्स को ठहरकर महसूस करने का मौका यहां मिलेगा। प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक खुली रहेगी। शो की क्यूरेटर शुभ्रा मजूमदार और नायशी माथुर हैं।

5-8 फरवरी : इंडिया आर्ट फेयर
अगर आर्ट लवर हैं, तो इंडिया आर्ट फेयर में साउथ एशिया की कंटेंपरी और मॉडर्न आर्ट के जश्न में शामिल हो सकते हैं। एनएसआईसी ग्राउंड्स, ओखला में यह फेयर देश और दुनिया से 120 से ज्यादा एग्जिबिटर्स इस फेयर में शामिल होंगे। एंट्री टिकट से है।

6-8 फरवरी : साहित्य का जश्न
इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (IGNCA), जनपथ में दिल्ली लिटरेचर फेस्टिवल (डीएलएफ) साहित्य प्रेमियों को खींचेगा। 'साहित्य, संस्कृति और समृद्धि' थीम पर यह महोत्सव देश-विदेश के लेखक, विचारक और साहित्य प्रेमी को एक मंच पर कई समसामयिक मुद्दों पर संवाद करेंगे।

17 फरवरी: सुर और लय
इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सीरी देशमुख ऑडिटोरियम में शास्त्रीय संगीत की एक विशेष शाम कला प्रेमियों के बीच होगी। शाम 5:30 बजे दिल्ली के वायलिन वादक अनुप्रिया देओताले और शाम 6:30 बजे मेरठ से दीपक सिंह के हिंदुस्तानी शास्त्रीय गायन प्रस्तुत किया जाएगा।

25–28 फरवरी : ब्रेकिंग बैरियर्स
इंडिया हैबिटेट सेंटर में कन्वेंशन सेंटर फॉइअर में कलाकार अंजलि मिश्रा की पेंटिंग प्रदर्शनी 'ब्रेकिंग बैरियर्स' आर्ट लवर्स के बीच होगी। यह प्रदर्शनी रंगों और भावों के जरिए सीमाओं को तोड़ने और नए दृष्टिकोण गढ़ने की रचनात्मक कोशिश को सामने लाएगी। शो सुबह 11 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी।

एजुकेशन विंडो

2 फरवरी : गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी (आईपी) (ipu.ac.in) में यूजी, पीजी, पीएचडी समेत सभी कोर्सों में दाखिले के लिए खुलेगी विंडो।

9 फरवरी : प्राइवेट स्कूलों की दूसरी लिस्ट 9 फरवरी को निकाली जाएगी।

15 फरवरी : इंदिरा गांधी नैशनल ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) में जनवरी 2026 सेशन के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। स्टूडेंट्स बैचलर्स, पोस्ट ग्रैजुएट, पोस्ट ग्रैजुएट डिप्लोमा, डिप्लोमा, सर्टिफिकेट के 300 से ज्यादा कोर्सों के लिए ऑनलाइन (ignouadmission.samarth.edu.in) अप्लाई कर सकते हैं।

8 नए FOB के लिए सरकार ने दी मंजूरी

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

राजधानी में सुरक्षित सड़क पार कराने के लिए सरकार ने अलग-अलग आठ सड़कों के दुर्घटना संभावित इलाकों में आठ फुट ओवरब्रिज (FOB) बनाने का फैसला किया है। दुर्घटना के लिहाज से इन खतरनाक और व्यस्त सड़कों पर PWD ने FOB बनाने के लिए मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने बताया कि FOB बनाने का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, ट्रैफिक दबाव घटाना और रोजाना लाखों लोगों को सुरक्षित सड़क पार करने के लिए सुविधा उपलब्ध कराना है।

PWD मंत्री प्रवेश साहिब सिंह ने कहा कि सुरक्षित सड़क का निर्माण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन सभी स्थानों का चयन ट्रैफिक अध्ययन और जमीनी निरीक्षण के बाद किया गया है, जहां से बड़ी संख्या में राहगीर गुजरते हैं। यहां पर दुर्घटनाओं की आशंका और रोजमर्रा के यात्रियों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए इसे बनाने का फैसला किया गया है। उन्होंने कहा कि ये फुट ओवरब्रिज ठीक उन्हीं स्थानों पर बनाए जा रहे हैं जहां सबसे ज्यादा जरूरत है। सरकार के मुताबिक इन FOB का निर्माणकार्य इसी महीने से शुरू हो जाएगा। अधिकारियों को तय समय सीमा के अंदर इसे पूरा करने का निर्देश दिया गया है। मंत्री ने सभी संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिए कि साइट पर निर्माण से पहले यूटिलिटी शिफ्टिंग और दूसरे विभागों से अनुमतियां भी तत्काल लिए जाएं।

यहां बनेंगे FOB
- मधुबन चौक विकास मार्ग-पटपड़गंज रोड
- बेलकम कट जीटी रोड
- शाहबाद डेयरी बादली-बवाना रोड
- बेर सराय मार्केट वेदांत देशिक मार्ग
- कटवारिया सराय LBS संस्कृत विद्यापीठ के पास
- ओखला सब्जी मंडी कैप्टन गौर मार्ग
- जनकपुरी ब्लॉक A-2 के पास, जीवन पार्क बस स्टैंड
- लाल सिंह चौक माता चानन देवी अस्पताल के पास

NBT Lens खबरों के अंदर की बात

सब-वे/FOB से क्यों कतराते लोग

दिल्ली में एक बड़ी समस्या यह भी है कि जिन जगहों पर सब-वे या फुट ओवरब्रिज बने हुए हैं, वहां भी कई लोग उनका इस्तेमाल करने के बजाय चलते ट्रैफिक के बीच से ही सड़क पार करते हैं। इसके पीछे प्रमुख कारण फुट ओवरब्रिज या सब-वे के एंट्री-एग्जिट पॉइंट की खराब लोकेशन, उन पर लिफ्ट या एस्केलेटर का न होना या खराब पड़े रहना।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH05 User: cci Time: 01-31-2026 23:32 Color:

बीमार मां का गला दबाया, घूंसे मारे, आरोपी अरेस्ट

CCTV देखकर अमेरिका से बेटी ने दी शिकायत

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

मधुबन-बापूधाम थाना क्षेत्र के संजय नगर सेक्टर 23 जागृति विहार से इंसानियत को शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है। यहां एक बेटा अपनी ही बीमार मां को बेरहमी से पीटता दिख रहा है। यह पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वहीं बेटी ने अमेरिका से गाजियाबाद पुलिस को मामले की शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी बेटा को गिरफ्तार कर लिया।

जागृति विहार के मकान संख्या-22 में निशांत ठाकुर नाम का युवक अपनी बीमार मां के साथ रहता है। शराब पीकर आए दिन हंगामा करता है। निशांत की बहन निशा अमेरिका में रहती है। मां की बीमारी और निशांत की हरकतों को देखते हुए उसने घर में सीसीटीवी कैमरे लगवाए हुए हैं, ताकि वह उनकी सेहत पर खुद भी नजर रख सके।

दो दिन पहले निशा ने घर की सीसीटीवी फुटेज चेक की तो देखा कि निशांत मां को बेरहमी से मार रहा है। निशांत नशे में धुत नजर आ रहा है। वो कभी अपनी मां का गला दबा रहा है तो कभी उन पर घूंसे बरसा रहा है। निशा ने देखते ही तुरंत इस वीडियो को वहां जागृति विहार में पड़ोसियों को भेजा और मदद की गुहार लगाई। पड़ोसियों ने तुरंत इस वीडियो को सेक्टर-23 पुलिस चौकी में दे दी। छानबीन में पता चला कि आरोपी के पिता विजय पाल सिंह केन्द्रीय विद्यालय में प्रधानाचार्य से सेवानिवृत्त थे। उनकी मौत के बाद वह मां, पत्नी ममता और चार बच्चों के साथ रहता है। निशांत ठाकुर वर्ष 2025 में नशा मुक्ति केन्द्र नोएडा भर्ती था। नशा मुक्ति केन्द्र से कुछ महीने पहले ही वापस घर पर आया है। डीसीपी सिटी ध्रुवल जायसवाल ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

संजय नगर सेक्टर 23 जागृति विहार का है मामला। आरोपी (इन्सेट में)

- बेटा नशे करने का आदी है
- बेटे की हरकतों को देखकर बड़ी बहन ने घर में लगाया कैमरा
- अमेरिका में बैठकर मां की लगातार निगरानी करती है बेटी

AI से पूछकर HIV से बचाव की दवाएं लीं, बिगड़ गई हालत

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

इलाज जारी

- मरीज का डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में चल रहा है इलाज
- डॉक्टरों ने लोगों से अपील की, बिना एक्सपर्ट की सलाह के न लें कोई भी दवा

अगर आप आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की मदद से किसी बीमारी की दवाएं खा रहे हैं, तो यह आपके लिए जानलेवा साबित हो सकता है। क्योंकि, डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल में ऐसा ही एक ताजा मामला सामने आया है। दिल्ली के 45 वर्षीय एक व्यक्ति ने AI चैट प्लैटफॉर्म की सलाह पर एचआईवी से बचाव की दवाएं खुद ही लेनी शुरू कर दी। जिसके बाद उसकी हालत खराब हो गई। फिलहाल मरीज का इलाज चल रहा है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं, डॉक्टरों ने लोगों से अपील की है कि बिना डॉक्टर की सलाह से कोई भी दवा का सेवन न करें। यह घातक हो सकता है।

टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मरीज ने बिना किसी डॉक्टर की सलाह या पर्ची के एक लोकल केमिस्ट से एचआईवी पोस्ट-एक्सपोजर प्रोफिलैक्सिस (PEP) की 28 दिनों की दवाएं खरीदीं। मरीज ने डॉक्टर को बताया कि कुछ दिन तक दवा का सेवन करने से शरीर पर रैशेज होने लगे। धीरे-धीरे आंख और शरीर के अन्य अंग भी प्रभावित होने लगे। इसके बाद वह आरएमएल अस्पताल पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच की तो पता चला कि मरीज को स्टीवंस-जॉनसन सिंड्रोम हो गया है। यह एक दुर्लभ बीमारी है। जो मरीज के स्किन को नुकसान पहुंचाती है।

पार्क में मिला युवक का शव

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: न्यू उस्मानपुर इलाके में शनिवार सुबह डीडीए पार्क में एक युवक का शव बरामद हुआ है। सूचना के बाद मौके पर पुलिस टीम पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मेयरी में रखवा दिया है। हालांकि अभी तक मृतक के शव की पहचान नहीं हो सकी है। नॉर्थ ईस्ट जिला के डीसीपी आशीष मिश्रा ने बताया कि मृतक के शरीर पर चोट के कई निशान हैं।

गुरु रविदास जयंती पर शोभायात्रा आज

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: संत गुरु रविदास की 649वीं जयंती के अवसर पर शोभायात्रा को लेकर दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी की है। यह शोभा यात्रा 1 फरवरी को दोपहर 2:30 बजे लाल किला ग्राउंड से शुरू होगी और शाम करीब 5 बजे गुरु रविदास मंदिर, पी एंड टी कॉलोनी, गुरु रविदास मार्ग पर संपन्न होगी। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है, जिसके चलते मेट्रो और नॉर्थ दिल्ली के कई इलाकों में यातायात प्रभावित रहेगा।

31kg अल्प्राजोलम टैबलेट के साथ तीन तस्कर अरेस्ट

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली

नशे के लिए दिल्ली-एनसीआर में कर रहे थे खरीद

अवैध रूप से अल्प्राजोलम टैबलेट को नशे के लिए खरीद-बेच रहे एक रैकेट का क्राइम ब्रांच ने भंडाफोड़ किया है। दिल्ली-एनसीआर और यूपी में सक्रिय इस गिरोह के तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर 31kg (3 लाख) टैबलेट बरामद किए गए हैं। आरोपियों की शिनाख्त यूपी के बदायूं निवासी शमीम (29), बुलंदशहर के राजीव शर्मा (53) और मोहित गुप्ता (35) के तौर पर हुई है। क्राइम ब्रांच ने इनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

डीसीपी (क्राइम) विक्रम सिंह के मुताबिक, एसीपी नरेंद्र सिंह की देखरेख में बनी इंस्पेक्टर सुनील कुंडू और एसआई गुंजन सिंह की टीम ने नंद नगरी डिपो के पास से शमीम और राजीव को यूपी नंबर की एक कार से दबोचा। कार से टैबलेट बरामद की गईं।

7 घंटे की सर्जरी कर बचाई जान

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: LNJP अस्पताल के डॉक्टरों ने एक बेहद जटिल और चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सफलतापूर्वक अंजाम देकर मरीज की जान बचाई है। मरीज के शरीर में कॉट्रोसारकोमा ट्यूमर था, जो कूल्हे की हड्डी से लेकर सीने तक फैल चुका था। यह ट्यूमर लिवर, किडनी समेत कई अंगों पर दबाव डाल रहा था। इससे मरीज की हालत लगातार बिगड़ रही थी। डॉक्टरों ने करीब 7 घंटे तक चली सर्जरी के बाद ट्यूमर को पूरी तरह निकाल दिया। डॉक्टरों के अनुसार, पुरानी दिल्ली का रहने वाला 30 साल का युवक पेट और कूल्हे में तेज दर्द की शिकायत के साथ अस्पताल पहुंचा था।

कूल्हे से लेकर सीने तक फैल चुका था ट्यूमर

₹50 के विवाद में चाकू घोंपकर दोस्तों की हत्या

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

इसी ढाबे पर खाने आये थे युवक

खोड़ा में एक ढाबे पर भोजन के 50 रुपये के भुगतान को लेकर होटल संचालक और 3 युवकों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि होटल संचालक और कर्मियों ने तीनों पर चाकू से हमला कर दिया। इसमें एक युवक और एक किशोर की मौत हो गई और एक युवक गंभीर रूप से घायल है। मामले में होटल संचालक समेत 5 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। होटल संचालक को हिरासत में लिया है।

श्रीपाल की खोड़ा में ही चाइक रिपेयर की दुकान है। उनके पास सत्यम भी काम सीखता था और बिस्किट फैक्ट्री में नौकरी करता था। शुक्रवार की रात में लगभग 9 बजे श्रीपाल अपने दोस्त अनुराग और सत्यम के साथ अंबेडकर गेट के पास वैष्णो ढाबे पर भोजन करने गए थे। भोजन करने के बाद भुगतान के 50 रुपयों को लेकर होटल कर्मचारी नागेश के साथ श्रीपाल का विवाद हो गया। तीनों बाहर निकलकर गली में खड़े हो गए। तभी होटल कर्मचारी नागेश, रावन, विशेष और विशेष के चचेरे भाई सूरज के साथ मिलकर होटल संचालक धर्मेंद्र ने उन पर हमला कर दिया।

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 2 Page: NBTMAH06 User: cci Time: 02-01-2026 00:02 Color:

DILLI मांगे More... एनबीटी ने हर तबके से बात कर जानी उनकी बजट विशलिस्ट

नहीं चाहिए सिर्फ टैक्स वाला बजट मिले रिलैक्स वाला बजट

Relax

महंगाई से बढ़ते खर्चों और घटती सेविंग के बीच, बजट से हर वर्ग को राहत की आस है। बुजुर्ग बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं चाहते हैं, तो स्टूडेंट्स शिक्षा और रोजगार में मदद। वहीं, महिलाएं और मिडिल क्लास टैक्स में छूट के साथ इन्वेस्टमेंट पर ज्यादा रिटर्न की उम्मीद लगाए हैं।

सिंगल अर्निंग फैमिली | टैक्स में मिले छूट

'हेल्थ इंश्योरेंस और PPF पर रिबेट मिले, तो बचत दिखे'

आलोक कुमार अग्रवाल, डिप्टी मैनेजर अकाउंट्स, शाहदरा

नौकरी पेशा | इनकम ₹1 लाख महीना

एजुकेशन	किचन खर्च	ट्रांसपोर्ट	मेडिकल
2.5 लाख सालाना	20,000	6000	5000

बचत	इंवेस्टमेंट	घर का किराया
10-15 हजार महीना	PPF, हेल्थ इंश्योरेंस, LIC	20,000 रुपये महीना

Prachi.Yadav@timesofindia.com

हेल्थ प्रीमियम पर रिबेट बढ़ाकर मध्यम वर्ग की बचत को बढ़ाया जाए

■ **55 वर्षीय** आलोक कुमार अग्रवाल एक नामी रियल एस्टेट कंपनी में डिप्टी मैनेजर एकाउंट्स के पद पर काम करते हैं। हर रोज नौकरी करने दिल्ली से गुरुग्राम जाते हैं। एक लाख रुपये मासिक की सैलरी पाते हैं। पर, इतने पैसों में वह केवल अपने परिवार ही चला पाते हैं। कुछ खास बचत नहीं कर पाते। ऐसा उनका कहना है और उन्हें लगता है कि सरकार अगर नए टैक्स रेजीम में पीपीएफ, एलआईसी, हेल्थ इंश्योरेंस जैसे लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट पर कुछ छूट दे, तो उनके जैसी जनता को बचत की शक्ल दिखे।

शाहदरा में रहने वाले आलोक अपने तीन सदस्यीय परिवार में अकेले कमाने वाले हैं। पत्नी गृहिणी हैं। 25 साल का एक बेटा है, जो DTU से M.Tech की पढ़ाई कर रहा है। आलोक के मुताबिक, उनकी कमाई का एकमात्र जरिया उनकी नौकरी है। महीने भर की कमाई से 30 हजार रुपए तो दफ्तर आने जाने, खाने-पीने, घर चलाने और दवा-दारू में निकल जाते हैं। फिर, 20 हजार रुपये उस घर के मासिक किराए के रूप में देने होते हैं, जहां वह अपने इस छोटे से परिवार के साथ रहते हैं। इन्वेस्टमेंट के सवाल पर आलोक कहते हैं, इतनी इनकम ही नहीं है कि हम कहीं इन्वेस्टमेंट कर पाएं। पैसे बचे तो हम भी म्यूचुअल फंड में इंवेस्ट कर पाएं, शेयर्स सरीटें या प्रॉपर्टी की खरीद-फरोख्त में लगाएं। सरकार हमें टैक्स में छूट दे, तो हो सकता है कि हम भी इंवेस्टमेंट के बारे में सोचें। बजट से अपेक्षा के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, सरकार अब सब कुछ नए टैक्स रेजीम में डाल रही है। ओल्ड रेजीम ले लगता है कि एक आध-साल में पूरी तरह से खत्म हो जाएगी। फिर हम भी नए रेजीम में आ जाएंगे। उसमें जब हम इन्वेस्टमेंट वाले हिस्से को भरते हैं, तो वहां पर हमें किसी चीज पर कोई बेनेफिट नहीं मिलता, चाहे मेडिकल इंश्योरेंस हो या पब्लिक प्रॉविडेंट फंड या दूसरा कोई इंश्योरेंस। अखिरकार, एक आम आदमी का इंवेस्टमेंट यही तो है।

महिलाओं को चाहिए टैक्स से राहत, सब्सिडी की है चाहत

Katyayani.Upreti@timesofindia.com

प्राइवेट सेक्टर जॉब | इनकम ₹50 हजार महीना

खर्च	घर का खर्च	ट्रांसपोर्ट	किराया	अन्य खर्च
25 हजार महीना	10 हजार महीना	1-2 हजार महीना	11 हजार महीना	4-5 हजार महीना

बचत 22-25 हजार रुपये

सुश्री प्रज्ञापति, सोशल मीडिया मैनेजर, द्वारका

सुरक्षित सरकारी योजनाओं में निवेश करने पर महिलाओं को मिले टैक्स छूट

■ **टैक्स में** राहत से लेकर महिलाओं के लिए स्पेशल स्कीम - दिल्ली में नौकरी कर रही खुशी प्रजापति देश के बजट से कुछ ऐसी ही उम्मीदें रखती है। खुशी कहती है, मेरे लिए बजट तब अच्छा होगा, जब सेविंग्स और इन्वेस्टमेंट पर टैक्स में राहत मिलेगी, पर्यावरण पर बजट बढ़ाया जाएगा और हेल्थ को अच्छा हिस्सा दिया जाएगा।

एक स्पेयर्स कंपनी में सोशल मीडिया मैनेजर की पोस्ट पर काम कर रही खुशी कहती है, करीब एक साल से जॉब कर रही हूं और हर महीने हाथ में सैलरी 50 हजार रुपये करीब आती है। द्वारका में रहने वाली खुशी कहती हैं, दिल्ली जैसे शहर में अकेले या रेंट पर रहकर सर्वाइव करना आसान नहीं होता। मेरा हर महीने का खर्च 20-22 हजार रुपये तक चला जाता है, जिसमें किराया, बिजली-पानी, खाना, ट्रांसपोर्ट और थोड़ा-बहुत एंटरटेनमेंट शामिल है। इतने खर्चों के बाद जो थोड़ी-बहुत सेविंग बचती है, उसी से मैं SIP करती हूं, कुछ मंथ को स्टॉक्स और एक इमरजेंसी फंड। तो अभी 20-25 हजार रुपये महीना की सेविंग है और इस बजट से मेरी सबसे बड़ी उम्मीद सेविंग्स और इन्वेस्टमेंट को लेकर है। हाल ही में SIP और स्टॉक मार्केट जानना शुरू किया है, लेकिन जैसे-जैसे इनकम बढ़ेगी, टैक्स भी बढ़ेगा। तो सेविंग्स में टैक्स तो कम होना ही चाहिए। मुझे यह भी लगता है कि खासतौर पर महिलाओं के लिए ऐसी पॉलिसी होनी चाहिए जहां हम सुरक्षित तरीके से सरकार में इन्वेस्ट कर सकें और उस पर टैक्स में राहत मिले ताकि रिस्की स्टॉक्स की बजाय हम देश की इकॉनमी में सीधे योगदान दे सकें।

खुशी का मानना है कि रेंट को लेकर बजट में कुछ आना चाहिए। वह कहती है, राजेंद्र नगर, मुखर्जी नगर जैसे इलाकों में छोटे-छोटे एक कमरे का रेंट भी 15-20 हजार तक पहुंच चुका है। वह हर मेट्रो में रहने वाले शख्स की दिक्कत है, अपनी जरूरतों और सेफ्टी की वजह से इनडी प्राइम लोकेशन के आसपास कमरे या फ्लैट चाहिए, तो इतनी रकम देना जेब पर बहुत भारी पड़ता है। । मैं उम्मीद करती हूं कि बजट में कोई पॉलिसी आए या एचआरए की लिमिट बढ़े या रेंटल एरिया को रेगुलेट करने के लिए फंड।

खुशी सिंगल वुमन/अनमैरिड महिलाओं के लिए सोशल सब्सिडी कार्ड की भी बात करती है। वह कहती है, कम सैलरी ब्रैकेट वाली सिंगल महिलाओं के लिए ऐसा कार्ड ताकि मेट्रो ट्रैवल, राशन और रोजमर्रा के जरूरी खर्चों पर कुछ राहत मिल सके। इसके अलावा, हेल्थ को लेकर भी मेरी बड़ी चिंता है, क्योंकि हर प्राइवेट कंपनी हेल्थ इंश्योरेंस नहीं देती और दिल्ली जैसे प्रदूषित शहर में हेल्थ रिस्क काफी ज्यादा है। बढ़ता प्रदूषण अब हेल्थ इमरजेंसी बन चुका है, इसलिए बजट में पर्यावरण को लेकर ठोस कदम उठाने चाहिए।

सीनियर सिटिजन | हेल्थ इंश्योरेंस के दाम हों कम

'सेविंग्स पर TDS करें खत्म, स्वास्थ्य सेवाएं हों और सुलभ'

Poonam.Gaur@timesofindia.com

सरकारी अस्पतालों की लाइनों से परेशानी, बचत पर टीडीएस की दोहरी मार

■ **देश के** आम बजट पर बुजुर्गों की निगाह भी है। इन लोगों ने पूरी उम्र टैक्स भरा होता है, ऐसे में इन्हें बजट से खास उम्मीदें होती हैं। सीनियर सिटिजंस की बजट से उम्मीदें जानने के लिए हमने बात की महावीर एन्क्लेव की बंगली कॉलोनी में रहने वाले सुरेश मल्होजा और उनकी पत्नी मीना मल्होजा से।

सुरेश मल्होजा 66 साल के हैं। उनका बिजनेस है और अब भी वह अपने बिजनेस को मैनेज कर रहे हैं। इसलिए थोड़ी बहुत इनकम हो जाती है। लेकिन जीएसटी और अन्य तरह की इतनी औपचारिकताओं के बीच बिजनेस चलाना काफी मुश्किल होता जा रहा है। बढ़ती उम्र के साथ सेविंग न के बराबर होती है। मल्होजा खुद को लकी मान रहे हैं कि किसी तरह बिजनेस मैनेज कर पा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस उम्र में एक सेल्फ रिस्पेक्ट होती है। ऐसे में बजट में हम यही उम्मीद कर रहे हैं कि बुजुर्गों के लिए कुछ ऐसी स्कीम आए कि वह सम्मान के साथ अपनी जिंदगी जी सकें। उन्हें किसी के सामने हाथ न फैलाना पड़े। जिस तरह से महंगाई बढ़ रही है उनके लिए सीमित इनकम, बढ़ती महंगाई और टैक्स के बोझ तले गुजारा मुश्किल हो रहा है। खाने पीने की चीजें लगातार महंगी हो रही हैं। 6 या 7 प्रतिशत ब्याज दर पर आज के दौर में कुछ नहीं होता। इस उम्र में खुद को स्वास्थ्य रखना जरूरी होता है और इसके लिए अच्छा खान पान काफी अहम है। अच्छे खान पान से आपकी सेहतें का बजट बढ़ जाता है। ट्रांसपोर्ट काफी महंगा हो गया है। पहले ट्रेनों में सीनियर सिटिजन को कनसेशन मिलता था, अब वह कोविड के बाद से बंद कर दिया गया है। सीनियर सिटिजन को सेविंग स्कीम पर थोड़ा अधिक इंटरेस्ट दिया जा रहा है, लेकिन जो इंटरेस्ट मिल रहा है उस पर टीडीएस काटा जा रहा है। टीडीएस की मार बहुत अधिक है। इसके बाद भी सेविंग स्कीम से मिले उन्हीं पैसों को कहीं खर्च किया जो उन वस्तुओं पर भी टैक्स देना पड़ रहा है। हेल्थ के लिए जो सरकारी स्कीमें हैं डिस्पेंसरियां हैं वहां जाना बहुत पीड़ादायक होता है। सुबह चार बजे से लाइनें लग जाती हैं। एक बेसिक टेस्ट करवाने के लिए पूरा दिन लगता है। बुजुर्गों का हेल्थ इंश्योरेंस या तो होता नहीं या बहुत महंगा होता है।

सुरेश मल्होजा और उनकी पत्नी मीना मल्होजा, महावीर एन्क्लेव

बिजनेस | इनकम ₹1.5 लाख रुपये

मेडिकल	घर का खर्च	ट्रांसपोर्ट
4-5 हजार महीना	45-50 हजार महीना	8-10 हजार महीना

बचत कुछ नहीं | अन्य खर्च 25 हजार

स्टूडेंट्स | शिक्षा और रोजगार में मिले मदद

'स्टूडेंट्स के लिए मिलें सस्ते हॉस्टल और रेंटल हाउसिंग'

Katyayani.Upreti@timesofindia.com

उच्च शिक्षा और रिसर्च के लिए जीडीपी का बड़ा हिस्सा आवंटित किया जाए

■ **दिल्ली यूनिवर्सिटी** के पीएचडी स्टूडेंट अमित कुमार देश के बजट में एजुकेशन के लिए एक बड़े हिस्से की चाहत रखते हैं। साथ ही, रोजमर्रा की जिंदगी की जरूरतें कुछ सस्ती हों, इसे लेकर भी उन्हें उम्मीदें हैं। अमित की स्टूडेंट लाइफ के खर्च उनकी स्कॉलरशिप पूरी करती है। वह कहते हैं, दिल्ली के महंगे किराए और रहन-सहन के बीच कोशिश रहती है कि इससे ही खर्च पूरा हो जाए।

विजय नगर में एक कमरे में किराए में रह रहे पीएचडी स्टूडेंट अमित का यह फोर्थ ईयर है। वह कहते हैं, यूजीसी से नेट जेआरएफ मिल रही है, जो 47 हजार रुपये है। सबसे पहले 10 हजार रुपये किराया में चला जाता है। कुकिंग खुद नहीं करता हूं, तो कैंटीन और बाहर खाने-पीने का खर्च 8-10 हजार रुपये आ ही जाता है। उत्तर प्रदेश से दिल्ली पढ़ने आए सचिन का कहना है, ट्रांसपोर्ट में 5-10 हजार रुपये लग जाते हैं, कभी महीने में एक बार घर जाना हुं या रिसर्च ट्रिप पर। वाईफाई, मोबाइल, किताबें समेत बाकी और भी कई छोटे-मोटे खर्च बीच-बीच में निकल जाते हैं, तो पढ़ाई से लेकर दवाई का खर्च 3 से 5 हजार रुपये तक हो जाता है। कोशिश करता हूं कि फेलोशिप का 10-20% बच जाएं मगर कई बार पारिवारिक या व्यक्तिगत खर्चे निकल आते हैं, तो किसी महीने 3-4 हजार रुपये बचते हैं, तो कभी कुछ नहीं बचता।

पुनिया बजट में एजुकेशन का हिस्सा अमित को कम लगता है। वह कहते हैं, अभी जीडीपी का करीब 3-4 % ही शिक्षा पर खर्च होता है, जो बहुत कम है। शिक्षा किसी भी देश की नींव होती है, इसे 8 10% तक लाना चाहिए। साथ ही, रिसर्च और इनोवेशन के लिए बजट और फेलोशिप भी बढ़नी चाहिए। इसके अलावा, रोजगार को लेकर भी अच्छा फोकस जरूरी है, देश के युवा को नौकरी चाहिए। वर्षों से खाली पड़ी पोस्ट भरना बेहद जरूरी है। रेगुलर भर्तियां होंगी, तो ही स्टूडेंट्स को भरोसा मिलेगा। आज पीएचडी कर रहे कई स्टूडेंट्स इसलिए असमंजस में हैं क्योंकि परमानेंट जॉब का रास्ता साफ नहीं दिखता।

स्टूडेंट्स को राहत मिले, इसके लिए अमित का मानना है कि नए हॉस्टल और रेंटल हाउसिंग के लिए बजट में स्कीम होनी चाहिए।

अमित कुमार, पीएचडी स्टूडेंट, विजय नगर

स्टडी | इनकम ₹47 हजार (फेलोशिप)

पढ़ाई	घर का खर्च	ट्रांसपोर्ट
4-5 हजार महीना	10-12 हजार महीना	5-10 हजार महीना

बचत 3-5 हजार | अन्य खर्च 5-7 हजार

वर्किंग कपल | के लिए बजट में आए विशेष योजनाएं

'हम जैसे भारी टैक्स चुकाने वालों को भी मिले बेहतर सरकारी सपोर्ट सिस्टम'

Prachi.Yadav@timesofindia.com

बच्चों की महंगी स्कूल फीस पर टैक्स में विशेष राहत मिलनी चाहिए

■ **सरकार जब** भी बजट बनाती है तो सबसे ज्यादा ख्याल गरीबों का रखती है, पर हम जैसे लोगों का क्या, जिन्होंने सारी जिन्दगी पढ़ाई की, दिन-रात मेहनत कर रहे हैं, और प्राउड टैक्सपेयर (नियमित रूप से टैक्स भरने वाले), हैं, उनका कोई ख्याल नहीं रखा जाता।' बजट को लेकर यह शिकायत गीतांजलि त्रिपाठी की है, जो एक बड़े नामी ग्रुप की कंपनी में मैनेजर लेवल के पद पर हैं और अपर मिडिल क्लास से ताल्लुक रखती है।

वेस्ट दिल्ली के हरि नगर इलाके में रहने वाली गीतांजलि खुद तो एक ऊंचे पद पर कार्यरत हैं हीं, उनके पति भी प्राइवेट सेक्टर की एक बड़ी कंपनी में वाइस प्रेसिडेंट हैं। दोनों की आय मिलाकर चार लाख रुपये महीना है। अब आप ज्यादा है तो उस हिसाब से उनके खर्चे भी कम नहीं होने चाहिएं।

गीतांजलि के बताए मुताबिक, उनके दो बच्चे हैं और दोनों अभी स्कूल में पढ़ रहे हैं। घर में एक फुल टाइम डोमेस्टिक हेल्प है, जो 20 हजार रुपये महीना लेती है। इसके अलावा, एक ड्राइवर भी है। आगे के खर्चों का जोड़ देते हुए उन्होंने कहा, मैं रोजाना नोएडा ट्रैवल करती है और पति गुड़गांव। दोनों की गाड़ियों के फ्यूल का खर्च ही 25 हजार रुपए महीना है। बेटा 11वीं क्लास में है, जो स्कूल के साथ तीन प्राइवेट ट्यूशन भी ले रहा है। स्कूल फीस और ट्रांसपोर्ट का खर्च अलग से। इसके हिसाब से एक बच्चे पर ही इनका लगभग 50 हजार रुपये महीने का खर्च है। बचत या निवेश के सवाल पर गीतांजलि ने बताया कि उन्होंने नेशनल पेंशन स्कीम (NPS) और पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (PPF) स्कीम ले रखी है। कुछ म्यूचुअल फंड्स और एक एलआईसी है। इसके अलावा घर का लोन भी चल रहा है, जिसकी 50 हजार रुपये की EMI जा रही है। वह कहती हैं कि इन सबके बाद मुश्किल से 50 से 80 हजार रुपए महीना ही बच पाते हैं।

गीतांजलि के शब्दों में, हम लोग मिस क्लास(वर्ग) में आते हैं, उनके लिए बजट में कुछ नहीं होता। जो भी सरकारी योजनाएं हैं, वो गरीब या गरीबी रेखा से नीचे वाले लोगों के लिए है। हालांकि, मुझे इस पर कोई आपत्ति नहीं है, पर हम जैसे लोगों के लिए भी कोई सपोर्ट सिस्टम होना चाहिए। हेल्थ में ही देखिए, हमें खुद के लिए हेल्थ इंश्योरेंस में TPA लेना पड़ता है, प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस कराने पड़ते हैं। बच्चों की पढ़ाई में कोई मदद नहीं है। बावजूद इसके कि हम अपनी आय का 33% टैक्स के रूप में सरकार को दे रहे हैं। सरकार ऐसे लोगों के लिए भी कुछ योजनाएं लेकर आए, खासकर जहां महिला और पुरुष दोनों कमाते हों और दोनों बराबर टैक्स भरते हों, ताकि ज्यादा लोग टैक्स भरने के लिए आगे आएं।

गीतांजलि त्रिपाठी और उनका परिवार, हरि नगर

अपर मिडिल क्लास | इनकम दंपती ₹4 लाख महीना

एजुकेशन	किचन खर्च	फ्यूल महीना	मेडिकल
1 लाख महीना (दोनों बच्चों का)	30,000	25000	5000

बचत	इंवेस्टमेंट	होम लोन इंस्टॉलमेंट
60-80 हजार महीना	NPS, PPF, म्यूचुअल फंड, LIC	50,000 महीना

जॉइंट फैमिली | रसोई और पढ़ाई के खर्चों से मिले राहत

'सस्ती शिक्षा, सुलभ इलाज और निवेश के मौके बढ़ें, ताकि घर चलाना हो आसान'

Poonam.Gaur @timesofindia.com

सीनियर सिटिजन को टैक्स में मिले राहत, हेल्थ सर्विसेज बेहतर हो

■ **महंगाई चीले** कुछ सालों में इस कदर बढ़ गई है कि पहले सेविंग बंद हुई और अब घर का खर्च चलाना मुश्किल हो रहा। महावीर एन्क्लेव में रहने वाली जॉइंट फैमिली को इस बजट से काफी उम्मीदें है। गौड़ फैमिली का कहना है कि सेविंग कुछ हो नहीं पाती, जबकि एजुकेशन के साथ ज्ञान पान व अन्य जरूरी चीजें पर महंगाई तेजी से बढ़ती जा रही है।

तीन भाइयों के इस परिवार में सबसे बड़े भाई रामचंद्र गौड़, श्याम सुंदर गौड़, सुभाष गौड़, इनकी पत्नियां कांता गौड़, शांति गौड़, उर्मिला गौड़ शामिल है। चार बच्चे हैं जिसमें तीन नौकरीपेशा और एक स्टूडेंट है। रामचंद्र और श्याम सुंदर प्राइवेट नौकरी से रिटायर हो चुके हैं। इनकम का अब कोई सोर्स नहीं है। नौकरी के दौरान की गई बचत पर निर्भर है। वहीं सुभाष गौड़ शिक्षक हैं। तीन बच्चे निखिल, अंकित और अंकिता जॉब करते हैं। वहीं श्रेयर गौड़ ने इसी साल बेंटेक में एडमिशन लिया है। हायर स्टडीज अपने आप में मिडिल क्लास फैमिली के लिए बहुत महंगी है।

सुभाष गौड़ ने बताया कि महंगाई के दौर में बजट से काफी उम्मीदें है। 10 लोगों का यह परिवार एक साथ रह रहा है। पूरे परिवार की इनकम करीब पांच लाख रुपये है। गौड़ परिवार ने बताया कि महंगाई काफी तेजी से बढ़ी है। खास तौर पर रसोई, ट्रांसपोर्ट, एजुकेशन और मेडिकल का खर्च महंगा हुआ है। इसकी वजह से परिवारों पर आर्थिक बोझ करीब 20 से 25 प्रतिशत तक बढ़ गया है। यही वजह है कि सेविंग बीते कुछ सालों से बंद हो गई है। इमरजेंसी या बीमारियों के बारे में सोच कर हेल्थ इंश्योरेंस लिया है। यह भी काफी महंगा है। सस्ता हेल्थ इंश्योरेंस इमरजेंसी में किसी काम का नहीं रहता।

सुभाष के अनुसार जितना कम रहे है उतना बड़ा हिस्सा रोजमर्रा के खर्चों, इंश्योरेंस की किश्तों, एजुकेशन और इलाज में चला जाता है। बजट में कम से कम हेल्थ सेक्टर में मध्यम वर्ग को राहत देनी चाहिए। वहीं टैक्स स्लैब में भी उन्हें राहत की उम्मीद है। घर के युवा सदस्य अंकित ने बताया कि न्यू टैक्स रिजिम में 12 लाख पर टैक्स में छूट है। लेकिन इससे युवा इनवेस्टमेंट नहीं कर पा रहे है।

कुछ ऐसी पॉलिसी होनी चाहिए कि युवा अपने भविष्य के लिए कुछ बचत कर सकें। कुछ इनवेस्टमेंट कर सके। वहीं रामचंद्र गौड़ ने कहा कि सीनियर सिटीजन को टैक्स आदि में भी ज्यादा रियायत मिले। उन्होंने पहले ही पूरी जिंदगी टैक्स दिया होता है। इस समय उनके पास कमाई नहीं होती। जबकि स्वास्थ्य सर्विसेज की सबसे अधिक जरूरत होती है। खाने पीने के सामान और दवाइयों और मेडिकल इंश्योरेंस आदि पर जीएसटी की दरें और कम होनी चाहिए।

रामचंद्र गौड़ और उनका संयुक्त परिवार, महावीर एन्क्लेव

नौकरी | इनकम दंपती ₹5 लाख महीना

एजुकेशन	किचन-घर	ट्रांसपोर्ट	मेडिकल
30,000	1.5 लाख महीना	50 हजार महीना	1 लाख महीना

बचत कुछ नहीं | अन्य खर्च 1 लाख

CCI NG 3.7 Product: NBTDelhiBS PubDate: 01-02-2026 Zone: Mahanagar Edition: 1 Page: NBTMAH07 User: cci Time: 01-31-2026 23:17 Color:

मारपीट के लिए मांगी थी माफी, फिर भी ली जान

कमांडो काजल मर्डर: भाई ने कहा, उस दिन आरोपी को छोड़ देती तो आज जिंदा होती

■ नवीन निश्चल, नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल के SWAT सेक्शन में तैनात रही महिला कमांडो काजल की हत्या मामले में गिरफ्तार पति अंकुर 14 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेजा जा चुका है। काजल के परिवारवालों के अनुसार काजल की दोस्ती अंकुर से पहले उसकी बहन से हुई थी। फिर अंकुर भी काजल से बातचीत करने लगा। पता चला है कि जब काजल और अंकुर ने शादी करने की बात परिवारवालों से कही तो अंकुर की उसी बहन ने इसका विरोध किया था। फिर बाकी परिवारवालों ने भी विरोध करना शुरू किया था।

आरोपी पति अंकुर को न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेजा जा चुका है

बड़े भाई निश्चल ने बताया कि शादी के बाद जब काजल के बच्चे का जन्म हुआ और दिल्ली के विपिन गार्डन में फ्लैट लिया तो पहली बार 2025 में अंकुर ने काजल पर हाथ उठाया था। तब निश्चल हरियाणा से दिल्ली आ गया। वह काजल को हरियाणा चलने के लिए कई बार बोला। लेकिन इसी बीच अंकुर पैर पकड़कर माफी मांगने लगा। बेटे की कसम खाकर बोला अब कभी दुबारा नहीं होगा। काजल के मायके वाले यही कह रहे हैं कि काश उस दिन भी वह मान जाती और अंकुर का साथ छोड़कर वापस आ जाती तो उनकी बेटी आज जिंदा होती।

ट्रक ने स्कूटी सवारों को रौंदा, एक की मौत

■ **NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली :** कापसहेड़ा इलाके में एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कूटी सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने एक को मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान संजय कुमार के रूप में हुई है। जबकि घायल दूसरे युवक का इलाज चल रहा है। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर लेकर फरार हो गया। पुलिस केस दर्ज कर आरोपी ड्राइवर की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार 28 जनवरी की दोपहर पीसीआर कॉल मिली थी कि समालखा रेड लाइट के पास एक ट्रक ने स्कूटी सवार दो युवकों को टक्कर मार दी है। पुलिस को घटनास्थल पर युवक घायल हालत में मिला। पता चला एक अन्य घायल युवक को एंबुलेंस इंदिरा गांधी अस्पताल ले गई है। अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि पहले लाए गए युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया है। जिसकी पहचान संजय कुमार के रूप में हुई। जबकि घायल की पहचान मनीष के रूप में हुई है।

मकान की छत गिरी, एक घायल

NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली: संगम विहार इलाके में शनिवार दोपहर एक निर्माणाधीन मकान की छत अचानक भरभराकर गिर गई। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना में एक शख्स घायल हो गया। पुलिस ने घायल को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई। घायल की पहचान दिनेश (40) के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। दमकल विभाग के मुताबिक, शनिवार दोपहर करीब 2:30 बजे कंट्रोल रूम को जानकारी मिली कि संगम विहार इलाके में एक मकान की छत गिर गई है और कई लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। इसके बाद दमकल विभाग की 4 गाड़ियों को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया।

संगम विहार इलाके में हुई दुर्घटना

भावपूर्ण श्रद्धांजलि

हम अपनी आदरणीया की आत्मा की
शाश्वत शांति के लिए स्मरण एवं प्रार्थना करते हैं।

श्रीमती विद्या देवी जैन

(14 सितम्बर, 1943 – 30 जनवरी, 2026)

धर्मपत्नी स्व. श्री गणेशी लाल जैन

आपकी स्नेहमयी छवि एवं प्रेम सदैव हमारे हृदय में जीवंत रहेंगे।

उठावनी

कृपया प्रार्थना सभा में सम्मिलित होकर
दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करें।

1 फरवरी, 2026

रविवार | दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे तक

जेडब्ल्यू मैरियट (गेट नं. 3)

एयरोसिटी, नई दिल्ली

शोकाकुल

एस.के. जैन और सीमा जैन (देवर एवं देवरानी)
राज कुमार और मधु जैन (पुत्र एवं पुत्रवधू)
योगेश और दिव्या जैन (पुत्र एवं पुत्रवधू)
वंदना और किशोर जैन (पुत्री एवं दामाद)
सजल और पिंकी जैन (भतीजा एवं भतीजा वधू)
कनिष्का और अक्षय खेमका (नातिन एवं नाती दामाद)
ऋषभ और इशिता जैन (नाती एवं नातिन वधू)
हर्ष और एशा जैन (नाती एवं नातिन वधू)
सम्यक जैन (नाती)
जियाना खेमका (परनातिन)
रॉय और जयवीर जैन (परनाती)

एवं समस्त

महक परिवार

संवेदना के लिए स्कैन करें

Disclaimer: The images, appearances, areas, colours, fitting, fixtures, furnitures & interior etc. given herein are mere artistic impressions for reference purposes only and do not constitute an offer, an invitation to offer and/or commitment of any nature between the promoter and the recipient/allottee. The data/information herein is intended to give a general understanding of the subject matter and is subject to change without any prior notice. Readers are therefore requested to verify all details, including area, amenities, services, terms of sale and payment schedule and other relevant terms independently with the promoter before arriving at any decision to buy any unit in the said project. The binding offering shall be governed by the terms and conditions of the Agreement for Sale only. Our official website is www.adanirealty.com and phone no is 1800-108-0009. In no event will the Promoter be liable for any claim made by the reader including seeking any cancellation and or/withdrawal for any of the inaccuracies in the information provided in the advertisement, though all efforts have been made to ensure accuracy. We also do not hold any responsibility for any information provided by any broker/channel partner/property dealer or made available on any website/email communication other than the official website/email/correspondence. [1 m² = 10.764 sq. ft., 1 m² = 1.196 sq. yd.]. *T&C Apply.

NOTE : -

[: राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi,]

English NEWSPAPERS
[Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi] ETC.

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye Newspaper_pdf_bot par jaye.

Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot
Or type in Search box of Telegram
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
BACKUP GROUP LINK
https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1

Hindi-English News Paper
Website:- onlineftp.in